MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MINI SO
Please visit store nearest to you at these locations :
IRRUMMANZIL (L&T MALL)
MOOSARAMBAGH (L&T MALL)
KOMPALLY (TNR PLAZA)

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2026-28 | बुधवार, 25 मार्च, 2026 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु.| वर्ष-8 | अंक-81



श्री महावीर जैन सेवा संघ त्रयनगर, तेलंगाना द्वारा आयोजित
2625 वाँ भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 2026
मंगलवार दिनांक 31 मार्च 2026 को प्रात: 9.30 बजे समकित गेस्ट हाउज़ हनुमान मंदिर के समीप ताड़बन्द से गाजे बाजे के साथ प्रारंभ होकर इम्पीरियल गार्डन पहुँचेगी। (अल्पाहार की व्यवस्था रखी गई है) तत्पश्चात प्रात: 10.30 बजे भ. महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव गुरु भगवंतो के सान्निध्य में इम्पीरियल गार्डन, सिकन्दराबाद में बडे हेर्षाउल्लास के साथ मनाया जायेगा।
कार्यक्रम के पश्चात मध्याह्न 12.36 बजे स्वामीवात्सल्य का आयोजन रखा गया है।
विनीत : श्री महावीर जैन सेवा संघ, कोर कमेटी, त्रयनगर, तेलंगाना
प्रदीप सुराणा, पारस रांका, महावीर तातेड़, किशोर मुथा, जय प्रकाश मखाना, विजय सुराणा, नेमी मखाणा, पवन पाण्ड्या, सुरेश बोहरा
अशोक हरण, धर्मेन्द्र समदरिया, कैलाश माण्डोत, अशोक नाहर, सुधीर सेठिया, प्रविण मखाणा, दिलीप डागा, घेवर कोठारी

# नरेंदर ही धुरंधर

## ट्रंप ने ईरान युद्ध पर मोदी से की बात, होर्मुज पर साझा रणनीति




**नयी दिल्ली , 24 मार्च (एजेंसियां)।**
ईरान पर 28 फरवरी को हुए अमेरिकी-इजरायली हमलों के बाद पहली बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच फोन पर बातचीत हुई। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत महत्व-पूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने पर चर्चा की।

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच फोन पर बातचीत हुई, जिसमें क्षेत्रीय सुरक्षा और समुद्री मार्गों की सुरक्षा प्रमुख मुद्दे रहे। दोनों देशों ने माना कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए जीवनरेखा है और इसका खुला रहना आवश्यक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने संसद और सार्वजनिक मंचों पर स्पष्ट कहा है कि नागरिक जहाजों और व्यावसायिक नौवहन पर किसी भी प्रकार का हमला स्वीकार्य नहीं है।

उन्होंने बातचीत के बाद भी कहा कि भारत तनाव कम करने, शांति बहाल करने और होर्मुज मार्ग को सुरक्षित व सुलभ बनाए रखने के पक्ष में है।

ईरान संकट के दौरान भारत संतुलित रणनीति अपनाते हुए एक ओर अमेरिका से संवाद बनाए हुए है, वहीं दूसरी ओर ईरान के साथ भी संपर्क बनाए रखकर भारतीय जहाजों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है। ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक सप्लाई चेन पर पड़ने वाले संभावित प्रभाव को देखते हुए भारत स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

इस संघर्ष को लगभग एक माह होने जा रहा है। 28 फरवरी 2026 को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद क्षेत्र में तनाव लगातार बना हुआ है, जिससे वैश्विक राजनीति और तेल बाजार दोनों प्रभावित हुए हैं।

## सऊदी चाहता है जंग का नतीजा




मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष के बीच यह दावा किया गया है कि सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से ईरान पर सैन्य कार्रवाई जारी रखने और वहां की मौजूदा सरकार को हटाने की बात कही। हालांकि सऊदी सरकार ने इन दावों से इनकार करते हुए कहा है कि वह अब भी संकट का शांतिपूर्ण समाधान चाहती है।

कुछ अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि सऊदी नेतृत्व ईरान को खाड़ी क्षेत्र के लिए खतरा मानता है और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए सत्ता परिवर्तन को जरूरी समझता है।

लेकिन सऊदी सरकार ने स्पष्ट किया कि उसकी आधिकारिक नीति युद्ध को फैलाने के बजाय कूटनीतिक समाधान तलाशने की है। राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका और ईरान के बीच कई मुद्दों पर सहमति बनी है और उन्होंने ईरान के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर संभावित हमले को पांच दिनों के लिए टाल दिया है।

## ईरान को अमेरिका पर नहीं, भारत पर पूरा भरोसा



मध्य-पूर्व में जारी युद्ध के बीच ईरान ने अमेरिका पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि वॉशिंगटन पर भरोसा नहीं किया जा सकता और उसने क्षेत्रीय तनाव कम करने की कोशिशों को नुकसान पहुंचाया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माइल बघाई ने स्पष्ट किया कि पिछले 24 दिनों में ईरान और अमेरिका के बीच कोई प्रत्यक्ष वार्ता नहीं हुई है। प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि अमेरिका इस संघर्ष को पूरे क्षेत्र में फैलाने की कोशिश कर रहा है और यह युद्ध अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अवैध है। उन्होंने कहा कि ईरान ने यह युद्ध शुरू नहीं किया, लेकिन उस पर लगातार हमले हो रहे हैं, जिसके चलते उसे आत्मरक्षा का अधिकार है। ▶10 पर

# हो जाओ तैयार साथियों...

## प्रधानमंत्री ने पश्चिम एशिया संकट के गहराने की आशंका जताई

**नयी दिल्ली , 24 मार्च (एजेंसियां)।**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट का असर लंबे समय तक जारी रहने की आशंका जाहिर करते हुए मंगलवार को कहा कि देश को हर तरह की चुनौती के लिए तैयार रहना चाहिये और सरकार पूरी गंभीरता से रणनीति बना रही है।

श्री मोदी ने राज्यसभा में भोजनावकाश के बाद पश्चिम एशिया की स्थिति पर एक वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि इस युद्ध ने पूरी दुनिया में गंभीर ऊर्जा संकट पैदा कर दिया है। भारत के लिए भी यह स्थिति चिंताजनक है। व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। पेट्रोल, डीजल, गैस और उर्वरकों जैसे जरूरी सामानों की आपूर्ति




प्रभावित हो रही है। उन्होंने खाड़ी देशों में रहने वाले करीब एक करोड़ भारतीयों के लेकर भी चिंता जाहिर की और बताया कि अब तक खाड़ी देशों से तीन लाख 75 हजार लोगों को निकाला गया है जिसमें ईरान से निकाले गये एक हजार से अधिक भारतीय भी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, इस युद्ध को लेकर पल-पल में हालात बदल रहे हैं। इसलिए मैं देशवासियों से कहूंगा कि हमें हर चुनौती के लिए तैयार रहना ही होगा। इस युद्ध के दुष्प्रभाव लंबे समय तक रहने की प्रबल आशंका है। मैं देशवासियों को भरोसा देता हूं कि सरकार सतर्क है, तत्पर है और पूरी गंभीरता से रणनीति बना रही है, हर निर्णय ले रही है।देश की संसद के ऊपरी सदन से शांति की एकजुट आवाज की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि भारत सभी देशों के साथ लगातार संपर्क में हैं। सरकार का उद्देश्य वार्ता और कूटनीति के माध्यम से क्षेत्र में शांति बहाली का है।

### आश्वासनों के बावजूद अफरा-तफरी

# पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें

**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**



शहर में एलपीजी सिलेंडर और ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति के सरकारी आश्वासनों के बावजूद, घबराए हुए नागरिक एलपीजी वितरक कार्यालयों और ईंधन स्टेशनों (पेट्रोल बंक) पर लंबी कतारें लगा रहे हैं। सोमवार रात से ही शहर के ऑटो एलपीजी स्टेशनों और पेट्रोल पंपों पर ईंधन की कमी की खबरों के बाद वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं।

फलकनुमा रोड स्थित एक पेट्रोल पंप पर इंतजार कर रहे बंजारा कॉलोनी के निवासी रमेश नायक ने शिकायत करते हुए कहा, मैं अपनी बारी के लिए आधे घंटे से इंतजार कर रहा हूं। कल रात, भीड़ के कारण प्रबंधन ने स्टेशन बंद कर दिया था। आज जब काम फिर से शुरू हुआ, तो यहाँ फिर से भारी भीड़ जमा हो गई है। ईंधन स्टेशनों पर स्थिति पूरे शहर में एक जैसी थी, जिसमें अंबरपेट, अत्तापुर, चंदा नगर, कूकटपल्ली, मुगलपुरा, बहादुरपुरा, कंचनबाग, उप्पल और अलवाल शामिल हैं। मेहंदीपट्टनम के एक व्यवसायी मोहम्मद अशरफ ने बताया, आमतौर पर पेट्रोल पंप पर ईंधन लेने में लगभग पांच मिनट लगते हैं, लेकिन आज 45 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। लोग अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल करवा रहे हैं, और लंबी प्रतीक्षा अवधि का यह भी एक कारण हो सकता है।
▶10 पर

# राणा को सम्मानजनक 'इच्छामृत्यु'

**नयी दिल्ली/गाजियाबाद, 24 मार्च (एजेंसियां)।**



पंजाब यूनिवर्सिटी के बीटेक छात्र हरीश राणा की जिंदगी 2013 में हुए एक दर्दनाक हादसे के बाद पूरी तरह बदल गई थी। हॉस्टल की चौथी मंजिल से गिरने के कारण उनके सिर में गंभीर चोट आई और वह परसिस्टेंट वेजिटेटिव स्टेट में चले गए। इसके बाद से वह 13 वर्षों तक गहरे कोमा में रहे और गाजियाबाद स्थित अपने घर पर कृत्रिम पोषण व ऑक्सीजन सपोर्ट के सहारे जीवन यापन करते रहे। हरीश की स्थिति में वर्षों तक कोई सुधार न होने पर उनके परिजनों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने मानवीय आधार पर उन्हें पैसिव यूथेनेशिया की अनुमति दे दी। इसके बाद 14 मार्च को उन्हें दिल्ली स्थित एम्स के डॉ. बी.आर. अंबेडकर कैंसर अस्पताल की पैलिएटिव केयर यूनिट में भर्ती कराया गया। कोर्ट के निर्देशानुसार डॉ. सीमा मिश्रा के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक विशेषज्ञ टीम बनाई गई, जिसमें न्यूरोसर्जरी, एनेस्थीसिया और मनोरोग विभाग के चिकित्सक शामिल थे। मेडिकल प्रोटोकॉल के तहत हरीश को दी जा रही कृत्रिम पोषण व्यवस्था को धीरे-धीरे बंद किया गया ताकि उनकी मृत्यु बिना कष्ट के और पूरी गरिमा के साथ हो सके। हरीश राणा का मामला भारत में पैसिव यूथेनेशिया से जुड़े सबसे महत्वपूर्ण और दुर्लभ मामलों में गिना जा रहा है। ▶10 पर

### रेलवे ने बदले टिकट कैंसिलेशन और बोर्डिंग नियम

# अब 8 घंटे पहले रद्द करने पर ही रिफंड

**नयी दिल्ली , 24 मार्च (एजेंसियां)।**
भारतीय रेलवे ने यात्रियों के लिए टिकट कैंसिलेशन और बोर्डिंग स्टेशन से जुड़े नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। नए नियमों के तहत अब ट्रेन छूटने से कम से कम 8 घंटे पहले टिकट रद्द करने पर ही पूरा रिफंड मिलेगा, जबकि पहले यह सीमा 4 घंटे थी। यह बदलाव 1 से 15 अप्रैल 2026 के बीच चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि टिकट कैंसिलेशन की समय सीमा बढ़ाने का उद्देश्य एजेंटों और दलालों द्वारा टिकटों की जमाखोरी पर रोक लगाना है। पहले दलाल बड़ी संख्या में टिकट बुक




कर लेते थे और ग्राहक न मिलने पर ट्रेन छूटने से ठीक पहले उन्हें कैंसिल कर देते थे, जिससे उन्हें रिफंड मिल जाता था। अब 8 घंटे की अनिवार्यता से इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगने की उम्मीद है।नए नियमों के अनुसार, यदि कोई यात्री ट्रेन प्रस्थान से 24 घंटे से लेकर 8 घंटे के बीच टिकट रद्द करता है, तो उसे किराए का 50% ही वापस मिलेगा।8 घंटे से कम समय पहले टिकट रद्द करने पर सामान्य स्थिति में कोई रिफंड नहीं मिलेगा। रेल मंत्रालय ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बोर्डिंग स्टेशन बदलने की समय सीमा बढ़ा दी है। अब यात्री ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान समय से 30 मिनट पहले तक अपना बोर्डिंग पॉइंट बदल सकेंगे। ▶10 पर



# पेंटागन में अखबारों और चैनलों के कार्यालय होंगे बंद, अमेरिकी रक्षा विभाग का फैसला

**वाशिंगटन, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन में स्थित अखबारों और चैनलों (मीडिया) के कार्यालयों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का फैसला किया गया है । इसे पेंटागन प्रेस आपरेशंस (पीपीओ) के नाम से जाना जाता रहा है। रक्षा विभाग ने पेंटागन इमारत के अंदर स्थित मीडिया कार्यालयों को हटाने के साथ पत्रकारों के लिए नई क्रेडेंशियल नीति लागू करने की घोषणा की है। पेंटागन ने यह फैसला एक फेडरल जज के एक मुकदमे में द न्यूयार्क टाइम्स का पक्ष में फैसला आने के बाद लिया। इस मुकदमे में रिपोर्टरों के बिल्डिंग में आने-जाने पर लगाई गई पाबंदियों को चुनौती दी गई थी।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा विभाग के प्रवक्ता शान पार्नेल ने बताया कि पेंटागन का एक इलाका जिसे कारेस्पोंडेंट्स कारिडोर के नाम से जाना जाता है। इसका इस्तेमाल रिपोर्टर दशकों से अमेरिकी सेना की खबरें कवर करने के लिए करते आ रहे हैं, उसे तुरंत बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पत्रकार बाद में बिल्डिंग के बाहर बने एक एनेक्स (अतिरिक्त भवन) से काम कर पाएंगे। यह भवन तैयार होने पर उपलब्ध होगा। उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी कि इसमें कितना समय लगेगा।

द न्यूयार्क टाइम्स ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह फैसला जज के आदेश का उल्लंघन है और असंवैधानिक है। टाइम्स के प्रवक्ता चार्ली स्टैडलैंडर ने कहा, हम दोबारा अदालत जाएंगे। पेंटागन प्रेस एसोसिएशन ने इस नीति को पिछले हफ्ते आए फैसले की भावना का साफ उल्लंघन बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, पत्रकारों को अभी भी प्रेस कान्फ्रेंस और साक्षात्कारों के लिए पेंटागन के अंदर जाने की अनुमति होगी, लेकिन अब उन्हें एस्कार्ट (सुरक्षा घेरे) के साथ जाना पड़ सकता है। द न्यूयार्क टाइम्स ने ईरान के साथ चल रहे युद्ध और वेनेजुएला में हाल ही में हुए अमेरिकी आपरेशन का जिक्र करते एक बयान जारी किया है। इसमें कहा गया कि ऐसे नाजुक समय में हम यह सवाल पूछते हैं कि पेंटागन प्रेस की उस जरूरी आजादी पर पाबंदी क्यों लगा रहा है, जो सभी अमेरिकियों को जानकारी देने में मदद करती हैं यह नई नीति राष्ट्रपति ट्रंप के प्रशासन के दौरान प्रेस की पहुंच को लेकर चल रहे विवादों की ताजा कड़ी है। इस प्रशासन ने पारंपरिक मीडिया पर पाबंदियां लगाई हैं, जबकि रूढ़िवादी मीडिया संस्थानों को बढ़ावा दिया है। पिछले साल सीबीएस न्यूज, एबीसी न्यूज, एनबीसी न्यूज, सीएनएनऔर फाक्स न्यूज आदि के रिपोर्टरों ने अपने पेंटागन के पास लौटा दिए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### बांग्लादेश में पूर्व सैन्य अधिकारी मसूद उद्दीन चौधरी गिरफ्तार



**ढाका।** बांग्लादेश में पूर्व सैन्य अधिकारी और फेनी-3 के पूर्व सांसद लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) मसूद उद्दीन चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी गिरफ्तारी बारीधारा इलाके से पुलिस ने की। वे सैन्य समर्थित कार्यवाहक सरकार के दौरान एक प्रमुख हस्ती थे। ढाका मेट्रोपालिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) के प्रमुख शफीकुल इस्लाम ने उनकी गिरफ्तारी की पुष्टि की। रिपोर्ट के अनुसार, इस्लाम ने बताया कि उन पर कम से कम चार मामलों में आरोप थे। उन्हें बारीधारा डीओएचएस स्थित उनके घर से गिरफ्तार किया गया। बताया गया है कि 11 जनवरी, 2007 को जब पूरे देश में आपातकाल घोषित किया गया था तब मसूद सावर में 9 इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल आफिसर कमांडिंग (जीओसी) थे। उन्हें गंभीर अपराधों और भ्रष्टाचार पर राष्ट्रीय समन्वय समिति का मुख्य समन्वयक बनाया गया था। इसके कुछ ही समय बाद, 02 जून, 2008 को उन्हें लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर पदोन्नत किया गया और नेशनल डिफेंस कालेज में नियुक्त किया गया। एक सप्ताह से भी कम समय में उन्हें विदेश मंत्रालय में भेज दिया गया और 08 जून, 2008 को कैनबरा स्थित बांग्लादेश उच्चायोग में नियुक्त किया गया। उन्होंने राजनीति की शुरुआत जातीय पार्टी से की। उन पर एक हत्या के मामले में वारंट था और भ्रष्टाचार व अवैध संपत्ति बनाने के आरोप भी हैं। हाल ही में सीआईडी ने उनके खिलाफ लगभग 100 करोड़ टका की मनी लान्ड्रिंग का मामला भी दर्ज किया है।

### ओमान में अमेरिकी दूतावास की एडवाइजरी– घर में सुरक्षित रहें, बढ़ते तनाव के बीच चेतावनी




**मस्कट।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिकी दूतावास ने ओमान में शेल्टर इन प्लेस यानी जहां हैं वहीं सुरक्षित रहने की एडवाइजरी जारी की है। यह चेतावनी पूरे देश के लिए दी गई है, हालांकि चल रही गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी गई। दूतावास ने अपने सुरक्षा अलर्ट में नागरिकों से कहा है कि वे अपने घर या किसी सुरक्षित इमारत में रहें और अनावश्यक बाहर न निकलें। साथ ही, भोजन, पानी, दवाइयों और अन्य जरूरी सामान का पर्याप्त भंडार रखने की सलाह दी गई है। एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि अगर किसी तरह का हमला होता है तो लोग मलबे या क्षतिग्रस्त स्थानों से दूर रहें और आधिकारिक सूचनाओं के लिए विश्वसनीय समाचार माध्यमों पर नजर बनाए रखें। इससे पहले अमेरिकी विदेश विभाग ने ओमान से गैर-जरूरी सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवारों को देश छोड़ने के निर्देश दिए थे। यह कदम ईरान के साथ अमेरिका-इजराइल संघर्ष शुरू होने के कुछ दिनों बाद उठाया गया था। यह चेतावनी क्षेत्र में बढ़ती अस्थिरता और संभावित खतरों को देखते हुए जारी की गई है। इससे साफ है कि मौजूदा हालात में सुरक्षा एजेंसियां किसी भी अप्रत्याशित स्थिति के लिए सतर्क हैं।

### किसी भी ऐप का नोटिफिकेशन कर सकता है दिमाग को हाईजैक




**लंदन।** सोशल मीडिया या किसी भी ऐप का एक छोटा सा नोटिफिकेशन भी इंसान के दिमाग को कुछ सेकंड के लिए हाईजैक कर सकता है, जिससे काम करने की गति और ध्यान दोनों प्रभावित होते हैं। ताजा अध्ययन की रिपोर्ट में बताया गया है कि स्मार्टफोन नोटिफिकेशन हमारे दिमाग की सीमित संज्ञानात्मक क्षमताओं पर सीधा असर डालते हैं और फोकस को भटका देते हैं। खासतौर पर तब इसका प्रभाव ज्यादा देखा गया, जब यूजर्स को लगता था कि नोटिफिकेशन उनके निजी लक्ष्यों या भावनाओं से जुड़ा हुआ है। रिसर्च के दौरान 180 विश्वविद्यालय के छात्रों पर स्ट्रूप टास्क नामक एक काग्निटिव टेस्ट किया गया। यह एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण है, जो व्यक्ति की फोकस बनाए रखने और विरोधाभासी जानकारी को संभालने की क्षमता को मापता है। इस टेस्ट के दौरान प्रतिभागियों के फोन पर लगातार अंतराल में नोटिफिकेशन भेजे गए। शोधकर्ताओं ने उनके व्यवहारिक और शारीरिक संकेतों जैसे प्रतिक्रिया समय, दिल की धड़कन और आंखों की गतिविधियों का विश्लेषण किया। परिणामों से पता चला कि हर बार नोटिफिकेशन आने पर दिमाग में एक छोटी लेकिन महत्वपूर्ण रुकावट आती है, जिसे ट्रांजिएंट स्लोइंग आफ इंफार्मेशन प्रोसेसिंग कहा गया है। आसान शब्दों में कहें तो नोटिफिकेशन मिलने के बाद लगभग 7 सेकंड तक दिमाग की सूचना प्रोसेस करने की गति धीमी हो जाती है। यह असर भले ही अस्थायी होता है, लेकिन इस दौरान व्यक्ति का ध्यान भटक जाता है और काम की गति प्रभावित होती है। स्टडी में यह भी सामने आया कि केवल स्क्रीन-आन टाइम यह समझने का सही पैमाना नहीं है कि कोई व्यक्ति कितना विचलित हो रहा है। असल में यह ज्यादा महत्वपूर्ण है कि दिनभर में कितनी बार फोन चेक किया जाता है ।

# सऊदी से हर तरह की मदद और समर्थन के बाद भी ईरान को खुश करने में लगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, 24 मार्च (एजेंसियां)।**




पाकिस्तान की विदेश नीति पर हालिया रिपोर्ट ने सवाल उठाए गए हैं। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच स्ट्रैटेजिक म्यूचुअल डिफेंस एग्रीमेंट जैसे रक्षा समझौते मौजूद हैं। इसके बावजूद सऊदी अरब में ईरानी हमलों पर इस्लामाबाद की प्रतिक्रिया नहीं आई है। एक अखबार में छपे लेख में लिखा है कि दशकों से सऊदी अरब की ओर से वित्तीय और रणनीतिक समर्थन मिलने के बावजूद पाकिस्तान ईरान को खुश करने की नीति अपनाए हुए है। लेख में कहा गया है कि यह ध्यान देने योग्य है कि सऊदी अरब और पाकिस्तान के संबंध सात दशकों से भी ज्यादा पुराने हैं। सऊदी सुरक्षा के लिए पाकिस्तानी सैन्य कर्मियों की तैनाती सालों से एक संस्थागत व्यवस्था के रूप में स्थापित रही है। इसके अलावा, सऊदी अरब में लाखों पाकिस्तानी नागरिक काम कर रहे हैं, जो इस्लामाबाद की विदेशी मुद्रा आय में अहम योगदान देते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि ईरान से बार-बार हमलों का सामना करने के बाद सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान ने चेतावनी दी है कि ईरानी आक्रामकता के सामने किंगडम का संयम असीमित नहीं है, जिसका अर्थ है कि सैन्य कार्रवाई अभी भी एक विकल्प हो सकता है। इस बीच अरब और इस्लामिक देशों ने एक संयुक्त बयान में तेहरान से अपनी आक्रामकता रोकने का आग्रह किया है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने 7 मार्च को सार्वजनिक रूप से पश्चिम एशिया के देशों के खिलाफ हुई आक्रामक कार्रवाइयों के लिए माफी मांगी। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान ने खाड़ी देशों पर हमले जारी रखे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि तेहरान का उद्देश्य न केवल इजराइल को नुकसान पहुंचाना है, बल्कि पश्चिम एशिया के देशों की अर्थव्यवस्थाओं को भी उनके अहम अवसंरचना को निशाना बनाकर प्रभावित करना है। युद्ध में सबसे ज्यादा प्रभावित खाड़ी देशों में सऊदी अरब, यूएई और कतर शामिल हैं, जबकि दोहा ने कथित तौर पर हमास, हिज़्बुल्लाह और हूती जैसे ईरानी प्राक्सी समूहों का समर्थन करने में धन खर्च किया है, जिसका उद्देश्य इजराइल पर लगातार दबाव बनाए रखना बताया है। इस बीच, यूएई के उद्योग और उात प्रौद्योगिकी मंत्री सुल्तान अल जाबेर ने चेतावनी दी है कि ऊर्जा अवसंरचना पर हमले उनके संचालन को प्रभावित कर रहे हैं और तनाव बढ़ने पर इसके गंभीर प्रभाव हो सकते हैं ईरान के बढ़ते हमलों के बीच कतर के विदेश मंत्रालय ने कई ईरानी राजनयिकों को अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया है। रिपोर्टों के मुताबिक यूएई में बड़ी संख्या में ईरानी नागरिक, जिनमें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स और बासिज के सीक्रेट मेंबर्स शामिल हैं, सरकार के खिलाफ अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। लेख में यह भी कहा गया है कि ईरानी आपरेटिव्स यूएई, कतर, बहरीन, कुवैत और सऊदी अरब में पाकिस्तानी नागरिकों को भर्ती कर इन देशों और उनके नेतृत्व के खिलाफ आनलाइन प्रोपेगेंडा अभियान चलाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### जंग के बीच खूब पैसा छाप रहा ईरान.....खार्ग टर्मिनल से खूब तेल बेच रहा

**तेहरान।** अमेरिका-इजराइल के साथ जंग के बीच ईरान खूब पैसा छाप रहा है। दरअसल अमेरिका ने खार्ग आइलैंड के पास सैन्य ठिकानों को टारगेट किया, लेकिन ग्लोबल आयल संकट के डर से तेल टर्मिनल को सीधे निशाना नहीं बनाया। इसका फायदा उठाकर ईरान ने खार्ग टर्मिनल चालू रखा और घोस्ट फ्लीट के जरिए चीन को सप्लाई जारी रखी है। एक के मुताबिक, ईरान रोजाना 1.7 से 2 मिलियन (17 से 20 लाख) बैरल तेल एक्सपोर्ट कर रहा है। देश के करीब 90 प्रतिशत तेल का एक्सपोर्ट अभी भी खार्ग टर्मिनल से किया जा रहा है। साउथ पार्स गैस फील्ड पर हमले से एक्सपोर्ट प्रभावित हुआ, लेकिन गैस सप्लाई पूरी तरह बंद नहीं हुई। रिपोर्ट है कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले विदेशी जहाजों से ईरान करीब 16.5 करोड़ रुपए प्रति जहाज वार टैक्स भी वसूल रहा है। ईरान की होर्मुज स्ट्रेट पर पकड़ और लगातार हमलों के कारण सऊदी अरब, कतर, इराक, कुवैत और यूएई जैसे खाड़ी देशों की सप्लाई प्रभावित हुई है। सुरक्षित समुद्री रास्तों की कमी, बढ़ते हमले और लाजिस्टिक्स दिक्कतों के चलते इन देशों का कुल उत्पादन 70 प्रतिशत तक गिर चुका है।

# महिला के शव को लेकर 13 घंटे तक आसमान में उड़ता रहा यात्री विमान



**लंदन, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

हान्गकान्ग से लंदन जा रही ब्रिटिश एयरवेज की एक फ्लाइट में एक दुखद घटना सामने आई, जब टेकआफ के करीब एक घंटे बाद करीब 60 वर्षीय महिला यात्री की मौत हो गई। इसके बाद उनका शव पूरे 13 घंटे की उड़ान के दौरान विमान में ही रखा गया, जिससे यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा।

क्रू मेंबर्स ने पहले शव को टायलेट में रखने पर विचार किया, लेकिन बाद में कंबल में लपेटकर विमान के पीछे स्थित गैली में रख दिया गया। गैली वह जगह होती है जहां फ्लाइट स्टाफ खाना-पीना तैयार करता है और सामान रखता है। चूंकि यह हिस्सा अपेक्षाकृत गर्म था, इसलिए समय के साथ शव से बदबू आने लगी, जिससे पीछे बैठे यात्रियों को परेशानी हुई।

पायलट ने फ्लाइट को बीच में उतारने या वापस लौटने के बजाय लंदन तक जारी रखने का निर्णय लिया। नियमों के अनुसार, ऐसी घटनाओं को हर बार इमरजेंसी नहीं माना जाता, इसलिए आमतौर पर फ्लाइट अपने गंतव्य तक ही जाती है। लंदन पहुंचने पर पुलिस और संबंधित अधिकारियों ने विमान में आकर जांच की और लगभग 45 मिनट तक यात्रियों को सीट पर ही बैठे रहने को कहा गया। एयरलाइन ने अपने बयान में कहा कि उन्होंने सभी नियमों का सही तरीके से पालन किया और वे मृत महिला के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। दरअसल, हवाई यात्रा के दौरान किसी यात्री की मृत्यु होने पर एयरलाइंस इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) की गाइडलाइन्स का पालन करती हैं। सबसे पहले यात्री को बचाने की कोशिश की जाती है, जिसमें सीपीआर देना और डाक्टर की मदद लेना शामिल होता है।

यदि मृत्यु हो जाती है, तब पायलट को सूचित किया जाता है और वह स्थिति के अनुसार निर्णय लेता है। शव को आमतौर पर कंबल या बाडी बैग में लपेटकर खाली सीट या गैली में रखा जाता है, ताकि अन्य यात्रियों को कम से कम असुविधा हो। लैंडिंग से पहले एयरपोर्ट को सूचना दी जाती है, जिससे मेडिकल और सुरक्षा टीम पहले से तैयार रह सके।

### कोलंबिया में वायुसेना का विमान क्रैश



**कोलंबिया।** कोलंबिया में सोमवार को वायुसेना का एक सैन्य विमान उड़ान भरते समय क्रैश हो गया। इस विमान में 100 से ज्यादा सैनिक सवार थे। हादसा दक्षिणी अमेजन क्षेत्र में पेरू सीमा के पास प्यूर्टो लेगुइजामो इलाके में हुआ। रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज के मुताबिक, विमान टेक-आफ के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुआ। उन्होंने बताया कि हादसे में कितने लोग हताहत हुए हैं, इसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है और दुर्घटना के कारणों की भी जांच जारी है। घटना के बाद राहत और बचाव दलों को मौके पर भेजा गया है और स्थिति का आकलन किया जा रहा है। हादसा इतना भीषण था कि विमान में आग लग गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई. कोलंबिया के रक्षा मंत्री के मुताबिक, यह हादसा प्यूर्टो लेगुइज़ामो (पुतुमायो) इलाके में हुआ, जहां विमान उड़ान भरते समय अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान में बड़ी संख्या में सैन्य जवान सवार थे, जिससे इस हादसे की भयावहता और बढ़ गई है। हादसे के बाद विमान में लगी आग ने बचाव कार्य को और मुश्किल बना दिया। घटना के तुरंत बाद सैन्य और राहत टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। घायलों को निकालने और आग बुझाने का काम जारी है। पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। फिलहाल हादसे के कारण साफ नहीं हैं। तकनीकी खराबी, मानवीय चूक या अन्य कारणों की जांच की जा रही है। कोलंबिया के रक्षा मंत्री ने कहा कि पीड़ितों और उनके परिवारों को हर संभव मदद दी जाएगी।

# फोन निर्माण के क्षेत्र में चीन को पछाड़ भारत बना नंबर वन..........अमेरिकी जानकार हुए गदगद

**सिर्फ चार सालों में अमेरिका के लिए स्मार्टफोन बनाने वाला सबसे बड़ा देश**



**वाशिंगटन, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

भारत की फोन निर्माण के क्षेत्र में तरक्की के लिए अमेरिकन जानकार फरीद जकारिया ने खूब तारीफ की है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक माना जाता था कि स्मार्टफोन के क्षेत्र में भारत वह शानदार काम नहीं कर सकेगा, जो चीन कर रहा है। लेकिन भारत ने इस धारणा को गलत साबित कर चीन को पीछे छोड़ दिया है। जकारिया ने कहा कि चीन जैसा तेज रफ्तार विकास ना कर पाने के बावजूद भारत से बहुत कुछ सीखा जा सकता है।

जकारिया ने कहा, भारत ने सिर्फ चार सालों में अमेरिका के लिए स्मार्टफोन बनाने वाले सबसे बड़े देश के तौर पर चीन का स्थान लिया है। अब आपकी जेब में भारत में नया आईफोन है। भारत में जिस तरह की हाई-प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग हो रही है। उसके बारे में पहले लोग कहते थे कि यह सिर्फ चीन में मुमकिन है। भारतीयों ने दिखाया कि वह कितना शानदार काम कर सकते हैं। भारतीय मूल के अमेरिकी फरीद जकारिया जाने-माने पत्रकार, राजनीतिक टिप्पणीकार और लेखक हैं।

जकारिया ने माना है चीन ने बीते दो-तीन दशकों में काफी ज्यादा तरक्की की है। इसके बावजूद वह मानते हैं कि भारत को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। फरीद के मुताबिक, भारत कभी चीन की तरह आगे नहीं बढ़ा है। इस सच्चाई के बावजूद विकासशील अर्थव्यवस्था वाला कोई देश चीन के मुकाबले भारत से ज्यादा सीख सकता है। भारत पिछले 25 सालों से दुनिया की दूसरी सबसे तेजी से बढ़ती हुई बड़ी अर्थव्यवस्था है।

रिपोर्ट में बताया कि अमेरिका में भेजे जाने वाले स्मार्टफोन में से 44 प्रतिशत भारत में बने थे, जबकि एक साल पहले यानी 2024 में ये आंकड़ा सिर्फ 13 प्रतिशत था। चीन की हिस्सेदारी अमेरिका में 2024 में 61 फीसदी थी, जो 2025 में घटकर 25 प्रतिशत रह गई।

पहली बार ऐसा हुआ है, जब भारत ने अमेरिका को स्मार्टफोन एक्सपोर्ट करने के मामले में चीन को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया है। इसकी एक अहम वजह एपल का टैरिफ (शुल्क) के चलते अपनी मैन्युफैक्चरिंग को चीन से हटाकर भारत शिफ्ट करना है।

# तेहरान को वाशिंगटन से मिला संदेश, ट्रंप समझौते को तैयार: ईरानी अधिकारी

**वाशिंगटन/तेहरान, 24 मार्च (एजेंसियां)।**



पिछले माह 28 फरवरी से छिड़े युद्ध के बीच तेहरान को मध्यस्थों के जरिए वाशिंगटन से संदेश मिला है। यह संदेश अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की संभावित शुरुआत हो सकता है। ईरान के विदेश मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। इससे पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया था कि दोनों देशों के बीच समझौता संभव है।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी अधिकारी ने कहा, हमें मध्यस्थों के मार्फत अमेरिका से कुछ सार्थक मिले हैं। हम उनकी समीक्षा कर रहे हैं। इससे पहले ट्रंप ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि अमेरिका और ईरान के बीच दुश्मनी को पूरी तरह से खत्म करने के संबंध में बहुत अच्छी और सार्थक बातचीत हुई है।

उन्होंने इसके बाद पत्रकारों से कहा कि दोनों पक्षों के बीच लगभग 15 मुद्दों पर सहमति बनी है। इसके बाद ईरानी अधिकारियों ने कहा है कि वे शांति चाहते हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने सप्ताहांत में ईरान को दी गई धमकी भी वापस ले ली। उन्होंने कहा था कि 48 घंटे के अंदर अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोलता तो उसके बिजली संयंत्रों पर हमला किया जाएगा।

ईरान के विदेश मंत्रालय ने शुरू में इस बात से इनकार किया था कि दोनों देशों के बीच कोई बातचीत चल रही है। अब ट्रंप के बयानों से यह उम्मीद जगी कि सैन्य संघर्ष अब खत्म होने के करीब हो सकता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि ईरान और अमेरिका के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं। बावजूद इसके ऐतिहासिक रूप से वे एक-दूसरे से अप्रत्यक्ष रूप से ही बातचीत कर रहे हैं।

ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि अमेरिका ईरान के एक शीर्ष व्यक्ति के साथ बातचीत कर रहा है, लेकिन वह सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई नहीं है। उन्होंने उस व्यक्ति का नाम बताने से इनकार कर दिया। ट्रंप ने यहां तक कहा कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाने पर सहमत हो गया है। इससे पहले ट्रंप इस बात पर जोर देते रहे हैं कि ईरान यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह से छोड़ दे। ईरान लंबे समय से उनके इस प्रस्ताव को ठुकराता रहा है।

फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि इजराइल अमेरिका-ईरान के किसी भी संभावित समझौते का हिस्सा होगा। अमेरिका-इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर हमले शुरू किए थे। इस बीच अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि खुफिया आकलन से पता चला है कि स्ट्रेट आफ़ होर्मुज में कम से कम एक दर्जन ईरानी बारूदी सुरंगें मौजूद हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने सोमवार को कहा कि ईरान के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से उसने 9,000 से अधिक ईरानी ठिकानों पर हमले किए हैं। इनमें 140 से ज्यादा ईरानी नौसैनिक जहाज शामिल हैं।

# सरकार के प्रयासों से किसानों की आय दुगुनी-तिगुनी हो गयी है : शिवराज

**नयी दिल्ली, 24 मार्च (एजेंसियां)।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोक सभा में कहा कि सरकार के प्रयासों से बड़ी संख्या में किसानों की आय दुगुनी-तिगुनी हुई है।



श्री चौहान ने प्रश्न काल में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सरकार ने सिंचाई सुविधाएं बढ़ाकर और अन्य सहूलियतें प्रदान कर एक वर्ष में दो से तीन फसलें लेने के उपाय किये हैं, जिससे कई किसानों की आय चौगुनी और आठ गुनी तक हो गयी है। सरकार के गंभीर प्रयासों से यह संभव हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि बजट एक लाख 30 हजार करोड़ रुपये का कर दिया गया है। कृषि विभाग से संबंद्ध अन्य विभागों और इकाइयों का बजट जोड़ दिया जाये तो यह पांच लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का हो गया है। उन्होंने कहा कि उत्पादन बढ़ा है, तो किसानों की आय भी है।

उन्होंने कहा कि सरकार उत्पादन लागत का 50 प्रतिशत मुनाफा जोड़कर फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय करती है, जिससे किसानों को उपज के बेहतर दाम मिल रहे हैं। एमएसपी पर रिकॉर्ड खरीद की जा रही है। सरकार गेहूं, धान, दलहन, तिलहन, फल और सब्जियां एमएसपी पर खरीदती है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों की सरकार हर संभव मदद करती है। महाराष्ट्र में हाल में बारिश से फसलों खासकर सोयाबीन को हुए नुकसान की भरपाई के लिए राज्य सरकार ने त्वरित कदम उठाते हुए 14 हजार करोड़ रुपये किसानों के खातों में डाले हैं। सरकार अन्दाता-जीवनदाता किसान के साथ खड़ी है। किसानों को हर हालत में उनकी फसल की कीमत दी जायेगी।

कृषि मंत्री ने एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सरकार निरंतर रिकॉर्ड खरीद करती जा रही है। आगे भी सरकार ऐसे प्रयास जारी रखेगी। उन्होंने बताया कि पहले बीमा कंपनियां 16.7 प्रतिशत की दर से कृषि बीमा पर प्रीमियम लेती थीं, लेकिन अब यह घटकर 10.2 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने बताया कि 15 करोड़ 15 लाख किसानों ने फसल बीमा के लिए आवेदन दिया है। बीमित कृषि क्षेत्र 622 लाख हेक्टेयर हो गया है।

उन्होंने बताया कि बीमा दावा राशि जल्द मिले, इसके लिए समय सीमा निर्धारित कर दी गयी है। इक्कीस दिन में बीमा की राशि किसानों के खाते में डालनी होगी, देरी करने पर बीमा कंपनियों को 12 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान करना होगा।

श्री चौहान ने बताया कि पहले कृषि फसल के नुकसान का आकलन तहसील स्तर पर होता था, अब उसे पंचायत स्तर पर ला दिया गया है। अब एक किसान की फसल के नुकसान पर भी बीमा राशि दी जाती है।

## बिहार में अब धार्मिक स्थल और स्कूल के पास मांस और मछली की बिक्री पर प्रतिबंध

**पटना, 24 मार्च (एजेंसियां)।**
बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने घोषणा की कि बिहार सरकार ने शिक्षण संस्थानों, पूजा स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों के पास मांस और मछली की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। उन्होंने इसके पीछे सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिमों और इस चिंता का हवाला दिया कि ऐसे वातावरण बच्चों में हिंसक व्यवहार को बढ़ावा दे सकते हैं। विजय सिन्हा ने कहा कि यह पहले से ही मौजूद है; कोई नया नियम लागू नहीं किया गया है। हम मौजूदा कानून और नियमों को ही लागू कर रहे हैं, और इसका पालन करना जनता के हित में है, स्वास्थ्य के हित में है, और इससे स्वच्छता अभियान को मजबूती मिलेगी।




अधिकारियों ने मंदिरों, मस्जिदों, स्कूलों, कॉलेजों और अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों के पास चल रही दुकानों पर नज़र रखी है और इसे नियमों का उल्लंघन बताया है, जिससे सामाजिक सद्भाव को खतरा है। इन स्थानों के पास प्रस्तावित मांस-मछली प्रतिबंध को सार्वभौमिक रूप से लागू किया जाएगा, लाइसेंस धारक विक्रेताओं को भी छूट नहीं दी जाएगी। शहरी विकास और आवास विभाग के प्रभारी सिन्हा ने कहा कि हम व्यक्तिगत खान-पान की पसंद का सम्मान करते हैं, लेकिन आइए सामाजिक सद्भाव बनाए रखें और किसी की भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं। किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए और दूषित उत्पादों से सार्वजनिक स्वास्थ्य से समझौता नहीं किया जाना चाहिए।

कार्रवाई शुरू हो चुकी है। शहरी विकास और आवास विभाग ने रविवार को सभी नगर निकायों को वैध लाइसेंस के बिना चल रही अवैध मांस और मछली की दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करने के सख्त निर्देश जारी किए। विभाग ने कहा कि ऐसी कई दुकानें बिहार नगर निगम अधिनियम का उल्लंघन करते हुए, अक्सर खुले और अस्वच्छ परिस्थितियों में चल रही हैं, जिससे स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था को गंभीर खतरा है।

## निजता के अधिकारों का उल्लंघन है उभयलिंगी संशोधन विधेयक : विपक्ष

**नयी दिल्ली, 24 मार्च (एजेंसियां)।** विपक्षी दलों ने उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) संशोधन विधेयक 2026 को व्यक्ति की पहचान को नियंत्रित करने और निजता के अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए कहा है कि विधेयक में पहचान को जटिल बनाने का काम किया जा रहा है इसलिए सरकार को इसे वापस लेना चाहिए या संसद की स्थायी समिति को भेजना चाहिए।



कांग्रेस की एस ज्योतिमणी ने उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण( संशोधन विधेयक 2026 पर चर्चा की शुरुआत करते हुए विधेयक का विरोध किया और कहा कि विधेयक के जरिए सरकार उभयलिंगी समाज को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है। विधेयक के प्रा-वधान कठोर है और इस विधेयक के ज़रिए उभयलिंगी समाज की पहचान डॉक्टरों के पैनल और नौकरशाही के हवाले कर निजता की पहचान को नौकरशाही के हवाले करने का काम किया जा रहा है और इस समाज उनके लिए समानता की बात बदल जाएगी। उनका कहना था कि सरकार इस विधेयक के जरिए इस समुदाय के अधिकारों को नियंत्रित करने का काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि विधेयक में बहुत सारी कमियां है। इसमें उभयलिंगी समाज के खिलाफ कदम उठाए जा रहे हैं इसलिए इस विधेयक को वापस लेकर संसद की स्थायी समिति को सौंपना चाहिए।

समाजवादी पार्टी के आनंद भदौरिया ने कहा कि उभयलिंगी समाज परंपरा से सम्मान का पात्र रहा है। इस संबंध में उन्होंने राम वनवास का संदर्भ दिया और कहा कि उभयलिंगी समाज के लोग भगवान राम से आशीर्वाद प्राप्त है। उनका कहना था कि महाभारत काल में भी उभयलिंगी समाज ने अपनी महत्ता का प्रदर्शन किया लेकिन मोदी सरकार इस विधेयक के माध्यम से इस समाज को आपराधिक श्रेणी में लाने का काम कर उनके अधिकारों के खिलाफ काम कर रही है।

उन्होंने कहा कि विधेयक में उभयलिंगी की पहचान के लिए मेडिकल टीम बनाने की बात है जो ट्रांसजेंडर का निर्धारण करेगी और फिर जिला अधिकारी प्रमाणित करेंगे कि व्यक्ति उभयलिंगी है या नहीं, विधेयक उभयलिंगी समाज के खिलाफ है और उनके अधिकारों को सीमित करता है। प्रस्तावित विधेयक उभयलिंगी की गरिमा और आजादी को भंग करता है और उन्हें नौकरशाही के अधीन पहचान के लिए सीमित अधिकारों में बांध देता है।

श्री भदौरिया ने इस विधेयक को अव्यवहारिक बताया और कहा कि सरकार 2019 में इस बारे में विधायक लाई थी लेकिन अब उसमें इतना जल्दी संशोधन भी ला रही है जो गलत है और इस समाज में असुरक्षा पैदा करता है। उनका कहना था कि यह विधेयक व्यक्ति की पहचान के खिलाफ है और इसमें इस समुदाय के लोगों का संरक्षण नहीं बल्कि उन्हें सरकारी तंत्र की जटिल प्रक्रिया में फंसा कर रखता है। इससे इस समुदाय के जीवन में अनिश्चित आएगी। उन्होंने विधेयक वापस लेने की मांग की और कहा कि यदि वापस नहीं लिया जा सकता है तो इसे स्थाई समिति को भेजा जाना चाहिए।

द्रमुक की डॉ टी सुमति उर्फ धामी धमिजाची धंगापण्डियन ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि सरकार ने संशोधन विधेयक लाने से पहले किसी तरह का विचार विमर्श नहीं किया है। उनका कहना था कि यह विधेयक मानवता के खिलाफ है क्योंकि एक मानव आत्मा को मेडिकल बोर्ड के जरिए प्रमाणित नहीं कराया जा सकता है। उन्होंने कहा है कि तमिलनाडु सरकार ने इस समुदाय के लिए समावेशी कार्य किया है। राशन कार्ड बनाने या अन्य किसी तरह के पहचान पत्र बनाने में उनके अधिकारों को कम करने का काम हुआ है। समानता के अधिकार का हनन का काम हुआ है। उनका कहना था कि संविधान सबको बराबरी का अधिकार देता है लेकिन मोदी सरकार व्यक्तिगत पहचान को मेडिकल बोर्ड की पहचान पर डाल रही है और मेडिकल प्रमाण के आधार पर व्यक्ति के लिंग की पहचान का नियंत्रण मानव अधिकारों की मान सम्मान का उल्लंघन है।

## राहुल गांधी का पीएम मोदी पर बड़ा हमला, बोले-

# हमारी विदेश नीति एक मजाक बन गई

**नयी दिल्ली, 24 मार्च (एजेंसियां)।**
कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पश्चिम एशिया संकट पर संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणियों पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि भारत की विदेश नीति कमजोर हो गई है और एक व्यक्तिगत नीति बनकर रह गई है। संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए गांधी ने दावा किया कि अगर प्रधानमंत्री की छवि खराब है, तो हमारी विदेश नीति भी खराब है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि भारत का कूटनीतिक रुख मोदी की निजी विदेश नीति में बदल गया है और कहा कि हर कोई इसे एक मज़ाक समझता है।



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर बढ़ते वैश्विक संकट के बीच भारत की विदेश नीति से समझौता करने का आरोप लगाया। गांधी ने आरोप लगाया कि भारत की कूटनीतिक स्थिति अब स्वतंत्र नहीं रही और सरकार अमेरिका और इज़राइल जैसे देशों के प्रभाव में काम कर रही है। गांधी ने अपनी आलोचना को वैश्विक धारणाओं से जोड़ते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को भली-भांति पता है कि मोदी क्या कर सकते हैं और क्या नहीं कर सकते। उन्होंने अपने इस आरोप को दोहराया कि सर्वोच्च स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रिया स्वतंत्र नहीं है, और जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री वही करेंगे जो अमेरिका और इज़राइल कहेंगे। वे भारत और उसके किसानों के हित में काम नहीं करेंगे।

विपक्ष के नेता ने पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव के संदर्भ में संसद को संबोधित करते हुए मोदी द्वारा कोविड-19 महामारी का जिक्र करने पर भी आपत्ति जताई। गांधी ने कहा कि कल उन्होंने एक अप्रासंगिक भाषण दिया। वे भारत के प्रधानमंत्री हैं, उन्हें भारत के प्रधानमंत्री के रूप में ही व्यवहार करना चाहिए, उनका कोई पद नहीं है। महामारी के दौरान झेली गई कठिनाइयों का जिक्र करते हुए गांधी ने कहा, ''मोदी जी ने कहा कि कोविड जैसा समय आने वाला है। वे भूल गए हैं कि तब क्या हुआ था, कितने लोग मरे थे और किस तरह की त्रासदी घटी थी।'' उन्होंने सुझाव दिया कि मौजूदा हालात में महामारी का जिक्र करना असंवेदनशीलता और समझ की कमी दर्शाता है।

## लोकसभा में खड़े होकर इस सांसद ने किया ऐलान, ईरान के स्कूल के लिए देंगे एक महीने का वेतन

**नयी दिल्ली, 24 मार्च (एजेंसियां)।** युद्ध की मार झेल रहे ईरान के लिए कश्मीर की वादियों से लगातार दूसरे दिन मदद के वास्ते हाथ बढ़े, तथा लोगों ने नकद राशि, सोना-चांदी, एवं अन्य कीमती सामान दान में देकर एकजुटता और मानवीय संवेदना का संदेश दिया। वहीं अब ईरान को मदद की गूंज लोकसभा में भी सुनाई पड़ी है। बारामूला के निर्दलीय सांसद इंजीनियर रशीद ने लोकसभा में ईरान के उस स्कूल की मदद के लिए अपनी एक महीने की सैलरी दान देने का ऐलान किया, जिस स्कूल में 162 बच्चियों की जान गई थी। रशीद ने स्पष्ट किया कि उनकी सहानुभूति केवल एक पक्ष के साथ नहीं है। उन्होंने कहा कि इजरायल के जो आम नागरिक अपनी सरकार की गलत नीतियों के कारण जान गंवा रहे हैं, वे उनके प्रति भी संवेदना रखते हैं।



इंजीनियर रशीद ने ईरान के उस स्कूल के पुनर्निर्माण (तामीर) के लिए अपनी एक महीने की सैलरी देने का ऐलान किया है, जहाँ एक दुखद घटना में 162 बच्चियों की जान चली गई थी। उन्होंने बताया कि कश्मीर के आम लोगों ने ईरान के नागरिकों की मदद के लिए अपना सोना और गाड़ियाँ तक दान कर दीं और करोड़ों रुपये जुटाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान का जिक्र किया जिसमें आने वाली मुश्किलों की बात कही गई थी। रशीद ने तर्क दिया कि इन मुश्किलों से लड़ने के लिए भारत को मजबूती से ईरान के साथ खड़ा होना चाहिए। उन्होंने भाजपा सांसद जगदंबिका पाल के बयान पर चुटकी लेते हुए कहा कि केवल कुछ लीटर एलएनजी लाना काफी नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि चाबहार पोर्ट जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स पर भारत का ध्यान कहाँ है, जो रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण थे।

कश्मीर के कुछ इलाकों में लोगों ने युद्धग्रस्त ईरान के राहत कोष के लिए नकद, सोना और तांबे के बर्तनों समेत कई चीजें दान की हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दान के लिए आभार व्यक्त करते हुए, ईरानी दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दयालुता का यह कार्य कभी नहीं भुलाया जाएगा। ईद के अगले दिन, घाटी के शिया बहुल इलाकों में रविवार को युवा ईरान में पश्चिम एशिया युद्ध से प्रभावित लोगों के लिए चंदा इकट्ठा करने के लिए घर-घर गये। रैनावारी निवासी एजाज अहमद ने चंदा जुटाये जाने के दौरान कहा कि इजराइल की यहूदी सरकार और उसके समर्थकों द्वारा ईरान पर थोपे गए इस अवैध युद्ध से भारी तबाही मची है। सभ्य दुनिया कम से कम इतना तो कर ही सकती है कि ईरान के पीड़ित लोगों को सहायता भेजे।'' अधिकारियों ने बताया कि दान अभियान में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों समेत समाज के सभी वर्गों के लोगों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि विशेष रूप से महिलाओं ने आगे आकर उदारतापूर्वक सोने के आभूषण, तांबे के बर्तन और अन्य मूल्यवान घरेलू सामान दान किए हैं तथा कुछ परिवारों ने पशुधन भी दान किया है।

## लालू यादव को दिल्ली उच्च न्यायालय से बड़ा झटका एफआईआर रद्द करने की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली, 24 मार्च (एजेंसियां)।**
दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को लालू प्रसाद यादव की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें कथित भूमि-बदले-नौकरी मामले में सीबीआई की एफआईआर को रद्द करने की मांग की गई थी। इससे आरजेडी प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री को झटका लगा है। सुनवाई के दौरान, अदालत ने याचिका को सारहीन और निराधार बताते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एफआईआर को रद्द करने के अनुरोध को खारिज कर दिया।



यह मामला यादव के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे में नौकरी दिलाने के बदले जमीन के टुकड़े लेने के आरोपों से संबंधित है। सीबीआई इस मामले की जांच कर रही है, जिसमें कई आरोपी शामिल हैं और भर्ती में अनियमितताओं का आरोप है। उच्च न्यायालय के इस फैसले से यादव को कोई राहत नहीं मिली है और मामले की जांच जारी रहेगी। यादव की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल ने दलील दी कि कथित कृत्य उनके रेल मंत्री रहते हुए किए गए थे और इसलिए ये उनके आधिकारिक कर्तव्यों के दायरे में आते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसे मामलों में किसी भी जांच या छानबीन शुरू करने से पहले पूर्व स्वीकृति अनिवार्य है। इस दलील का विरोध करते हुए, सीबीआई की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने तर्क दिया कि ऐसी किसी स्वीकृति की आवश्यकता नहीं थी।

उन्होंने तर्क दिया कि नियुक्तियों से संबंधित निर्णय महाप्रबंधकों द्वारा लिए जाते हैं, न कि सीधे मंत्री द्वारा, और इसलिए धारा 17ए के तहत संरक्षण लागू नहीं होगा। अदालत ने इससे पहले दोनों पक्षों की विस्तृत दलीलें सुनीं और फैसला सुनाने से पहले लिखित दलीलें दाखिल करने के लिए समय भी दिया था।यह मामला यादव के रेल मंत्री के रूप में 2004 से 2009 के बीच के कार्यकाल के दौरान मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित भारतीय रेलवे के पश्चिम मध्य जोन में ग्रुप डी पदों पर कथित अनियमित नियुक्तियों से संबंधित है। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि यादव के परिवार के सदस्यों या सहयोगियों के नाम पर हस्तांतरित भूमि पार्सल के बदले में नौकरियां दी गईं।

18 मई, 2022 को यादव और उनकी पत्नी, दो बेटियों, अज्ञात सरकारी अधिकारियों और निजी व्यक्तियों सहित अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। अपनी याचिका में यादव ने देरी का मुद्दा भी उठाया और कहा कि कथित घटनाओं के लगभग 14 साल बाद एफआईआर दर्ज की गई, जबकि पहले की जांच एक सक्षम अदालत में रिपोर्ट प्रस्तुत करके बंद कर दी गई थी। उन्होंने दावा किया कि पहले की बंद रिपोर्टों का खुलासा किए बिना मामले को फिर से खोलना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

## दिल्ली बजट 2026

## हजारों एमएसएमई को ट्रेनिंग, एआई-स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए करोड़ों का ऐलान

**नयी दिल्ली, 24 मार्च (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2026-27 के बजट में सेमीकंडक्टर नीति तैयार करने, कृत्रिम मेधा (एआई) उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने, 12,000 एमएसएमई को प्रशिक्षण देने और कई अन्य उपायों की घोषणा की।



विधानसभा में बजट पेश करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उनकी सरकार दिल्ली में सेमीकंडक्टर विनिर्माण, अनुसंधान और विकास का एक सशक्त परिवेश विकसित करना चाहती है।

उन्होंने कहा, हम बेहतर बुनियादी ढांचा विकसित करने और सेमीकंडक्टर विनिर्माताओं को यहां इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने को सेमीकंडक्टर नीति लाएंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस उद्देश्य के लिए बजट में एक करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने ड्रोन नीति बनाने की भी घोषणा की, जिसके लिए निवेश आकर्षित करने और स्टार्टअप व विनिर्माण क्षेत्र को सहयोग देने को एक करोड़ रुपये का वित्तपोषण आवंटित किया गया है। इसके अलावा, बजट में दो एआई केंद्र स्थापित करने के लिए 8.20 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जो एआई अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप इनक्यूबेशन और क्षमता निर्माण के लिए समर्पित केंद्र के रूप में काम करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ये केंद्र शासन और स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी परिवहन तथा सार्वजनिक सेवा वितरण जैसे प्रमुख क्षेत्रों के लिए एआई आधारित समाधान विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

गुप्ता ने कहा कि लघु और मझोले उद्यमों (एसएमई) की प्रतिस्पर्धात्मकता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए साझा सुविधा केंद्र के निर्माण को 48 करोड़ रुपये का प्रा-वधान प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने कहा, ''हमारा उद्देश्य बेहतर बुनियादी ढांचे और आधुनिक सुविधाएं प्रदान कर औद्योगिक क्षेत्रों की उत्पादकता बढ़ाना है।'' उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से दिल्ली सरकार पहली बार दिल्ली में रैंप (रेजिंग एंड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफॉर्मेंस) योजना लागू कर रही है। इस योजना के तहत 32,000 सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को प्रशिक्षण दिया जाएगा और 15,000 व्यवसायों को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) तथा ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) जैसे डिजिटल मंचों से जोड़ा जाएगा, जिससे उन्हें राष्ट्रीय और वैश्विक बाजारों तक पहुंच मिल सकेगी।



# रिश्ते खुली किताब जैसे हों, तभी टिकता है प्यार: सौरभ शुक्ला

रिश्तों में भरोसा और समझ जरूरी है, लेकिन अक्सर देखा जाता है कि लोग रिश्तों को बचाए रखने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं, जो आगे चलकर रिश्ते के टूटने का कारण बन जाता है। ऐसे में एक सवाल को लेकर दुविधा बनी होती है कि क्या हर हाल में सच्चाई बताना जरूरी है। इस मुद्दे पर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता और फिल्ममेकर सौरभ शुक्ला ने आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में अपनी राय रखी। सौरभ शुक्ला ने कहा, ''किसी भी रिश्ते की असली ताकत ईमानदारी होती है। हर व्यक्ति को अपने रिश्ते में एक खुली किताब की तरह होना चाहिए। अपने साथी से कुछ भी छुपाना नहीं चाहिए। जब कोई रिश्ते में सच छुपाता है तो उस समय भले ही बात संभाल ली जाती है, लेकिन यह रिश्ते के लिए पहले से ज्यादा नुकसानदायक होता है। ऐसे में सबसे ज्यादा दुख इस बात का होता है कि आपको अंधेरे में रखा गया।'' उन्होंने कहा, ''जब वह झूठ सामने आता है तो उस समय रिश्तों में दर्द इस बात का होता है कि आपको उस बारे में बताया ही नहीं गया। यही चीज एक बड़े धोखे का एहसास कराती है। ऐसे में दूसरे व्यक्ति के मन में शक पैदा हो जाता है और वह हर बात पर सवाल उठाने लगता है। इससे रिश्ते की नींव कमजोर हो जाती है और भरोसा टूटने लगता है।''

सौरभ शुक्ला ने कहा, ''अगर रिश्ते में खुलापन हो तो वह और मजबूत बनता है। जब दोनों लोग एक-दूसरे के सामने पूरी तरह सच्चे होते हैं तो आपसी समझ बढ़ती है। एक आदर्श रिश्ता वही होता है, जिसमें दोनों पार्टनर बिना डर के अपनी हर बात शेयर करते हैं।''

उन्होंने फिल्म 'जब खुली किताब' की कहानी से इस बात को जोड़ते हुए कहा, ''फिल्म में एक कपल की जिंदगी शुरू में बिल्कुल परफेक्ट होती है, जैसे बिना किसी दरार वाली दीवार। लेकिन जैसे ही एक सच सामने आता है, उस रिश्ते में दरार आ जाती है और सब कुछ बिखरने लगता है। हालांकि, उसी दरार के जरिए सच्चाई की रोशनी भी अंदर आती है, जिससे दोनों एक-दूसरे को सही मायनों में समझ पाते हैं।''

सौरभ ने कहा, ''जब सच सामने आता है तो छुपाने के लिए कुछ नहीं बचता। ऐसे में दोनों पार्टनर एक-दूसरे की अच्छाइयों और कमियों को जान लेते हैं। अगर इसके बाद भी वे साथ रहने का फैसला करते हैं तो उनका रिश्ता पहले से ज्यादा मजबूत बन जाता है।''



## दुनिया के हालात पर बोले अक्षय कुमार

# सोने से पहले देश और परिवार के लिए करें प्रार्थना

आज के समय में पूरी दुनिया कई तरह की चुनौतियों से गुजर रही है। कहीं युद्ध का माहौल है तो कहीं तनाव और असुरक्षा का डर है। ऐसे माहौल में आम लोगों से लेकर बड़े सितारे भी अपनी चिंता और भावना जाहिर करते नजर आ रहे हैं। इसी बीच बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार ने क्विज रियलिटी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून इंडिया' के दौरान दुनिया के मौजूदा हालात पर खुलकर बात की और लोगों से कहा कि वे सोने से पहले देश और परिवार के लिए प्रार्थना जरूर करें। दरअसल, शो में मेहमान के तौर पर श्वेता जुमानी भी मौजूद थीं। बातचीत के दौरान दुनिया में चल रहे तनाव और युद्धों का जिक्र हुआ। इसी पर अक्षय कुमार ने अपनी राय रखते हुए कहा कि इस समय दुनिया में काफी परेशानियां हैं और कई जगहों पर युद्ध चल रहे हैं। ऐसे हालात का असर हर इंसान पर पड़ता है, चाहे वह किसी भी देश में क्यों न रहता हो। इस दौरान अक्षय कुमार ने लोगों से एक खास अपील भी की। उन्होंने कहा, ''जब भी आप रात को सोने जाएं, उससे पहले अपने परिवार और देश के लिए एक छोटी सी प्रार्थना करें, ताकि हम सब सुरक्षित रहें।''

उन्होंने कहा कि यह छोटा सा कदम हमें अंदर से मजबूत बनाता है और सकारात्मक ऊर्जा देता है। ऐसे समय में एक-दूसरे के लिए दुआ करना बहुत जरूरी है, ताकि शांति बनी रहे।

इस बातचीत के दौरान श्वेता जुमानी ने भी अपनी राय साझा की। उन्होंने कहा, मेरा विश्वास है कि भारत पर एक मजबूत आध्यात्मिक शक्ति का आशीर्वाद है, जो देश की रक्षा करती है।

अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में उनके साथ परेश रावल, राजपाल यादव, तब्बू और वामिका गब्बी जैसे कलाकार भी नजर आएंगे। यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। दर्शक इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# द 50 जीतकर बप्पा की शरण में पहुंचे शिव ठाकरे, फैंस के साथ खूब ली सेल्फी



टीवी रियलिटी शो 'द 50' को अपना विनर मिल गया है। शो में 50 मजबूत कंटेस्टेंट को पीछे छोड़ शिव ठाकरे ने ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। शो में प्रिंस नरूला और शिव ठाकरे के बीच कांटे की टक्कर हुई, लेकिन शो और फैंस का दिल शिव ने जीता। जीत के बाद अब शिव ठाकरे बप्पा के दर्शन के लिए सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे। उन्होंने बप्पा के आशीर्वाद लेने के साथ-साथ फैंस के साथ सेल्फी भी ली। शिव ठाकरे रियलिटी शो 'द 50' की ट्रॉफी के साथ मंदिर पहुंचे। मीडिया से बात करते हुए शिव ने कहा, मुझे खुशी है कि शो के पैसे किसी की जिंदगी बनाने में काम आ रहे हैं। यह शो भी बहुत अच्छा था और जहां आज मैं दर्शन के लिए आया हूं, वो जगह भी बहुत प्यारी है।

शिव ठाकरे ने बताया कि जीती हुई 50 लाख की रकम एक किसान को दे दी गई है। वो बहुत गरीब है और मुझे खुशी है कि उन पैसों से किसी की जिंदगी संवर रही है।

शिव ठाकरे ने इस दौरान अपनी ट्रॉफी को न सिर्फ लोगों को दिखाया, उसे बार-बार चूमा भी। फैंस भी शिव के साथ फोटो क्लिक करवाने को लेकर काफी उत्साहित दिखे। अभिनेता ने भी खुले दिल से साथ फैंस का स्वागत किया और ढेर सारी सेल्फी ली। शिव ने सिद्धिविनायक मंदिर के दर्शन की फोटो अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी शेयर की, जिसमें वे बप्पा के सामने शो की ट्रॉफी लिए खड़े हैं। बता दें कि शो के फाइनल में शिव का मुकाबला मिस्टर फैजू, रजत दलाल, सिंगर काका और कृष्णा श्रॉफ से था। हालांकि, सभी धुरंधरों को पीछे छोड़ते हुए शिव ने ट्रॉफी अपने नाम की। इससे पहले वो बिग बॉस मराठी 2 की ट्रॉफी अपने नाम कर चुके हैं। हालांकि, उन्होंने रियलिटी शो 'द 50' की ट्रॉफी को प्रिंस नरूला के नाम किया। शो में दोनों की जबरदस्त दोस्ती देखने को मिली थी। प्रिंस ने भी अपना टिकट टू फिनाले शिव को दिया था और कहा था कि उन्हें ज्यादा खुशी तब होगी, जब शिव शो की ट्रॉफी जीतकर लाएंगे।



# रवीना टंडन ने अपने करियर की असुरक्षाओं और क्लासरूम पॉलिटिक्स पर खुलकर बात की

अभिनेत्री रवीना टंडन ने अपनी हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में अपने करियर के दौरान महसूस की गई असुरक्षाओं और 'क्लासरूम पॉलिटिक्स' से निपटने के अपने नजरिए के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पब्लिकेशन के आर्टिकल का स्क्रीनशॉट शेयर किया। इस आर्टिकल में यह आरोप लगाया गया था कि करिश्मा कपूर, फिल्म अंदाज अपना अपना की शूटिंग के दौरान, रवीना के कॉस्ट्यूम पर नजर रखने के लिए लोगों को भेजती थीं। आर्टिकल के अनुसार, कॉस्ट्यूम डिजाइनर एशले रेबेलो ने बताया कि करिश्मा अपनी टीम के सदस्यों को यह देखने के लिए भेजती थीं कि रवीना फिल्म में क्या पहन रही हैं।

इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए रवीना ने कहा कि वह उन अभिनेत्रियों में से नहीं हैं जो अपनी समकालीन अभिनेत्रियों से असुरक्षित महसूस करती हों, और न ही उन्हें कभी 'क्लासरूम पॉलिटिक्स' (आपसी राजनीति) में कोई दिलचस्पी रही है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि वह हमेशा अपनी दुनिया में खुश रही हैं और उन्हें लगता है कि ईश्वर ने उन्हें बहुत कुछ दिया है।

रवीना ने आगे कहा कि उन्हें कभी किसी का अनादर करने की जरूरत महसूस नहीं हुई।

'केजीएफ: चैप्टर 2' की अभिनेत्री की ताजा पोस्ट में लिखा था, बस यह साफ करने के लिए। मुझे कभी भी दूसरों से, जरा भी, कोई असुरक्षा महसूस नहीं हुई, और न ही मैं कभी किसी तरह की 'स्कूल क्लासरूम पॉलिटिक्स' में शामिल रही। मैं हमेशा अपनी दुनिया में खुश रही हूं और उन सभी मौकों के लिए ईश्वर की आभारी हूं जो उन्होंने मुझे दिए हैं। जय शिव शंभू। मुझे कभी किसी का अनादर करने की जरूरत महसूस नहीं हुई। ईश्वर बहुत दयालु रहे हैं। इसलिए जो लोग मुझे जानते हैं, वे हमेशा सच जानेंगे।

पोस्ट के आखिर में, रवीना ने डिजाइनर एशले रेबेलो के लिए अपना प्यार जाहिर करते हुए अपनी बात खत्म की। उन्होंने लिखा, हमेशा प्यार, एशले रेबेलो।

यह ध्यान देने वाली बात है कि यह पहली बार नहीं है जब किसी ने कल्ट क्लासिक फिल्म अंदाज अपना अपना की शूटिंग के दौरान करिश्मा और रवीना के बीच के तनाव के बारे में बात की हो। इन दोनों मुख्य अभिनेत्रियों के बीच की प्रतिद्वंद्विता पर, इस प्रोजेक्ट से जुड़े लोगों द्वारा पिछले कई सालों से काफी चर्चा होती रही है।



# सान्या मल्होत्रा ने शुरू की 'सुंदर पूनम' की शूटिंग

बॉलीवुड में इन दिनों ऐसी फिल्मों का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है, जिनका कंटेंट दमदार हो। दर्शक अब सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि ऐसी कहानियां भी देखना चाहते हैं जो उन्हें भावनात्मक रूप से जोड़ सकें। इसी कड़ी में सान्या मल्होत्रा की आने वाली रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'सुंदर पूनम' की चर्चा जोरों पर है। एक्ट्रेस ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसे लेकर फैंस में काफी उत्साह देखा जा रहा है। सान्या मल्होत्रा ने इस खास मौके की झलक अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। उन्होंने फिल्म की शुरुआत करने से पहले मुहूर्त पूजा की और इसकी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। इन तस्वीरों में फिल्म का क्लैपबोर्ड नजर आ रहा है। इसके अलावा, वह को-स्टार्स के साथ कुछ कैंडिड मोमेंट्स वाले फोटो क्लिक करवाती दिख रही हैं। वहीं एक वीडियो में सान्या आरती करती हुई नजर आ रही है। इस पोस्ट के साथ उन्होंने एक छोटा सा कैप्शन लिखा- 'सुंदर पूनम फिल्म की शूटिंग आधिकारिक तौर पर शुरू हो चुकी है।'

इस फिल्म का निर्देशन पुलकित कर रहे हैं। वहीं फिल्म में सान्या के साथ आदित्य रावल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट प्राइम वीडियो के 2026 के स्लेट का हिस्सा है।

हाल ही में फिल्म मेकर्स ने 'सुंदर पूनम' का फर्स्ट लुक वीडियो जारी किया था, जिसमें सान्या मल्होत्रा दुल्हन बनी नजर आईं। वीडियो में देखा जा सकता है कि सान्या के किरदार पूनम का फोन लगातार रिंग हो रहा है, जिसमें सुंदर और राजू नाम के नंबर से फोन आ रहे हैं। आखिर में दुल्हन बनी सान्या मुस्कुराती है और इसके बाद एक खबर की आवाज सुनाई देती है कि एक शादीशुदा जोड़ा कश्मीर में गायब हो गया। फिल्म की कहानी के बारे में बात करें तो 'सुंदर पूनम' में लव स्टोरी के साथ-साथ सस्पेंस और क्राइम का तड़का भी देखने को मिलेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म की कहानी एक वास्तविक घटना से प्रेरित है। कहा जा रहा है कि यह 2025 में सामने आए एक चर्चित हनीमून मर्डर केस पर आधारित हो सकती है, जिसमें शादी के तुरंत बाद एक कारोबारी की हत्या कर दी गई थी।

इस फिल्म में एक नया शादीशुदा जोड़ा कश्मीर हनीमून पर जाता है। इस दौरान उनके अचानक लापता होने की खबर सामने आती है। इसके साथ ही दुल्हन पूनम से जुड़ा हैरान करने वाला सच भी सामने आता है। फिल्म की कहानी दर्शकों को चौंका देगी।

# अदिति राव हैदरी ने फैशन डिजाइन में रखा पहला कदम

सत्य पॉल ने लकमे फैशन वीक में अदिति राव हैदरी के साथ मिलकर एक खास कलेक्शन पेश किया। यह अदिति का फैशन डिजाइन में पहला कदम है, जहां उन्होंने सह-रचनात्मक निदेशक के रूप में काम किया। इस कलेक्शन में चमकीले रंग, सुंदर चित्रकारी और आधुनिक डिज़ाइन का मेल है। इसमें अलग-अलग तरह के कपड़े शामिल हैं, जो आज की तेज़ रफ्तार ज़िंदगी के हिसाब से बनाए गए हैं और हर मौके पर आसानी से पहने जा सकते हैं। कलेक्शन में सत्य पॉल की पहचान-रंगों और प्रिंट-को ध्यान में रखते हुए व्याध-पतंग (ड्रैगनफ्लाई), फूल और अमूर्त डिज़ाइन जैसे रूपों का उपयोग किया गया है। ये डिज़ाइन कपड़ों पर छपाई, सजावट और हल्के काम के रूप में दिखते हैं।

इस कलेक्शन को इस तरह बनाया गया है कि इसे अलग-अलग तरीकों से पहना जा सके। पारंपरिक साड़ी के साथ आधुनिक कपड़ों जैसे हल्के पारदर्शी जैकेट और लंबे ढीले कोट को जोड़कर नया और आकर्षक रूप दिया गया है।

अदिति राव हैदरी ने कहा कि यह कलेक्शन उनके लिए बहुत खास अनुभव रहा। इसमें उन्होंने अपनी पसंद-कला, रंग और कहानी-को खुलकर दिखाया। उनके अनुसार, यह कलेक्शन सरल, स्वाभाविक और उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है, जहाँ नारीत्व की कोमलता और ताकत दोनों साथ हैं।



# नवरात्रि के सप्तम दिन मां कालरात्रि की कृपा, जानें किस राशि का दिन रहेगा खास

**नवरात्रि के पावन अवसर पर 25 मार्च 2026 का दिन विशेष महत्व लेकर आया है, क्योंकि इस दिन मां दुर्गा के सप्तम स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा की जाती है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार यह दिन सभी 12 राशियों के लिए अलग-अलग प्रभाव लेकर आएगा। जहां कुछ राशियों को करियर और व्यापार में उन्नति के संकेत मिलेंगे, वहीं कुछ को सतर्क रहकर निर्णय लेने की जरूरत होगी। इस दिन रिश्तों, स्वास्थ्य और आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी रहेगा।**

**मेष राशि**–मेष राशि के जातकों के लिए यह दिन मानसिक रूप से थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को लेकर चिंता बनी रह सकती है, जिससे ध्यान केंद्रित करने में परेशानी हो सकती है। व्यापार में सोच-समझकर कदम उठाने की आवश्यकता होगी, क्योंकि जल्दबाजी नुकसान दे सकती है। परिवार में किसी बात को लेकर तनाव का माहौल बन सकता है।

**वृषभ राशि**–वृषभ राशि के लोगों के लिए यह दिन नए अवसरों के संकेत दे रहा है। यदि आप किसी नए कार्य की शुरुआत करना चाहते हैं तो परिस्थितियां आपके पक्ष में रह सकती हैं। व्यापार में लाभ के योग बन रहे हैं और परिवार का सहयोग भी मिलेगा। घर का वातावरण सकारात्मक रहेगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन राशि**–मिथुन राशि के जातकों के लिए यह दिन सामान्य रहने वाला है, लेकिन सतर्कता बनाए रखना जरूरी होगा। स्वास्थ्य में हल्का उतार-चढ़ाव महसूस हो सकता है। कार्यक्षेत्र में किसी बड़े बदलाव से बचना बेहतर रहेगा। परिवार में किसी करीबी के व्यवहार से मन थोड़ा विचलित हो सकता है।

**कर्क राशि**–कर्क राशि के लोगों को इस दिन यात्रा से जुड़े कार्यों में सावधानी बरतनी चाहिए। जल्दबाजी में लिए गए निर्णय परेशानी बढ़ा सकते हैं। स्वास्थ्य को लेकर सजग रहना आवश्यक होगा। व्यापार में किसी पर अधिक भरोसा करना नुकसान का कारण बन सकता है।

**सिंह राशि**–सिंह राशि के जातकों के लिए यह दिन सकारात्मकता लेकर आएगा। पुराने मित्रों से मुलाकात और घर में खुशियों का माहौल बन सकता है। कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिल सकते हैं और आर्थिक निर्णय भविष्य के लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं।



**कन्या राशि**–कन्या राशि के लिए यह दिन मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। किसी अनुभवी व्यक्ति से मुलाकात लाभदायक हो सकती है, लेकिन स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां थोड़ी चिंता बढ़ा सकती हैं। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना जरूरी होगा और किसी बड़े निर्णय से बचना उचित रहेगा।

**तुला राशि**–तुला राशि के जातकों के लिए यह दिन भावनात्मक रूप से थोड़ा कठिन रह सकता है। परिवार से जुड़ी किसी खबर से मन प्रभावित हो सकता है। व्यापार में सावधानी बरतने की जरूरत है और साझेदारी में संतुलन बनाए रखना आवश्यक होगा। परिवार का सहयोग आपको संभालने में मदद करेगा।

**वृश्चिक राशि**–वृश्चिक राशि के लिए यह दिन प्रगति के संकेत दे रहा है। लंबे समय से रुके कार्य पूरे हो सकते हैं और कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग ला सकती है। आर्थिक मामलों में सुधार होगा और परिवार का सहयोग भी मिलेगा, जिससे आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**धनु राशि**–धनु राशि के जातकों को इस दिन किसी भी नए कार्य में जल्दबाजी से बचना चाहिए। सोच-समझकर निर्णय लेना ही बेहतर रहेगा। पारिवारिक जीवन में कुछ मतभेद उभर सकते हैं, जिससे मानसिक तनाव बढ़ सकता है। आर्थिक मामलों में सतर्कता जरूरी होगी।

**मकर राशि**–मकर राशि के लिए यह दिन स्वास्थ्य के लिहाज से सावधानी बरतने का संकेत दे रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी छवि मजबूत हो सकती है और किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात लाभकारी साबित हो सकती है। परिवार से जुड़ी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं।

**कुंभ राशि**–कुंभ राशि के जातकों को इस दिन अपने रिश्तों में संयम और समझदारी बनाए रखनी होगी। किसी की बातों में आकर गलतफहमियां बढ़ सकती हैं। बेहतर होगा कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले स्थिति को अच्छी तरह समझ लें। धैर्य से काम लेना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**मीन राशि**–मीन राशि के लोगों के लिए यह दिन कुछ चुनौतियां लेकर आ सकता है। कार्यक्षेत्र में दबाव महसूस हो सकता है और विरोधियों से सावधान रहने की जरूरत होगी। आर्थिक मामलों में उतार-चढ़ाव संभव है, इसलिए धैर्य और संयम बनाए रखें। परिवार में किसी मुद्दे को लेकर विवाद की स्थिति बन सकती है।

## चैत्र नवरात्र का सातवां दिन, सर्वार्थ सिद्धि योग में करें मां कालरात्रि की पूजा



चैत्र नवरात्र की सातवां दिन यानी सप्तमी तिथि बुधवार को है। इस दिन मां कालरात्रि की पूजा की जाती है। साथ ही आज सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है, जो किसी भी शुभ कार्य के लिए बेहद अनुकूल माना जाता है। नवरात्र की सप्तमी तिथि पर मां कालरात्रि की पूजा का विशेष महत्व है। मां कालरात्रि की आराधना से भक्तों को शक्ति, साहस और सुरक्षा की प्राप्ति होती है। वहीं, धर्म शास्त्रों के अनुसार पूजा, दान और नए कार्य सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत काल या विजय मुहूर्त में करना श्रेयस्कर होता है। हालांकि, राहुकाल और भद्रा के समय किसी भी शुभ काम से बचना चाहिए। बुधवार का पंचांग देखें तो सूर्योदय 6 बजकर 20 मिनट पर और सूर्यास्त शाम 6 बजकर 35 मिनट पर होगा। ब्रह्म मुहूर्त सुबह 4 बजकर 45 मिनट से 5 बजकर 33 मिनट तक है। सप्तमी पर अभिजित मुहूर्त तो नहीं लेकिन विजय मुहूर्त है, जो 2 बजकर 30 मिनट दोपहर से 3 बजकर 19 मिनट दोपहर तक रहेगा। गोधूलि मुहूर्त शाम 6 बजकर 34 मिनट से 6 बजकर 57 मिनट तक और अमृत काल सुबह 9 बजकर 19 मिनट से 10 बजकर 48 मिनट तक रहेगा। साथ ही सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 6 बजकर 20 मिनट से 5 बजकर 33 मिनट तक रहेगा।

बुधवार को सप्तमी तिथि दोपहर 1 बजकर 50 मिनट तक है। उदयातिथि के अनुसार पूरे दिन सप्तमी का मान होगा। वहीं, नक्षत्र मृगशिरा शाम 5 बजकर 33 तक रहेगा।

25 मार्च को अशुभ समय पर विचार करें तो राहुकाल दोपहर 12 बजकर 27 मिनट से 1 बजकर 59 मिनट तक प्रभावी रहेगा। यमगंड सुबह 7 बजकर 51 मिनट से सुबह 9 बजकर 23 मिनट तक और गुलिक काल सुबह 10 बजकर 55 मिनट से दोपहर 12 बजकर 27 मिनट तक प्रभावी रहेगा। इसके अलावा, दुर्मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 3 मिनट से दोपहर 12 बजकर 52 मिनट तक प्रभावी रहेगा। साथ ही दोपहर 1 बजकर 50 मिनट से देर रात 12 बजकर 47 मिनट रात (25 मार्च) तक भद्रा प्रभावी रहेगा। इनमें शुभ कार्य वर्जित होते हैं।

# विवाह में देरी होने का क्या है कारण? ज्योतिषी ने बताई वजह और उपाय

विवाह में बाधाएं आने या देरी होने पर मन में यह सवाल जरूर आता है की सब कुछ सही होने के बाद भी देरी क्यों हो रही है। वैदिक ज्योतिष के अनुसार, इसके पीछे का कारण आपकी कुंडली में छिपा हो सकता है। विवाह में आ रही देरी या बाधाओं की वजह जानने के लिए कुंडली के सातवें भाव, उसके स्वामी ग्रह और ग्रहों की दशा को देखा जाता है। अगर कोई ग्रह सातवें भाव को प्रभावित कर रहा हो तो जातक को विवाह में देरी देखनी पड़ सकती है।

**विवाह में देरी के क्या कारण होते हैं?**

ज्योतिष एक्सपर्ट के मुताबिक, शादी में देरी होने के कई कारण हो सकते हैं। अगर किसी जातक की कुंडली में सातवें भाव को कोई ग्रह प्रभावित कर रहा हो या आपकी जन्म कुंडली किसी ग्रह के चलते प्रभावित हो, तो इसके चलते विवाह में देरी का सामना करना पड़ सकता है।

अगर लग्न, चतुर्थ, सप्तम, अष्टम या बारहवें भाव में मंगल मौजूद हो तो इससे मांगलिक दोष उत्पन्न हो सकता है। ऐसे में वैवाहिक जीवन में कलह तनाव का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही, यह शादी में विलंब का कारण भी बन सकता है। ऐसे में कुशल ज्योतिषी से कुंडली दिखाना आवश्यक माना गया है।



ज्योतिष के अनुसार, अगर आपकी कुंडली में शनि विवाह भाव यानी सप्तम भाव या उसके स्वामी को प्रभावित कर रहा तो यह विवाह में देरी का कारण बन सकता है। ऐसे में होता तो है, लेकिन उसमें विलंब देखने को मिल सकता है।

यदि किसी पुरुष की कुंडली में शुक्र या गुरु ग्रह पीड़ित हो तो विवाह में देरी का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, शुक्र के अस्त या कमजोर होने से जीवनसाथी के मिलने में देरी हो सकती है।

कहते हैं कि अगर किसी जातक के जन्म के वक्त सप्तम भाव का स्वामी वक्री हो तो इसके चलते विवाह देरी से हो सकता है। साथ ही, विवाह की खुशियां बड़ी पर्सनल ग्रोथ के बाद प्राप्त हो सकती है।

अगर स्त्री की कुंडली में बृहस्पति प्रभावित हो तो विवाह में देरी हो सकती है। शादी में देरी या बाधाएं आने पर अपनी कुंडली और ग्रह दशा किसी कुशल ज्योतिषी से अवश्य दिखानी चाहिए।

**विवाह में देरी के उपाय**

अगर महिलाएं विवाह में देरी या बाधाओं का सामना कर रही हों, तो उन्हें ज्योतिषी की सलाह पर पीला नीलम धारण करना चाहिए। ऐसा करने से गुरु ग्रह की स्थिति बेहतर हो सकती है। पीला नीलम गुरुवार के दिन धारण करना शुभ माना जाता है।

अगर कुंडली में शनि के चलते विवाह में देरी हो रही हो तो इसके लिए शनिवार के दिन शाम को पीपल वृक्ष के नीचे सरसों के तेल का दीपक अवश्य जलाएं। इससे शनि की स्थिति बेहतर हो सकती है और विवाह की बाधाएं कम होने लगती हैं।

आप पीले रंग की वस्तुएं जैसे- हल्दी, चना दाल और पीले कपड़ों का दान भी किया जा सकता है। ऐसा करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है और कुंडली में बृहस्पति ग्रह की स्थिति को बेहतर करने में भी मदद मिलती है।

शादी में देरी आने पर किसी कुशल ज्योतिषी से अपनी कुंडली के सातवें भाव, ग्रह दशा जरूर दिखाएं और उसी अनुसार सप्ताह के दिनों पर उपाय करना चाहिए। इससे अशुभ प्रभावों में कमी आ सकती है।

# मंगल का कुंभ में उदय: 26 से बदलेगा ग्रहों का असर 6 राशियों को करियर और कारोबार में बड़ा लाभ



वैदिक ज्योतिष में ग्रहों की स्थिति और उनकी चाल को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसका सीधा प्रभाव मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं पर पड़ता है। इसी क्रम में मंगल ग्रह का कुंभ राशि में उदय एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना मानी जा रही है। 26 मार्च 2026 से मंगल का यह परिवर्तन कई राशियों के लिए नए अवसर और सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकता है। विशेष रूप से करियर, व्यापार और आर्थिक मामलों में इसका प्रभाव अधिक देखने को मिल सकता है।

मंगल उदय का प्रभाव

ज्योतिष शास्त्र में मंगल को ऊर्जा, साहस और पराक्रम का प्रतीक माना जाता है। जब यह ग्रह मजबूत स्थिति में होता है, तो व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास और निर्णय क्षमता में वृद्धि होती है। कुंभ राशि में मंगल का उदय कई लोगों के लिए प्रगति के नए रास्ते खोल सकता है। खासकर वे लोग जो लंबे समय से अपने कार्यों में सफलता की प्रतीक्षा कर रहे थे, उन्हें इस दौरान बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।

**मेष राशि**–मेष राशि के जातकों के लिए यह समय अनुकूल रहने वाला है। मंगल का उदय आपकी राशि से ग्यारहवें भाव में हो रहा है, जिससे आय और लाभ के अवसर बढ़ेंगे। लंबे समय से अटके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं और निवेश से अच्छा रिटर्न मिलने की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों को कार्यस्थल पर सफलता के साथ-साथ सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, जिससे कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**मिथुन राशि** –मिथुन राशि के लोगों के लिए यह समय करियर में उन्नति का संकेत दे रहा है। मंगल का उदय आपकी राशि से नौवें भाव में होगा, जो भाग्य का साथ बढ़ाएगा। नौकरी में पदोन्नति और वेतन वृद्धि के योग बन सकते हैं। व्यापार करने वाले लोगों को नए अवसर मिलेंगे और प्रभावशाली लोगों से संपर्क स्थापित करने में सफलता मिलेगी।

**सिंह राशि**–सिंह राशि के जातकों के लिए यह समय व्यापार में विस्तार और सफलता का रहेगा। मंगल का उदय आपकी राशि से सातवें भाव में हो रहा है, जिससे साझेदारी और व्यवसाय में लाभ की स्थिति बन सकती है। सही निर्णय लेने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और नौकरी करने वालों को वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। नए अवसर भी सामने आ सकते हैं।

**मकर राशि**–मकर राशि के लिए मंगल का यह परिवर्तन आर्थिक रूप से लाभकारी माना जा रहा है। मंगल आपकी राशि से दूसरे भाव में उदय हो रहा है, जिससे धन संचय के अवसर बनेंगे। निवेश से लाभ मिलने की संभावना है और संपत्ति से जुड़े कार्य पूरे हो सकते हैं। करियर और व्यापार में स्थिरता बनी रहेगी, जिससे भविष्य की योजनाओं को गति मिलेगी।

**कुंभ राशि** –कुंभ राशि के जातकों के लिए मंगल का उदय विशेष रूप से लाभदायक रहेगा। यह आपकी राशि के लग्न भाव में हो रहा है, जिससे आत्मविश्वास और कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। व्यापार में तेजी आएगी और प्रतिस्पर्धा में बढ़त मिल सकती है। नौकरी-पेशा लोगों को नए अवसर मिल सकते हैं, जिनमें विदेश से जुड़े अवसर भी शामिल हो सकते हैं।

**मीन राशि**– मीन राशि के लोगों के लिए यह समय आय में वृद्धि का संकेत दे रहा है। मंगल का उदय आपकी राशि से बारहवें भाव में होगा, जिससे नए स्रोतों से आय प्राप्त हो सकती है। नौकरी में बेहतर अवसर मिल सकते हैं और व्यापारियों को उनकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और भविष्य के लिए नई योजनाएं बन सकती हैं।

अंत में यह समझना आवश्यक है कि ज्योतिषीय गणनाएं आस्था और परंपराओं पर आधारित होती हैं, जिनका उद्देश्य जीवन में संभावित बदलावों के संकेत देना होता है।

# घर में सकारात्मक ऊर्जा लाने के लिए नवरात्रि में आजमा सकते हैं कपूर के प्राचीन उपाय

**चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च, गुरुवार से हो गई है। इन नौ दिनों का हिंदू धर्म में खास महत्व है, जिसमें मां दुर्गा के अलग-अलग 9 स्वरूपों की पूजा करने का विधान होता है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, नवरात्रि के दिनों में पूजा के समय कपूर जलाने का खास महत्व होता है। वैसे तो शास्त्रों और ग्रथों में नवरात्रि में कपूर के उपाय का वर्णन नहीं मिलता है। लेकिन लोक मान्यताओं के अनुसार प्राचीन काल से ही इन दिनों में कपूर के विशेष उपाय करना अत्यंत लाभकारी माना जाता है। मान्यता है की इससे घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मकता को बढ़ावा मिलता है।**

**लौंग और कपूर का उपाय**

ऐसी मान्यता है की मां भगवती को लौंग और कपूर की आहुति अत्यंत प्रिय है। ऐसे में आप हवन के समय 48 लौंग के साथ 6 कपूर अर्पित कर सकते हैं। माना जाता है की इस उपाय को करने से माता प्रसन्न होती हैं और उनकी कृपा से घर-परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहता है। इसके साथ ही, कमल के फूल की पत्तियों पर मक्खन और मिश्री लगाकर मां को अर्पित करना भी अत्यंत फलदायी माना जाता है। इससे साधक को शुभ फल की प्राप्ति हो सकती है।

**घर में पॉजिटिविटी बढ़ाने का उपाय**



नवरात्रि के दिनों में माता की पूजा में कपूर शामिल करने का खास महत्व होता है। अगर आप अपने कार्यों, नौकरी या व्यवसाय में रुकावटों का सामना कर रहे हैं तो नवरात्रि में कपूर का उपाय कर सकते हैं। इसके लिए देवी की पूजा के समय एक दीये में कपूर और लौंग का जोड़ा जरूर रखें। साथ ही, दीपक प्रज्वलित करके मां की पूजा करें। शाम के समय घर में लौंग और कपूर जलाने से घर में पॉजिटिविटी बढ़ती है।

**घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर करने का उपाय**

कई बार घर में अचानक बनते हुए काम भी बिगड़ जाते हैं। एक के बाद एक समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिसके चलते घर-परिवार की शांति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। वास्तु और ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, इसका कारण घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा हो सकती है। वहीं, हिंदू धर्म व शास्त्रों में नवरात्रि के दिनों को बहुत पवित्र माना गया है। ऐसे में घर से नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के लिए इन दिनों शाम के समय कपूर को घी में डुबोकर जलाना चाहिए। मान्यता है की इस उपाय को करने से घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती और आसपास का वातावरण भी शुद्ध होता है।

**घर में सुख-शांति का उपाय**

शास्त्रों और मान्यताओं के अनुसार घर में पूजा के समय कपूर जलाना बहुत शुभ फलदायी होता है। ऐसे में चैत्र नवरात्रि के इन खास दिनों में नियमित शाम की पूजा में रोज कपूर जरूर जलाएं। इसके बाद विधि-विधान से मां दुर्गा की आरती करें। इस उपाय को करने से आसपास का वातावरण शुद्ध और सुखद होता है। मान्यता है की ऐसा करने से घर में सुख-शांति बनी रहती है और गृह क्लेश से भी राहत मिल सकती है। इसके अलावा, आप लौंग का जोड़ा और कपूर जलाकर उसका धुआं पूरे घर में भी दिखा सकते हैं। इसके पश्चात, अगले दिन सुबह राख को बहते जल में प्रवाहित कर दें।

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

संपादकीय

# विकल्पों की शीर्ष बैठक

**प्रधानमंत्री** मोदी ने ईरान युद्ध के दौरान पहली बार अपने 13 वरिष्ठ मंत्रियों के साथ विमर्श किया और हालात की समीक्षा की। सरकार देश भर में पेट्रोल-डीजल, गैस, उर्वरक के साथ-साथ आवश्यक वस्तुओं की निरंतर आपूर्ति और उपलब्धता को लेकर चिंतित है और प्रयास भी कर रही है। यह स्वागतयोग्य आचरण है। प्रधानमंत्री ने मंत्रियों-सचिवों के समूह बनाने का निर्देश दिया है, ताकि हर स्तर पर समन्वय बरकरार रहे और आम आदमी को न्यूनतम परेशानियां झेलनी पड़ें। आयात और निर्यात के वैकल्पिक स्रोत खंगालने पर भी चर्चा हुई, क्योंकि युद्ध के बाद भी खाड़ी देश, भारत के लिए, अनिश्चित और अस्थिर रहेंगे। खतरे भी बने रहेंगे, लिहाजा वैकल्पिक सप्लाई चेन ही अंतिम रास्ता है। अब भारत ने ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा, अल्जीरिया, नीदरलैंड, नॉर्वे आदि देशों के विकल्प स्थापित करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री मोदी ने ईरान, इजरायल, मलेशिया, जॉर्डन, ओमान, कतर, कुवैत, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात आदि देशों के राष्ट्राध्यक्षों, शासनाध्यक्षों, किंग, अमीर आदि से फोन पर संवाद किए हैं, जाहिर है कि प्रधानमंत्री ने अपनी चिंताएं और सरोकार साझा किए हैं और बार-बार शांति, स्थिरता, कूटनीति की पैरोकारी की है। फ्रांस, जर्मनी, फिनलैंड, स्पेन, स्विट्जरलैंड सरीखे देशों के राष्ट्राध्यक्षों और सरकार-प्रमुखों ने प्रधानमंत्री मोदी से लगातार आग्रह भी किया है कि युद्धग्रस्त देशों के दरमियान भारत सफल मध्यस्थता कर सकता है, क्योंकि अमरीका, इजरायल, ईरान भारत के मित्र-देश हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार है और एक सार्थक लोकतंत्र भी है, लिहाजा भारत की भूमिका सर्वस्वीकार्य है। भारत ब्रिक्स देशों का भी अध्यक्ष है, उस नाते उन देशों को युद्धविराम में महती भूमिका निभाने को भी सहमत कर सकता है। यकीनन प्रधानमंत्री मोदी को इस संदर्भ में प्रयास जरूर करने चाहिए। बहरहाल प्रधानमंत्री और मंत्रियों ने तमाम विकल्पों पर विमर्श किया होगा, लेकिन हमारी जिज्ञासा है, सख्त सवाल नहीं है, कि आज 147 करोड़ से अधिक आबादी वाला देश, आजादी और संप्रभुता के 78 साल के बाद भी, कच्चे तेल, गैस, उर्वरक के मामले में आत्मनिर्भर क्यों नहीं बन पाया है? पिद्दी से देशों में तेल-गैस के अपरिमित भंडार हैं, क्या भारत में तेल-गैस के मद्देनजर 'सूखे' की स्थिति है? पेट्रोलियम मंत्रालय लगातार खुलासा कर रहा है कि रसोई गैस (एलपीजी) के उत्पादन में 40 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। अपनी जरूरतों की 40 फीसदी एलपीजी का उत्पादन भारत करता ही है। यदि एलपीजी उत्पादन में, 20-22 दिन में ही, इतनी बढ़ोतरी की जा सकती है, तो हम अपनी जरूरतों की 70-80 फीसदी गैस तक पैदा कर सकते हैं! सरकार इस पर स्पष्टीकरण जरूर दे। जब 2014 में भाजपा केंद्र में सत्तारूढ़ हुई थी, तब उसने अपने घोषणा-पत्र में लिखा था कि ऊर्जा-सुरक्षा और उत्पादन में व्यापक सुधार किए जाएंगे। आज स्थिति यह है कि भारत को करीब 88.6 फीसदी कच्चा तेल, 60-66 फीसदी गैस और करीब 65 फीसदी खाद आयात करने पड़ते हैं। स्थिति पहले से बदतर ही हुई है। भारत इतना पराश्रित, मोहताज क्यों है कि युद्ध के कारण एक समुद्री मार्ग बंद किया गया, तो देश में गैस को लेकर 'हाय-तौबा' मच गई? भारत का आयात बिल 1,05,000 करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। बेशक देश में घरेलू और कमर्शियल एलपीजी का गंभीर संकट है। सरकार भी मानती है कि स्थिति चिंताजनक है। यह बयान मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा का है। एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी हमारे संस्कार में है। हम इसे व्यापार का ही हिस्सा मानते रहे हैं। जितने गैस सिलेंडर छापों के दौरान जब्त किए गए हैं, उन 'काली भेड़ों' के खिलाफ क्या कानूनी कार्रवाई की गई है? उन पर 'रासुका' क्यों नहीं लगाया गया।

सरकार देश भर में पेट्रोल-डीजल, गैस, उर्वरक के साथ-साथ आवश्यक वस्तुओं की निरंतर आपूर्ति और उपलब्धता को लेकर चिंतित है और प्रयास भी कर रही है। यह स्वागतयोग्य आचरण है। प्रधानमंत्री ने मंत्रियों-सचिवों के समूह बनाने का निर्देश दिया है, ताकि हर स्तर पर समन्वय बरकरार रहे और आम आदमी को न्यूनतम परेशानियां झेलनी पड़ें। आयात और निर्यात के वैकल्पिक स्रोत खंगालने पर भी चर्चा हुई, क्योंकि युद्ध के बाद भी खाड़ी देश, भारत के लिए, अनिश्चित और अस्थिर रहेंगे। खतरे भी बने रहेंगे, लिहाजा वैकल्पिक सप्लाई चेन ही अंतिम रास्ता है। अब भारत ने ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, कनाडा, अल्जीरिया, नीदरलैंड, नॉर्वे आदि देशों के विकल्प स्थापित करने की कोशिश की है। प्रधानमंत्री मोदी ने ईरान, इजरायल, मलेशिया, जॉर्डन, ओमान, कतर, कुवैत, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात आदि देशों के राष्ट्राध्यक्षों, शासनाध्यक्षों, किंग, अमीर आदि से फोन पर संवाद किए हैं, जाहिर है कि प्रधानमंत्री ने अपनी चिंताएं और सरोकार साझा किए हैं और बार-बार शांति, स्थिरता, कूटनीति की पैरोकारी की है। फ्रांस, जर्मनी, फिनलैंड, स्पेन, स्विट्जरलैंड सरीखे देशों के राष्ट्राध्यक्षों और सरकार-प्रमुखों ने प्रधानमंत्री मोदी से लगातार आग्रह भी किया है कि युद्धग्रस्त देशों के दरमियान भारत सफल मध्यस्थता कर सकता है, क्योंकि अमरीका, इजरायल, ईरान भारत के मित्र-देश हैं।

कुछ अलग

# एक तनातनी से मुलाकात

**कई** दिनों से झुन्नू जी की पत्नी उनसे आग्रह कर रही थीं कि वह जब बाज़ार जाएं तो किसी बढिया ब्रैंड के सत्यनिष्ठा, ईमान, विश्वास और भरोसे के कुछ पैकेट ख़रीद लाएं ताकि घर की खोखली हो रही नींव को बचाने के लिए इन चारों का घोल बनाकर उसमें डाला जा सके। उनके पिता जी ने एक बार बताया था कि जब गांधी जी से प्रभावित होकर वह देश की आज़ादी की लड़ाई में कपड़ों समेत कूद पड़े थे तो उस दौर के स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की नींव को इसी तरकीब से पोले होने से बचाया था। भले वे देश के बंटवारे को रोकने में नाकाम रहे, पर जो हाथ लगा था उसे सहेजने में कामयाब रहे थे। झुन्नू जी अभी रास्ते में ही थे कि उनकी एक तनातनी से मुलाक़ात हो गई। हमेशा की तरह तनातनी जी ताड़ की तरह तने हुए जा रहे थे। झुन्नू जी ने उन्हें जय हिन्द कहा तो उन्होंने वंदे मातरम से जवाब दिया। उनकी भाषा में एक अलग तरह का दंभ झलक रहा था, जिससे झुन्नू जी थोड़े असहज हो गए। किन्तु संभलते हुए बोले, 'क्या बात है आज आप अकेले ही बाज़ार पहुंचे हैं। आपके बाक़ी साथी कहां हैं।' तनातनी जी उन्हें घूरते हुए बोले, 'यह तनातन का समय है। अगर इस वक्त भी हम ढीले रहे तो कैसे चलेगा। मेरे साथी अब्दुल की दुकान के पास मेरा इंतज़ार कर रहे हैं। हम उसकी दुकान का साइन बोर्ड बदलवाने जा रहे हैं। उसने उर्दू में अपनी दुकान का नाम लिखवाया है। अब उसे हमारी मातृ भाषा हिन्दी या फिर अंग्रेज़ी में अपनी दुकान का नाम लिखवाना होगा।' झुन्नू जी संभलते हुए बोले, 'लेकिन आप स्वयं तो आधे शब्द उर्दू के इस्तेमाल कर रहे हैं। फिर हिन्दी पूरे राष्ट्र की मातृभाषा नहीं है।

डिजिटल वॉलेट्स का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपा लेते हैं जिससे जांच और गिरफ्तारी में कठिनाई आती है

# डिजिटल युग में ठगी के बढ़ते जाल से कैसे मिलेगी निजात

सौरभ वार्ष्णेय

प्रतिदिन औसतन 50 लाख रुपये की ठगी के मामलों का सामने आना न केवल चौंकाने वाला है बल्कि यह कानून-व्यवस्था और डिजिटल सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह आंकड़े एक दैनिक अखबार में प्रकाशित किये गए हैं जो चौंकाने वाले दिख रहे हैं। वर्ष 2025 में 184 मामले दर्ज किये गए हैं, लगभग 70,64,80,424 रूपये (30 जून तक) तक ठग लिए गये हैं। इससे पिछले वर्ष 2024 में 1,591 मामले दर्ज हुए और 8,17,64,85,471 रूपये ठग लिए गए। आज ठगी से कैसे बचे? अभी गैस की क्या कमी हुई, ठगों ने इस आपदा को अवसर बना लिया। इस डिजिटल युग में ठगी के बढ़ते जाल से कैसे निजात मिलेगी? विशेषज्ञों का कहना है कि जागरुकता और सतर्कता सावधानी जरूरी है। दिल्ली जैसी राजधानी में दिल्ली पुलिस अच्छा कार्य कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में तकनीक के विस्तार के साथ ठगी के तरीके भी बेहद परिष्कृत हो गए हैं।

**देश** की राजधानी दिल्ली आज सिर्फ राजनीतिक और प्रशासनिक केंद्र ही नहीं बल्कि साइबर और वित्तीय अपराधों का भी बड़ा केंद्र दिखाई दे रही है। प्रतिदिन औसतन 50 लाख रुपये की ठगी के मामलों का सामने आना न केवल चौंकाने वाला है बल्कि यह कानून-व्यवस्था और डिजिटल सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह आंकड़े एक दैनिक अखबार में प्रकाशित किये गए हैं जो चौंकाने वाले दिख रहे हैं। वर्ष 2025 में 184 मामले दर्ज किये गए हैं, लगभग 70,64,80,424 रूपये (30 जून तक) तक ठग लिए गये हैं। इससे पिछले वर्ष 2024 में 1,591 मामले दर्ज हुए और 8,17,64,85,471 रूपये ठग लिए गए। आज ठगी से कैसे बचे? अभी गैस की क्या कमी हुई, ठगों ने इस आपदा को अवसर बना लिया। इस डिजिटल युग में ठगी के बढ़ते जाल से कैसे निजात मिलेगी? विशेषज्ञों का कहना है कि जागरुकता और सतर्कता सावधानी जरूरी है। दिल्ली जैसी राजधानी में दिल्ली पुलिस अच्छा कार्य कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में तकनीक के विस्तार के साथ ठगी के तरीके भी बेहद परिष्कृत हो गए हैं। पहले जहां जेबकतरी और साधारण धोखाधड़ी आम थी, वहीं अब ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, अपडेट के नाम पर ठगी और निवेश के झांसे जैसे अपराध तेजी से बढ़े हैं। आम नागरिक, विशेषकर बुजुर्ग और डिजिटल रूप से कम जागरूक लोग, इन ठगों का आसान शिकार बन रहे हैं। दिल्ली पुलिस और अन्य एजेंसियां लगातार जागरूकता अभियान चला रही हैं लेकिन अपराधियों की चतुराई और तकनीकी दक्षता कई बार इन प्रयासों पर भारी पड़ती है। अपराधी अक्सर विदेशी सर्वर, फर्जी सिम कार्ड और डिजिटल वॉलेट्स का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपा लेते हैं जिससे जांच और गिरफ्तारी में कठिनाई आती है। यह स्थिति कई स्तरों पर चिंता पैदा करती है। पहला, आम जनता का डिजिटल लेनदेन पर विश्वास कमजोर होता जा रहा है। दूसरा, देश की आर्थिक सुरक्षा पर इसका असर पड़ता है। तीसरा, कानून प्रवर्तन एजेंसियों की




क्षमता और संसाधनों पर भी प्रश्न उठते हैं। समाधान के लिए बहुस्तरीय रणनीति आवश्यक है। सबसे पहले, साइबर अपराध से निपटने के लिए पुलिस बल को अत्याधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण से लैस करना होगा। दूसरे, बैंकों और डिजिटल पेमेंट कंपनियों को अपनी सुरक्षा प्रणाली को और मजबूत बनाना होगा। तीसरे, स्कूलों और सामाजिक मंचों के माध्यम से डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना चाहिए ताकि लोग ठगी के नए-नए तरीकों से परिचित हो सकें। इसके अलावा, सरकार को सख्त कानून और त्वरित न्याय व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी, ताकि अपराधियों में डर पैदा हो। साथ ही, आम नागरिकों को भी सतर्क रहना होगा—अनजान कॉल, लिंक या ऑफर पर भरोसा करने से पहले पूरी जांच करना जरूरी है। हाल के महीनों में दिल्ली पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। पुलिस आयुक्त के निर्देश पर संयुक्त आयुक्त रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में ऑपरेशन साई-हॉक के तहत दिल्ली और पड़ोसी राज्यों में बड़े पैमाने पर छापेमारी की गई। इस ऑपरेशन का उद्देश्य उन कॉल सेंटरों और गिरोहों को नेस्तनाबूद करना था जो फर्जी केवाईसी, लॉटरी और निवेश के नाम पर लोगों को लूटते हैं। इस कार्रवाई के बाद साइबर अपराधों की दर में गिरावट दर्ज की गई। अब जांच टीम के विस्तार से इस पकड़ को और मजबूत किया जा सकेगा। यह समझना होगा कि डिजिटल युग में सुरक्षा केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो यह ठगी का जाल और भी व्यापक रूप ले सकता है जिससे न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक विश्वास भी प्रभावित होगा। यह आंकडे तो दिल्ली के है. देश भर में यह ठगी का आंकडा बड़ा भी हो सकता है लेकिन सतर्कता सावधानी जरूरी है।

## डिजिटल ठगी से कैसे निजात पाएं

डिजिटल युग ने जहां हमारी जिंदगी को आसान बनाया है, वहीं ठगों के लिए नए रास्ते भी खोल दिए हैं। आज मोबाइल, इंटरनेट और ऑनलाइन बैंकिंग के बढ़ते उपयोग के साथ डिजिटल ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हर दिन आम लोग अपनी मेहनत की कमाई साइबर अपराधियों के जाल में फंसा रहे हैं। ऐसे में यह सवाल बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है कि डिजिटल ठगी से कैसे बचा जाए और इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण कैसे हो। सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि डिजिटल ठगी केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि जागरूकता की कमी का परिणाम भी है। ठग अक्सर फर्जी कॉल, मैसेज, ईमेल या लिंक के माध्यम से लोगों को भ्रमित करते हैं। आपका बैंक खाता बंद हो जाएगा, केवाईसी अपडेट करें, लॉटरी लगी है —जैसे लालच और डर पैदा करने वाले संदेश लोगों को जल्दी फैसले लेने पर मजबूर कर देते हैं। इसी जल्दबाजी का फायदा अपराधी उठाते हैं। इस समस्या से निजात पाने का पहला और सबसे प्रभावी उपाय है—जागरूकता। आम नागरिकों को यह समझना होगा कि कोई भी बैंक या सरकारी संस्था कभी भी फोन या मैसेज के जरिए पासवर्ड या नहीं मांगती। ऐसे किसी भी अनुरोध को तुरंत नजरअंदाज करना चाहिए। साथ ही, अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचना और केवल आधिकारिक वेबसाइट या ऐप का ही उपयोग करना जरूरी है। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है—तकनीकी सुरक्षा। मोबाइल और कंप्यूटर में अपडेटेड एंटीवायरस रखना, मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करना और समय-समय पर पासवर्ड बदलना जरूरी है। दो-स्तरीय सुरक्षा का उपयोग भी ठगी के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकता है। तीसरा, सरकार और संस्थाओं की भूमिका भी बेहद अहम है। साइबर अपराधों पर सख्त कानून, त्वरित कार्रवाई और पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिलना आवश्यक है। साथ ही, पुलिस और साइबर सेल को आधुनिक तकनीक से लैस करना और उनकी क्षमता बढ़ाना समय की मांग है। जन-जागरूकता अभियान भी लगातार चलाए जाने चाहिए, ताकि ग्रामीण और शहरी—दोनों क्षेत्रों में लोग सतर्क रहें। इसके अलावा, यदि कोई व्यक्ति ठगी का शिकार हो जाता है, तो उसे घबराने की बजाय तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। 1930 हेल्पलाइन या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराना चाहिए ताकि समय रहते पैसे को रोका जा सके।

देश दुनिया से

# खाड़ी युद्ध : कौन जीता है कौन हार गया?

**ईंरान** ने अमेरिका के अजेय होने की धारणा को ध्वस्त करते हुए दुनिया को यह सोचने के लिए विवश कर दिया है कि आख़िर इस युद्ध में कौन जीता है कौन हार गया? खाड़ी युद्ध : कौन जीता है कौन हार गया? अमेरिका-इजरायल द्वारा ईंरान पर थोपा गया बलात युद्ध अनियंत्रित होकर बेहद ख़तरनाक दौर से गुज़र रहा है। दर्जनों देशों को अपनी चपेट में ले चुके इस युद्ध में अब तक खरबों डॉलर का नुक़्सान हो चुका है। अमेरिका - इजरायल द्वारा मिलकर ईंरान को जिस स्तर तक नुक़्सान पहुँचाया जा चुका है और अब भी उसके ईंधन उत्पाद वेंद्रों पर हमले कर लगातार पहुँचाया जा रहा है उससे निाति रूप से पहले ही चार दशकों से वैश्विक रूप से आर्थिक व व्यवसायिक प्रतिबंध झेल रहे ईंरान की कमर ज़रूर टूट जाएगी। परन्तु इसके बावजूद आप इस निष्कर्ष पर क़तई नहीं पहुँच सकते कि ईंरान यह युद्ध हार चुका है या हार जायेगा। हाँ इसके विपरीत ईंरान ने अपनी बहादुरी, सूझबूझ, योग्यता, दृढ़ संकल्प, विश्वास व वूटनीति के बल पर न केवल दुनिया के कई देशों के चेहरों से नक़ाब हटा दी है बल्किअमेरिका के बारे में पूरे विश्व में बन चुकी विश्व विजेता जैसी फ़ज़ा धारणा को भी ध्वस्त कर दिया है। बेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू के बहकावे में आकर या एप्सटीन फ़ाइल के भयादोहन (ब्लैक मेलिग) का शिकार होकर ईंरान को वेनेज़ुएला की ही तरह कमतर आंक कर उसपर हमला बोल दिया। दुनिया ने देखा कि ईंरान पर आव्रमण करने से पूर्व अमेरिका व इजरायल ने किस तरह ईंरान के भीतर सत्ता विरोधी बग़ावत कराने जैसा वुटिल असफल प्रयास किया। गोया आज युद्ध में अपनी मुंह की खाने वाला अमेरिका मोसाद की मदद से ईंरान में सत्ता विरोधी बग़ावत का भी सहारा लेना चाह रहा था जोकि राष्ट्रवादी ईंरानियों ने मुमकिन नहीं होने दिया। न ही शाह की औलाद को ईंरान पर पुनः थोपने की अमेरिकी चाल कामयाब हो सकी। लिहाज़ा यह कहना ग़लत नहीं होगा कि अमेरिका अपनी इस वुटिल चाल में शुरुआत में ही ईंरान से हार चुका था। इसके बाद बावजूद इसके कि 27 फ़रवरी तक दोहा में ईंरान - अमेरिका के बीच वार्ता हो ही रही थी फिर भी अमेरिका ने इजरायली सेना के साथ मिलकर 28 फ़रवरी को पूरी ताक़त के साथ तेहरान पर हवाईं हमले शुरू कर दिये। इन हमलों का



उद्देश्य ईंरान में सत्ता परिवर्तन, ईंरान की मिसाइल क्षमताओं, परमाणु सुविधाओं और नेतृत्व को नष्ट करना था। ऑपरेशन रोअरिंग लायन और ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नमक इस पहले आव्रमण में ही ईंरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली ख़ामनेईं का तेहरान के पेस्टूर स्ट्रीट स्थित आवास पर हमले में निधन हुआ। इसी हमले में वुल लगभग 40 ईंरानी अधिकारी मारे गए, साथ ही 1, 444 से अधिक मौतें भी हुईं जिनमें 168 बच्चे और 200 महिलाएं शामिल थीं। इसी हमले में अयातुल्लाह अली ख़ामनेईं के दामाद, पोते और अली शमखानी जैसे अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारी मारे गये। रक्षा मंत्री अमीर नासिर जादेहऔर रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर मोहम्मद पाक पुर व सेना प्रमुख अब्दुल रहीम मूसवी सहित चार वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मारे गये। इसी हमले में ईंरान के 24 प्रांत प्रभावित हुए, जहां 500 से अधिक सैन्य लक्ष्य जैसे एयर ड़िपेंस, मिसाइल लॉन्चर, नौसेना और नतांज, कराज, वुम की परमाणु सुविधाएं आदि के नष्ट होने के दावे किये गये। तेहरान में राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, ख़ुफ़िया मंत्रालय और ग्रैंड बाज़ार को काफ़ी क्षति पहुंची नागरिक इलाक़ों पर भीषण बमबारी की गयी। अमेरिकी टॉम हॉक मिसाईंल से मिनाब में लड़कियों के एक स्वूल में 148 लड़कियों की मौत हो गयी तथा कईं अस्पतालों को नुक़्सान हुआ। साइबर हमलों से इंटरनेट कनेक्टिविटी बुरी तरह प्रभावित हुईं और उसी समय होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया जिससे वैश्विक स्तर पर तेल आपरूति बाधित हुईं। इसी हमले के बाद ही ट्रंप ने यह कहना शुरू कर दिया था कि हमने संघर्ष के शुरुआती घंटों में ही ईंरान की वायुसेना को ज़मीन पर ही तबाह कर दिया गया, और अब ईंरान के पास वास्तविक 'एयरफ़ोर्स' जैसी कोईं प्रभावी ताक़त नहीं रही। उन्होंने कईं बार यह दावा किया है कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाईं में ईंरान की नौसेना (नेवी) और वायु सेना (एयरफ़ोर्स) की क्षमता 'ख़त्म ' या 'लगभग पूरी तरह नष्ट' कर दी गईं है। नौसेना को लेकर उन्होंने दावा किया है कि ईंरान के लगभग सभी युद्धपोत और नौसैनिक जहाज़ डूबा दिए गए हैं, वुछ बयानों में '32 जहाज़ों के तलहटी में जाने' और '58 नौसैनिक जहाज़ों के नष्ट होने' जैसी संख्या भी दी गईं। परन्तु ट्रंप के इन दावों के बावजूदईंरान के मिसाइल और ड्रोन के भरपूर हमले अभी भी जारी हैं। और यह हमले अपनी तीव्रता व सटीकता के चलते अमेरिका सहित पूरे विश्व हो अचंभे में डाले हुये हैं। भले ही ईंरानी सेना, नेवी और रडार व वायु रक्षा प्रणाली को भारी नुक़्सान ज़रूर पहुँचा है परन्तु इसके बावजूद ईंरान ने पूरी दुनिया को यह भी दिखा दिया है कि 1979 की इस्लामिक व्रांति के बाद ईंरान ने सिर्फ़ अमेरिकी पिट्ठू शाह पहलवी की सत्ता को ही नहीं उखाड़ पेंका बल्कि 47 वर्षो तक वैश्विक प्रतिबंधों के बावजूद ईंरान ने सामाजिक, शैक्षिक, वैज्ञानिक व सामरिक स्तर पर जो तैयारियां की हैं आज उसी का नतीजा सामने है। अन्यथा कौन सोच सकता था कि राष्ट्रपति ट्रंप के ईंरान को हर प्रकार से तबाह बर्बाद करने के बार बार किये जा रहे दावों के बावजूद ईंरान इजरायल के हाइफ़ा पोर्ट व उसके पेट्रोलियम प्लांट और फाइनेंशियल ढांचे को तबाह कर देगा। अमेरिका के सर्व शक्तिशाली युद्धपोत यू एस एस अब्राहम लिकन को धुआँ धुआँ कर उसे पीठ दिखाकर भागने के लिए मजबूर कर देगा, गेराल्ड आर फ़ोर्ड जैसा सबसे ख़तरनाक युद्धपोत पीठ दिखाकर भाग जायेगा, ईंरान ने आयरन डोम के चलते इजरायल के अजेय होने की धारणा को भी धूल धूसरित कर दिया। और तो और नेतन्याहू के अनेक स्पष्टीकरण व कथित प्रकटीकरण के बावजूद तमाम विश्लेषक नेतन्याहू के जीवित होने को लेकर अभी भी पूरी तरह आश्वस्त नहीं हैं। बहरहाल मैदान ए करबला से प्रेरित आईंआरजीसी के 5 लाख प्रशिक्षित सैनिकों व 25 लाख से अधिक की आरक्षित सेना ने अपने बुलंद हौसलों से युद्ध में हार जीत की परिभाषा को बदल कर रख दिया है। ईंरान ने अमेरिका के अजेय होने की धारणा को ध्वस्त करते हुये दुनिया को यह सोचने के लिये विवश कर दिया है कि आख़िर इस युद्ध में कौन जीता है कौन हार गया।

आप का नज़रिया

# देश को आश्वासन

**युद्ध** के चलते उपजे हालात के बीच देश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आश्वासन जरूरी था। लोकसभा में प्रधानमंत्री के वक्तव्य की प्रतीक्षा हो रही थी। अब इस विश्वास को बल मिला है कि देश में तेल-गैस जनित संकट बेकाबू नहीं हो पाएगा। प्रधानमंत्री ने जो तथ्य संसद में रखे हैं, उनकी रोशनी में हमें देखना और सोचना होगा। युद्ध वाकई खतरनाक है और इसका असर सभी पर पड़ रहा है। भारत में भी यह असर पड़ रहा है और अच्छी बात है कि यहां सरकार हालात से निपटने के लिए सजग है। प्रधानमंत्री ने आंकड़ों के साथ बताया है कि तेल, गैस और कोयले की देश में क्या स्थिति है और देश के पास कितना भंडार है। पहले भारत दुनिया के 27 देशों से कच्चा तेल, एलपीजी और पीएनजी खरीदता था, अब वह 41 देशों से खरीद रहा है। भारत की ईंधन जरूरत बहुत ज्यादा है और वह कुछ ही देशों पर निर्भर नहीं रह सकता। पूरे भारत में पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास जारी रहने चाहिए। प्रधानमंत्री के उद्बोधन में दूसरा महत्वपूर्ण पहलू भारतीयों की सुरक्षा का है। युद्ध से देश को बचाने की रणनीति पुरानी और आजमाई हुई है। साथ ही, हर देश से अच्छे रिश्ते रखने की कोशिशें जारी रहें, इसी में भलाई है। आज दुनिया का शायद ही कोई ऐसा देश होगा, जहां भारतीय या भारतीय मूल के लोग नहीं रहते होंगे। ऐसे में, प्रधानमंत्री का यह आश्वासन मायने रखता है कि संघर्ष के समय भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। प्रभावित देशों या क्षेत्रों में भारतीय दूतावास नागरिकों को हरसंभव सहायता देने में जुटे हैं। तीन लाख से ज्यादा भारतीय इस युद्ध के बाद स्वदेश लौटे हैं। हालांकि, यह एक छोटी संख्या है। ध्यान रहे, खाड़ी देशों में 90 लाख से ज्यादा भारतीय रहते हैं, मतलब, 87 लाख भारतीय अभी भी वहां डटे हुए हैं। उनकी सुरक्षा के प्रति सरकार को लगातार सजग रहना चाहिए। किसी भी तरह की घबराहट से बचना चाहिए। जहां बहुत जरूरी हो, वहीं से भारतीयों की वापसी होनी चाहिए। युद्ध के वक्त भारतीयों की दृढ़ता, अपने कर्म और कर्मक्षेत्र के प्रति वफादारी को नजरंदाज नहीं करना चाहिए। एक चिंता बिजली आपूर्ति को लेकर भी जताई जा रही थी, तो प्रधानमंत्री ने आश्वस्त किया है कि कोयला भंडार पर्याप्त है और आपूर्ति में कोई व्यवधान नहीं आने दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने किसानों को भी हर मदद का आश्वासन दिया है। उन्हें उद्योग जगत पर भी निगाह रखनी चाहिए, ताकि घबराहट में कहीं छंटनी का सिलसिला न चल पड़े। वैसे, सबसे महत्वपूर्ण है, कालाबाजारी करने वालों को दी गई चेतावनी। प्रधानमंत्री ने राज्य सरकारों से कहा है कि वे ऐसे मामलों में कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। कोई दोराय नहीं कि राज्य सरकारें अगर ठान लें, तो रसोई गैस सिलेंडर की कालाबाजारी या जमाखोरी नहीं हो पाएगी। सरकारों को घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई रसोई ऐसी न हो, जहां सिलेंडर का अभाव हो जाए। अगर सरकार एलपीजी का उत्पादन बढ़ाने जा रही है, तो यह सराहनीय है। प्रधानमंत्री तेल के विकल्प को लेकर भी चिंतित हैं और उन्होंने बताया है कि एक दशक पहले देश में केवल एक प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण क्षमता थी, आज हम पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण के करीब हैं। ठीक ऐसे ही सरकार को इलेक्ट्रिक वाहनों को ज्यादा से ज्यादा तरजीह देने की ओर बढ़ना चाहिए।

लोकसभा में प्रधानमंत्री के वक्तव्य की प्रतीक्षा हो रही थी। अब इस विश्वास को बल मिला है कि देश में तेल-गैस जनित संकट बेकाबू नहीं हो पाएगा। प्रधानमंत्री ने जो तथ्य संसद में रखे हैं, उनकी रोशनी में हमें देखना और सोचना होगा। युद्ध वाकई खतरनाक है और इसका असर सभी पर पड़ रहा है। भारत में भी यह असर पड़ रहा है और अच्छी बात है कि यहां सरकार हालात से निपटने के लिए सजग है। प्रधानमंत्री ने आंकड़ों के साथ बताया है कि तेल, गैस और कोयले की देश में क्या स्थिति है और देश के पास कितना भंडार है। पहले भारत दुनिया के 27 देशों से कच्चा तेल, एलपीजी और पीएनजी खरीदता था, अब वह 41 देशों से खरीद रहा है। भारत की ईंधन जरूरत बहुत ज्यादा है और वह कुछ ही देशों पर निर्भर नहीं रह सकता। पूरे भारत में पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति सुचारु रूप से सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास जारी रहने चाहिए। प्रधानमंत्री के उद्बोधन में दूसरा महत्वपूर्ण पहलू भारतीयों की सुरक्षा का है। युद्ध से देश को बचाने की रणनीति पुरानी और आजमाई हुई है। साथ ही, हर देश से अच्छे रिश्ते रखने की कोशिशें जारी रहें, इसी में भलाई है। आज दुनिया का शायद ही कोई ऐसा देश होगा, जहां भारतीय या भारतीय मूल के लोग नहीं रहते होंगे। ऐसे में, प्रधानमंत्री का यह आश्वासन मायने रखता है कि संघर्ष के समय भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। प्रभावित देशों या क्षेत्रों में भारतीय दूतावास नागरिकों को हरसंभव सहायता देने में जुटे हैं। तीन लाख से ज्यादा भारतीय इस युद्ध के बाद स्वदेश लौटे हैं। हालांकि, यह एक छोटी संख्या है। ध्यान रहे, खाड़ी देशों में 90 लाख से ज्यादा भारतीय रहते हैं, मतलब, 87 लाख भारतीय अभी भी वहां डटे हुए हैं।

दृष्टि कोण

# ई-ट्रांसमिशन कस्टम ड्यूटी पर रोक हटे

**1998** में, डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों ने वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक कॉमर्स की घोषणा को अपनाया था। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर कस्टम ड्यूटी न लगाने की प्रथा को जारी रखने पर सहमति जताई थी। हालांकि, यह रोक अगली मंत्रिस्तरीय बैठक शुरू होने तक के लिए एक अस्थायी प्रावधान था। लेकिन डब्ल्यूटीओ की हर मंत्रिस्तरीय बैठक में इस रोक को अगली बैठक तक के लिए बढ़ाया जाता रहा, और पिछली मंत्रिस्तरीय बैठक- यानी 13वीं मंत्रिस्तरीय कॉन्फ्रेंस, में भी यही हुआ। कुछ बहस के बाद, डब्ल्यूटीओ के सदस्य देश इस रोक को आगे बढ़ाने पर एक बार फिर सहमत हो गए और यह विस्तार 31 मार्च 2026 तक या अगली मंत्रिस्तरीय कॉन्फ्रेंस होने तक- इनमें से जो भी पहले हो, तक के लिए मान्य किया गया। 14वीं मंत्रिस्तरीय कॉन्फ्रेंस में यह मुद्दा बहस के लिए फिर सामने आएगा। हम समझते हैं कि डब्ल्यूटीओ में इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर लगी रोक एक ऐसा प्रावधान है जो देशों को इंटरनेट के जरिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजे जाने वाले डिजिटल उत्पादों पर टैरिफ लगाने से रोकता है। हालांकि, यह रोक अस्थायी है और इस पर काफी विवाद है, खासकर विकासशील देशों की ओर से। भारत सहित कई विकासशील देश अलग-अलग कारणों से इस रोक का विरोध करते रहे हैं। हालांकि विकासशील देश इस रोक को जारी रखने का विरोध करते रहे हैं, लेकिन विकसित देशों के दबाव में यह रोक बदस्तूर जारी रही। खास बात यह है कि जब डब्ल्यूटीओ शुरू हुआ था, तब इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का व्यापार बहुत सीमित था। ऐसी स्थिति में, इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के व्यापार पर लगने वाले टैरिफ को कुछ समय के लिए रोक दिया गया था। 1998 में विश्व व्यापार संगठन के दूसरे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में यह तय किया गया कि विकासशील देशों की विकास संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक व्यापार से जुड़े मुद्दों का अध्ययन किया जाए, साथ ही यह प्रस्ताव भी रखा गया कि इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर लगने वाले टैरिफ को



अगले मंत्रिस्तरीय सम्मेलन तक के लिए टाल दिया जाए। दूसरी ओर, भारत सहित अन्य विकासशील देशों को इस रोक का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है, क्योंकि इससे उन्हें राजस्व का नुकसान हो रहा है। उनके व्यवसायों की इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद विकसित करने की क्षमता कमजोर पड़ रही है और उनका भविष्य का औद्योगीकरण भी खतरे में है। वहीं, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और चीन जैसे विकसित देश, इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर लगने वाले सीमा शुल्क पर डब्ल्यूटीओ की इस रोक को स्थायी (या कम से कम अनिश्चित काल के लिए) बनाए रखने की लगातार कोशिश कर रहे हैं। भारत को राजस्व का नुकसान : 'डिजिटल उत्पादों के आयात' के लिए सबसे ज्यादा माना जाने वाला पैमाना है डिजिटल रूप से दी जाने वाली सेवाएं (डीडीएस), जैसे सॉफ्टवेयर, क्लाउड, ओटीटी, डेटा, डिजाइन, फिनटेक, वगैरह। नीति आयोग के अनुमानों के मुताबिक, भारत ने 2024 में 116.9 अरब डालर की डिजिटल सेवाएं आयात कीं, जो पिछले सालों के 41.4 अरब डालर से काफी ज्यादा है, यह तेजी से हो रही बढ़ोतरी को दिखाता है। इस व्यापार का एक और अहम पहलू यह है कि आयात ज्यादातर विकसित देशों (यूएस, ईयू प्लेटफार्म, सॉफ्टवेयर कंपनियां) से हो रहा है। हम देखते हैं कि ई-ट्रांसमिशन पर डब्ल्यूटीओ की रोक का राजस्व पर बहुत बड़ा असर पड़ रहा है, क्योंकि इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन, जैसे सॉफ्टवेयर डाउनलोड, ई-बुक्स, फिल्में, क्लाउड सेवाएं वगैरह- पर कोई कस्टम ड्यूटी नहीं लगती।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज आपको पैसों से जुड़ी कोई समस्या आ सकती है जिसे सुलझाने के लिए आप अपने पिता या पितातुल्य किसी आदमी से सलाह ले सकते हैं। आज आपका ऊर्जा से भरपूर, ज़िंदादिल और गर्मजोशी से भरा व्यवहार आपके आस–पास के लोगों को ख़ुश कर देगा। इच्छित परिणाम देने के लिए आपको अपनी कोशिशों पर एकाग्रता बनाए रखने की ज़रूरत है। अपने घर में बिखरी चीजों को संभालने का आज आप प्लान करेंगे लेकिन आपको इसके लिए आज खाली समय नहीं मिल पाएगा। आपको ज़रूरत है तो जीवनसाथी के साथ आत्मीय बातचीत की।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज–मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी। संदिग्ध आर्थिक लेन–देन में फँसने से सावधान रहें। अपना कुछ समय दूसरों को देने के लिए अच्छा दिन है। आज आप अपने प्रेमी के साथ कहीं घूमने को जा सकते हैं। आपके लिए आज बहुत सक्रिय और लोगों से मेल–जोल भरा दिन रहेगा। लोग आपसे आपकी राय मांगेंगे और जो भी आप कहेंगे, उसे बिना सोचे मान लेंगे। घर के छोटे सदस्यों को साथ लेकर आज आप किसी पार्क या शॉपिंग मॉल में जा सकते हैं।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आपका पैसा तभी आपके काम आएगा जब आप उसको संचित करेंगे यह बात भली भांति जान लें नहीं तो आपको आने वाले समय में पछताना पड़ेगा। आपकी दूसरों को राज़ी करने की क्षमता आने वाली मुश्किल को हल करने में कारगर साबित होगी। थोड़ी कोशिश और करें। आज भाग्य आपका साथ ज़रूर देगा, क्योंकि यह आपका दिन है। प्रभा–वशाली लोगों से संपर्क करना आपके लिए अच्छे परिणाम लाएगा। आपको अपने घर के छोटे सदस्यों के साथ वक्त बिताना सीखना चाहिए। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो आप घर में सद्भाव बना पाने में कामयाब नहीं हो पाएंगे।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज आप खेल–कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे। दिन के दूसरे हिस्से में आप आराम करना और अपने परिवार के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। दीर्घावधि में कामकाज के सि–लसिले में की गयी यात्रा फ़ायदेमंद साबित होगी। जीवनसाथी के किसी अचानक काम की वजह से आपकी योजनाएँ बिगड़ सकती हैं। लेकिन फिर आपको महसूस होगा कि जो होता है अच्छे के लिए ही होता है।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

मानसिक तौर पर आप स्थिर महसूस नहीं करेंगे– इसलिए इस बात का ख़याल रखें कि दूसरों के सामने आप कैसे बर्ताव करते और बोलते हैं। आज आप काफ़ी पैसे बना सकते हैं– लेकिन इसे अपने हाथों से फिसलने न दें। आपको कोई अच्छी ख़बर मिल सकती है, जो न केवल आपको बल्कि आपके परिवार को भी रोमांचित कर देगी। महत्वपूर्ण व्यापारिक सौदे करते समय दूसरों के दबाव में न आएँ। इस राशि के जातक आज लोगों से मिलने से ज्यादा अकेले में वक्त बिताना पसंद करेंगे। आज आपका खाली समय घर की सफाई में बीत सकता है।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

ध्यान और योग न केवल आध्यात्मिक तौर पर, बल्कि शारीरिक तौर पर भी आपके लिए फ़ायदेमन्द साबित होंगे। आज किसी विपरीत लिंगी की मदद से आपको करोबार या नौकरी में आर्थिक लाभ होने की संभावना है। आज आप अपने जीवन की परेशानियों को अपने संगी से साझा करना चाहेंगे लेकिन वो अपनी परेशानियों के बारें में बता के आपको और ज्यादा परेशान कर देंगे। आज अनुभवी लोगों से जुड़कर जानने की कोशिश करें कि उनका क्या कहना है। जीवनसाथी से बहुत ज़्यादा उम्मीदें रखना आपको वैवाहिक जीवन में उदासी की तरफ़ ले जा सकता है।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

दोस्तों का रुख़ सहयोगी रहेगा और वे आपको ख़ुश रखेंगे । आपसी संवाद और सहयोग आपके और आपके जीवनसाथी के बीच रिश्ते को मज़बूत बनाएगा। अपने प्रिय के बिना समय बिताने में दिक़्क़त महसूस करेंगे। नौकरी–पेशे के लिहाज़ से की गयी यात्रा सकारात्मक फल देगी। आपको इंटरव्यू के दौरान दिमाग़ ठण्डा रखने और ख़ुद को अभिव्यक्त करने की ज़रूरत है। आज आपको अपने कामों को समय पर निपटाने की कोशिश करनी चाहिए। आपका जीवनसाथी आपकी ज़रूरतों को अनदेखा कर सकता है ।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आप महसूस करेंगे कि आस–पास के लोग बहुत ज़्यादा मांग करने वाले हैं। लेकिन जितना आप कर सकते हैं, उससे ज़्यादा करने का वादा न करें और केवल दूसरे को ख़ुश करने के लिए ख़ुद को तनाव से नहीं थकाएँ। सट्टेबाज़ी से फ़ायदा हो सकता है। जिन लोगों से आपकी मुलाक़ात कभी–कभी ही होती है, उनसे बातचीत और संपर्क करने के लिए अच्छा दिन है। एकतरफ़ा लगाव आपके लिए सिर्फ दिल तोड़ने का काम करेगा। ऐसे लोगों से साथ जुड़ें जो स्थापित हैं और भविष्य के रुझानों को समझने में आपकी मदद कर सकते हैं। आज आप सबसे दूर होकर अपने आप के लिए वक्त निकाल पाएंगे।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आपके जीवन–साथी का प्यारा बर्ताव आपका दिन ख़ुशनुमा बना सकता है। धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे। घर में उल्लास का माहौल आपके तनावों को कम कर देगा। आप भी इसमें पूरी सहभागिता करें और महज़ मूक दर्शक न बने रहें। लंबित परियोजनाएँ पूरी होने की दिशा में बढ़ेंगी। अगर आपके पास हालात से उबरने के लिए दृढ़ इच्छा–शक्ति है, तो कुछ भी असंभव नहीं है। आपको और आपके जीवनसाथी को वैवाहिक जीवन में कुछ निजता की ज़रूरत हे।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

सिर्फ़ सकारात्मक विचारों के ज़रिए इन समस्याओं से निजात पायी जा सकती है। रियल एस्टेट और वित्तीय लेन–देन के लिए अच्छा दिन है। घरेलू मामलों और काफ़ी समय से लंबित घर के काम–काज के हिसाब से अच्छा दिन है। कार्यक्षेत्र में दिल लगाने से बचें नहीं तो आपकी बदनामी हो सकती है। यदि आप किसी से जुड़ना भी चाहते हैं तो ऑफिस से दूरी बनाकर ही उनसे बात करें। इस राशि के जातक खाली वक्त में आज किसी समस्या का समाधान निकालने की कोशिश कर सकते हैं सेहत को लेकर थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

मानसिक शान्ति के लिए किसी दान–पुण्य के काम में सहभागिता करें। जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है। आम परिचितों से व्यक्तिगत बातों को बांटने से बचें। गर्लफ़्रेण्ड/बॉयफ़्रेण्ड से धोखा मिल सकता है। सहकर्मियों और वरिष्ठों के पूरे सहयोग के चलते दफ़्तर में काम तेज़ रफ़्तार पकड़ लेगा। अपने ज़बरदस्त आत्मविश्वास का फ़ायदा उठाएँ, बाहर निकलें और कुछ नए सम्पर्क व दोस्त बनाएँ। आपका जीवनसाथी रोज़ाना की ज़रूरतों को पूरा करने से अपने हाथ पीछे खींच सकता है ।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

बचपन की यादें आपके मन पर छायी रहेंगी। लेकिन इस काम में आप ख़ुद को मानसिक तनाव दे सकते हैं। आपके पास आज पैसा भी पर्याप्त मात्रा में होगा और इसके साथ ही मन में शांति भी होगी। दफ़्तर में आपको कुछ ऐसा काम मिल सकता है, जिसे आप हमेशा से करना चाहते थे। आज आप ऑफिस से घर वापस आकर अपना पसंदीदा काम कर सकते हैं। इससे आपके मन को शांति मिलेगी।

## आज का पंचांग

दिनांक : 25 मार्च 2026 , बुधवार
विक्रम संवत : 2083
मास : चैत्र , शुक्ल पक्ष
तिथि : सप्तमी दोपहर 01:52 तक
नक्षत्र : मृगशिरा सायं 05:34 तक
योग : सौभाग्य रात्रि 03:08 तक
करण : वणिज दोपहर 01:52 तक
चन्द्रराशि : मिथुन
सूर्योदय : 06:16 , सूर्यास्त 06:27 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:20, सूर्यास्त 06:30 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:13 , सूर्यास्त 06:23 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:08, सूर्यास्त 06:19 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

लाभ : 06:00 से 07:30
अमृत : 07:30 से 09:00
शुभ : 10:30 से 12:00
चल : 03:00 से 04:30
लाभ : 04:30 से 06:00
राहुकाल : दोपहर 12:00 से 01:30
दिशाशूल : उत्तर दिशा
उपाय : तिल्ली खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : कालरात्रि पूजन, भद्रा दोपहर 01:52 से रात्रि 12:47 तक , सिद्धि योग प्रातः 06:16 से सायं 05:34 तक

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# साधु–संतों के आशीर्वाद से सनातन संस्कृति का हो रहा पुनर्जागरण : भजनलाल शर्मा

**बालोतरा, 24 मार्च (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजनीति हो या कोई अन्य कार्य हो, धर्म आवश्यक है, धर्म के अभाव में कोई भी कार्य ठीक से नहीं हो सकता। धर्म परायण होने पर ही सिद्धियां प्राप्त होती हैं और उसी से ही उत्कृष्ट समाज एवं राष्ट्र की स्थापना हो सकती है। सनातन परम्परा हमें धर्म पर चलते हुए सामाजिक एकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरा शौर्य, आस्था और भक्ति की त्रिवेणी है, जहां साधु–संतों के आशीर्वाद से सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण हो रहा है। शर्मा मंगलवार को बालोतरा के कनाना श्रीमठ में आयोजित श्री ललिता महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं मां सरस्वती मंदिर के प्राण–प्रतिष्ठा महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाजिक एकता को सुदृढ़ करने के साथ ही आने वाली पीढ़ी को विरासत से जोड़ते हैं। मुख्यमंत्री ने बालोतरा के धार्मिक महत्व को बताते हुए कहा कि यहां के तीर्थ स्थल हमारी गौरवशाली संस्कृति के सजग प्रहरी हैं। वहीं, कनाना मठ की पवित्र भूमि अलौकिक ऊर्जा का संचार करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश के धार्मिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य में ऐतिहासिक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण–प्रतिष्ठा, वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और उज्जैन में महाकाल महालोक के अलौकिक निर्माण सहित प्रसाद योजना के माध्यम से देशभर के प्रमुख तीर्थस्थलों के आधारभूत ढांचे और सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

**आस्था की सेवा सबसे बड़ी जनसेवा, प्रदेश के तीर्थ स्थलों का हो रहा विकास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आस्था की सेवा सबसे बड़ी जनसेवा है, इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में भी हमारी सरकार तीर्थ स्थलों के विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत बुजुर्गों को निःशुल्क तीर्थ दर्शन करवाए जा रहे हैं। साथ ही, मुख्यमंत्री विकसित ग्राम एवं वार्ड योजना के तहत धार्मिक स्थलों का सुनियोजित विकास किया जा रहा है।




देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सनातन के लिए विशेष कार्य किए जा रहे हैं। इसी के तहत राजस्थान दिवस को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन मनाने की परंपरा शुरू की गई है। वहीं, मंदिरों के विकास और संस्कृति को संरक्षित करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान कनाना मठ के महंत श्री परशुराम गिरी महाराज ने मुख्यमंत्री का अभिवादन करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जनकल्याण के सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन अखण्ड भारत और सनातन संस्कृति की पहचान है। जहां कई देश युद्ध की ओर अग्रसर हैं, वहीं हम भारतीय समस्त विश्व की शांति के लिए कार्य कर रहे हैं।

इससे पहले शर्मा ने पिछले एक वर्ष से चल रहे श्री ललिता महायज्ञ में पूर्णाहुति दी। साथ ही, कार्यक्रम में देशभर से आए प्रमुख संत–महंतों का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। वहीं, महंत परशुराम गिरी महाराज ने मुख्यमंत्री को श्री यंत्र भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के.के. विश्नोई, विधायक हमीर सिंह भायल, महंत प्रतापपुरी, आदूराम मेघवाल, अरुण चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, प्रमुख महंत, साधु–संत और आमजन मौजूद रहे।

## गायत्री राठौड ने संपर्क हेल्पलाइन 181 कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया



**जयपुर, 24 मार्च (एजेंसियां)।** चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा पंचायती राज (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री ए. राठौड ने मंगलवार को सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की नियमित और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो सके। निरीक्षण के दौरान राठौड ने मेडिकल हेल्थ विभाग, मेडिकल शिक्षा विभाग तथा राजस्थान राज्य स्वास्थ्य बीमा एजेंसी (राशा) से जुड़े प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। संपर्क पोर्टल पर 23 मार्च 2025 से 23 मार्च 2026 तक मेडिकल हेल्थ विभाग के कुल 79,512 प्रकरण दर्ज हुए, जिनमें से 74,455 (93.64 प्रतिशत) का निस्तारण किया जा चुका है। इन मामलों के समाधान का औसत समय 18 दिन रहा तथा लगभग 66 प्रतिशत परिवादियों ने समाधान पर संतुष्टि व्यक्त की। इसी प्रकार मेडिकल शिक्षा विभाग से जुड़े 9,830 प्रकरणों में से 9,230 (93.90 प्रतिशत) का निस्तारण किया गया। इनका औसत निस्तारण समय 27 दिन रहा, जबकि करीब 65 प्रतिशत परिवादी संतुष्ट पाए गए। वहीं राजस्थान राज्य स्वास्थ्य बीमा एजेंसी (राशा) से संबंधित 15,457 प्रकरणों में से 14,417 (93.27 प्रतिशत) का समाधान किया गया, जिनका औसत निस्तारण समय 28 दिन रहा और लगभग 72 प्रतिशत परिवादियों ने संतुष्टि जताई। सचिवालय स्थित लाइब्रेरी बिल्डिंग में स्थापित संपर्क हेल्पलाइन 181 के कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान श्रीमती राठौड ने स्वयं परिवादियों की समस्याएं सुनीं और उनसे सीधे संवाद कर फीडबैक लिया। कई मामलों में उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

## सैनिक वर्दी से नहीं बल्कि अपने हौसले और संकल्प से पहचाना जाता है: राज्यवर्धन राठौड़



**डीडवाना, 24 मार्च (एजेंसियां)।** राजस्थान के सैनिक कल्याण विभाग की ओर से पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मंगलवार को डीडवाना में एकीकृत सैनिक कल्याण परिसर का लोकार्पण किया गया।

उद्योग एवं सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नवनिर्मित भवन को पूर्व सैनिकों को समर्पित किया। इस अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाली गई तथा हेल्थ कैंप का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों व उनके परिजनों की भागीदारी रही।

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि देश की रक्षा में पूर्व सैनिकों का योगदान अमूल्य है। उन्होंने पूर्व सैनिकों का आह्वान किया कि वे अपने अनुभव और अनुशासन से युवाओं को प्रेरित करें और समाज में सक्रिय भूमिका निभाते रहें।

डीडवाना की वीर धरा पर आज एकीकृत सैनिक कल्याण परिसर के उद्घाटन समारोह में कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने भारत के योद्धाओं से संवाद किया और वीरांगनाओं से भी आत्मीय बातचीत की। जहां भी आप रहते हैं, वहां अपनी उपस्थिति बनाएं रखें। उन्होंने सैनिकों की पत्नियों से आह्वान किया कि ऐसे में आपका फ्रंटरोल जारी रहे। हमारे इन योद्धाओं ने सीमा पर गोलियों का सामना किया है, दुश्मनों का सामना किया है। राष्ट्र को सर्वोपरी रखने का जज्बा हमारे इन गौरवान्वित सेनानियों में आज भी है। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि यह परिसर हमारी वीरंगनाओं और पूर्व सैनिकों के लिए समर्पित है, जहां अस्पताल, कैंटीन और विश्राम गृह जैसी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की भाजपा सरकार गौरव सेनानियों के सम्मान और सेवा में कोई कमी नहीं आने देगी। यही हमारा संकल्प है।

## देश में सिलेंडर क्राईसिस और सरेंडर क्राईसिस : दीपेंद्र हुड्डा

**चंडीगढ़, 24 मार्च (एजेंसियां)।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने आज लोकसभा में वित्त विधेयक पर कांग्रेस पार्टी की तरफ से चर्चा करते हुए कहा कि बारह साल में बीजेपी सरकार ने ऐसे ऐसे रिकार्ड बनाये जिनसे पता चलता है कि अर्थव्यवस्था कितनी गंभीर परिस्थिति में है। दीपेंद्र हुड्डा ने डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट पर सरकार को घेरते हुए कहा कि भारत वर्ल्ड फास्टेस्ट ग्रोईंग इकोनॉमी नहीं बल्कि वर्ल्ड फास्टेस्ट फॉलिंग करेंसी वाला देश बन गया है। 78 साल के इतिहास में रुपया दुनिया के बाजार में इतना सस्ता कभी नहीं हुआ जितना भाजपा सरकार में हो गया। पिछले तीन साल में दुनिया की सबसे ज्यादा गिरने वाली टॉप तीन करेंसी ईरानी रियाल, लेबनानी पाउंड और भारतीय रुपया है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार बताए ईरान और लेबनान पर तो बम गिर रहे हैं, हमारे देश में कौन सा बम गिर रहा है। उन्होंने कहा कि महंगाई आसमान छू रही है और रुपया तेजी से रसातल की तरफ जा रहा है, सरकार बेबस नजर आ रही है। देश में सिलेंडर किल्लत पर तंज करते हुए सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि देश में सिलेंडर क्राईसिस तो है ही, सरेंडर क्राईसिस है। स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने पहले कोई तैयारी नहीं की। अब जब संकट आया तो सरकार के हाथ–पैर फूल गए। आज अमेरिका ये फैसला कर रहा है कि भारत कहां से तेल लेगा, कितने में खरीदेगा। अमेरिका फैसला कर रहा है कि युद्ध विराम कब होगा? वित्त विधेयक पर बोलते हुए सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने हरियाणा के साथ हो रहे भेदभाव और अन्याय का मुद्दा उठाया कहा कि हरियाणा देश के ऋछ्ढ कलेक्शन का 7% देता है लेकिन उसे 1% वापस मिलता है। हरियाणा उत्तर प्रदेश, पंजाब जैसे राज्यों से कहीं ज्यादा टैक्स कलेक्शन देता है फिर भी हरियाणा के बड़े मंजूरशुदा बड़े प्रोजेक्ट दूसरे प्रदेशों में चले गए। उन्होंने कहा कि बजट में न तो इनका कोई जिक्र है न ही सरकार ने इनके लिये एक रुपये का आवंटन ही दिया। उन्होंने महम इंटरनेशनल एयरपोर्ट, गोहाना रेल कोच फैक्ट्री, बाढ़सा एम्स के बचे हुए 10 संस्थान, गुरुग्राम में बनने वाले भारतीय राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय आदि परियोजनाओं को बजट देने की मांग की। उन्होंने कहा कि 78 साल में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, यूरिया इतना महंगा नहीं हुआ, जितना बीजेपी सरकार में हुआ। लेकिन सरकार युद्ध की आड़ लेकर कहेगी कि क्रूड ऑयल की कीमत काफी बढ़ गई है। 2014 में पेट्रोल 70 रुपये डीजल 50 रुपये और ड्ढञ्ज्र 400 रुपये पर था, जो आज 96, 88 और 913 रुपये पर पहुँच गया है। आज क्रूड ऑयल करीब 100 डॉलर प्रति बैरल है, बीजेपी सरकार ने इतने पर ही पेट्रोल, डीजल, एलपीजी महंगी क्यों कर दी।



## राज्य में घरेलू गैस सप्लाई की कोई किल्लत नहीं, नागरिक आश्वस्त रहें : राजेश नागर

**चंडीगढ़, 24 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि एलपीजी से जुड़ी कोई भी अनियमितता सामने आती है तो उस पर तुरंत एक्शन लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एलपीजी सिलेंडर को लेकर राज्य में स्थिति सामान्य है, नागरिकों को किसी भी तरह के पैनिक की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि हरियाणा में एलपीजी सिलेंडर की कालाबाजारी और अवैध उपयोग के खिलाफ सरकार ने सख्त कार्रवाई करते हुए अब तक 8 ऋखठ दर्ज की गई हैं, 52 आरोपियों की संलिप्तता पाई गई और 825 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा है कि सिलेंडर की कालाबाजारी और अवैध उपयोग के प्रति सरकार का रुख कड़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। मिडिल ईस्ट में उत्पन्न युद्ध जैसी परिस्थितियों में भी जो शरारती एवं षड्यंत्रकारी तत्व अफवाह फैला रहे हैं, सरकार उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि ज़ब्त किये कुल 825 घरेलू एलपीजी में झज्जर जिले से 131, महेंद्रगढ़ जिले से 109 सिलेंडर, अम्बाला से 86, भिवानी से 21, फरीदाबाद से 2, फतेहाबाद से 71, गुरुग्राम से 75, हिसार से 39, जींद से 17, कैथल से 10, करनाल से 44, कुरुक्षेत्र से 21, नूंह से 16, पानीपत से 23, रेवाड़ी से 21, रोहतक से 98, सिरसा से 12, सोनीपत से 12 और यमुनानगर से 17 ड्ढञ्ज्र सिलेंडर ज़ब्त किये जा चुके हैं।

इनमें से फरीदाबाद में 7 और सोनीपत में 1 ऋखठ दर्ज की गई हैं। इस कड़ी में तीन वाहन भी पकड़े गए हैं।

## प्रदेश में करीब 3 लाख लड़कियों को ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन नि:शुल्क लगाई जाएगी : आरती सिंह

**चंडीगढ़, 24 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा की स्वाथ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि प्रदेश में करीब 3 लाख लड़कियों को ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन (क्ष्ज्ञत) निः शुल्क लगाई जाएगी। अब तक लगभग 3280 किशोर लड़कियों को यह वैक्सीन लगाई जा चुकी है। आरती सिंह राव ने बताया कि फिलहाल, 14 साल की लड़कियों की सही लिस्ट बनाने के लिए सभी जिलों में हेड काउंट सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य में टारगेट किशोर लड़कियों की संख्या कुल आबादी का 1 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 28 फरवरी, 2026 को हरियाणा में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (क्ष्ज्ञत) वैक्सीन लॉन्च की थी। यह इंजेक्शन क्ष्ज्ञत के टाइप 16 और 18 से सुरक्षा देता है, जो सर्वाइकल कैंसर के लिए ज़िम्मेदार हैं, साथ ही टाइप 6 और 11 से भी सुरक्षा देता है। इसके टारगेट लाभार्थी वे किशोर लड़कियां हैं जिन्होंने 14 साल की उम्र पूरी कर ली है, लेकिन अभी 15 साल की नहीं हुई हैं।



स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि वैक्सीन देने से पहले, सभी मेडिकल और पैरा–मेडिकल स्टाफ यह सुनिश्चित करें कि वैक्सीन लगवाने वाली किशोरी टीकाकरण के समय खाली पेट न हों। माता–पिता को सलाह दी जानी चाहिए कि वे यह सुनिश्चित करें कि वैक्सीन लगवाने वाली किशोरी खाली पेट न हों, या टीकाकरण से पहले उन्हें कुछ खाने के लिए दें। सेशन वाली जगह पर उन किशोरियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई है, जिन्होंने घर पर नाश्ता नहीं किया है।

उन्होंने बताया कि टीकाकरण के बाद यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि वैक्सीन लगवाने वाली किशोरियां 30 मिनट तक वहीं रुकें। सेशन वाली जगहों पर ऑब्ज़र्वेशन रूम में ऐसी गतिविधियों की व्यवस्था की गई है, जो किशोरियों का ध्यान टीकाकरण के बाद होने वाले दर्द और घबराहट से हटा सकें। तनाव से जुड़ी प्रतिक्रियाओं की संभावना को कम करने के लिए भीड़भाड़ कम से कम रखें।

आरती सिंह राव ने आगे कहा कि प्रोग्राम के दिशा–निर्देशों के अनुसार, केवल उन्हीं किशोरियों को वैक्सीन लगाएं जिन्होंने 14 साल की उम्र पूरी कर ली है, लेकिन अभी 15 साल की नहीं हुई हैं।

टीकाकरण से पहले माता–पिता/अभिभावकों से OTP–आधारित सहमति या लिखित सहमति प्राप्त करें। वैक्सीन लगाने से पहले लाभार्थियों की गर्भावस्था, पहले एचपीवी टीकाकरण, गंभीर एलर्जी, या मध्यम/गंभीर बीमारी के लिए स्क्रीनिंग की जाती है। टीकाकरण सेशन निर्धारित केंद्रों₹ पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की मौजूदगी में और मेडिकल देखरेख में आयोजित किए जाते हैं।

लाभार्थियों और माता–पिता को हल्के साइड इफ़ेक्ट (दर्द, हल्का बुखार, बदन दर्द) के बारे में जानकारी दें और डॉक्टर की सलाह के अनुसार पेरासिटामोल लेने की सलाह दें।

उन्होंने आगे कहा कि ण–थखछ पोर्टल पर सभी टीकाकरण की जानकारी समय पर और सही तरीके से दर्ज की जा रही है, और डिजिटल सर्टिफिकेट जारी करना सुनिश्चित किया जा रहा है।

# समय पर जांच और उपचार से टीबी पूरी तरह ठीक होना संभव : कुमार दीपक

**मंचेरियाल, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जिला कलेक्टर कुमार दीपक ने कहा कि क्षय रोग (टीबी) के लक्षणों की समय पर पहचान और नियमित उपचार से इस बीमारी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। वे टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय विशेष कार्यक्रम में मंदमर्री मंडल के अंदुगुलापेट गांव में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने बताया कि खांसी की जांच और एक्स-रे से टीबी की पहचान संभव है तथा जिले भर




में जांच, उपचार और जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। सरकार द्वारा मरीजों को नि:शुल्क उपचार के साथ 'निक्षय पोषण योजना' के तहत प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता भी दी जा रही है। जिले में अब तक 759 मरीजों की पहचान कर उनका उपचार किया जा चुका है।कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया तथा कलेक्टर ने गांव में चल रहे विकास कार्यों और इंदिरम्मा आवास निर्माण का भी निरीक्षण किया।

# लोक अदालत से विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान संभव : अंबर किशोर झा

**रामागुंडम, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
रामागुंडम पुलिस कमिश्नर अंबर किशोर झा ने मुकदमों में शामिल पक्षों से इस माह की 28 तारीख को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय मेगा लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से विवादों का शांतिपूर्ण और आपसी सहमति से त्वरित समाधान संभव है।



कमिश्नर ने बताया कि समझौता योग्य आपराधिक मामले, दीवानी विवाद, संपत्ति बंटवारा, पारिवारिक एवं वैवाहिक मामले, बैंक बकाया, बिजली चोरी और चेक बाउंस जैसे मामलों का निपटारा लोक अदालत में आसानी से किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छोटे-मोटे विवादों में लंबी अदालती प्रक्रिया से समय और धन की बर्बादी होती है, जबकि लोक अदालत में समझौते से त्वरित न्याय मिलता है।उन्होंने पेद्दापल्ली और मंचेरियल क्षेत्रों के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समझौते योग्य मामलों की पहचान कर संबंधित पक्षों को परामर्श के लिए बुलाएं और लोक अदालत में समाधान हेतु प्रोत्साहित करें।

कमिश्नर ने कहा कि लोक अदालत में हुआ समझौता कानूनी रूप से अंतिम निर्णय माना जाता है और यह प्रक्रिया न्यायाधीशों, वकीलों तथा समाजसेवियों के समन्वय से पूरी की जाती है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे पुलिस और न्यायपालिका के साथ सहयोग कर विवादों को समय रहते सुलझाएं, ताकि छोटी समस्याएं बड़े विवाद का रूप न लें।

# राष्ट्रीय राजमार्ग विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया तेज करने के निर्देश

जिला कलेक्टर कुमार दीपक ने जिले में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार कार्यों के तहत भूमि अधिग्रहण से संबंधित लंबित आवेदनों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को उन्होंने अतिरिक्त कलेक्टर (राजस्व) श्रीनिवास राव के साथ जिला केंद्र स्थित राजस्व मंडल अधिकारी कार्यालय का दौरा कर प्रगति की समीक्षा की।



कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के तहत 63 और 163G राजमार्ग परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण से जुड़े आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि विकास कार्यों में तेजी लाई जा सके।

इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


# पेद्दापल्ली में रोजगार मेला आज युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**पेद्दापल्ली, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 25 मार्च को तेलंगाना एकेडमी फॉर स्किल एंड नॉलेज के क्षेत्रीय केंद्र, बस स्टैंड के पास बस डिपो परिसर में विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा।

मेले में विभिन्न कंपनियाँ भाग लेंगी और योग्य उम्मीदवारों का चयन करेंगी।

इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपने बायोडाटा की तीन प्रतियाँ, शैक्षणिक प्रमाण पत्र और आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर समय पर उपस्थित हों।

# अनाज भंडारण के लिए गोदामों में पर्याप्त स्थान सुनिश्चित करें : कोया श्री हर्षा





**पेद्दापल्ली, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जिला कलेक्टर कोया श्री हर्षा ने अधिकारियों को अनाज भंडारण के लिए गोदामों के अंदर पर्याप्त जगह तैयार रखने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को जिला कलेक्टर कोया श्री हर्षा ने अतिरिक्त कलेक्टर वेणु के साथ पेद्दापल्ली मंडल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पेद्दापल्ली मंडल स्थित सरकारी आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक और यूनानी मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इसके साथ ही राघवपुर स्थित ऋत्वठ वेयरहाउसिंग गोदामों तथा शांति नगर स्थित वेयरहाउसिंग गोदामों का भी औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि आगामी यासंगी (रबी) सीजन में अनाज खरीद प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए राज्य वेयरहाउसिंग निगमके अधीन आने वाले गोदामों में भंडारण के लिए पर्याप्त खाली स्थान पहले से तैयार रखा जाए। उन्होंने गोदामों में रखे मौजूदा चावल के स्टॉक की लिफ्टिंग प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश भी दिए, ताकि नए अनाज के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध हो सके।

कलेक्टर ने आयुष अस्पताल में मरीजों की संख्या, उपलब्ध दवाओं और उनके स्टॉक की जानकारी भी ली। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडार बनाए रखा जाए और समय-समय पर उसकी पुनः पूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही अस्पताल के अभिलेखों की जांच करते हुए कर्मचारियों को मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने की सलाह दी।

दौरे के दौरान डीसीएचएस डॉ. श्रीधर, डीसीएसओ श्रीनाथ, डीएम (सिविल सप्लाई) श्रीकांत, मारुति तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# छात्राओं को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता : कलेक्टर

**मंचेरियाल, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
मंचेरियाल जिला कलेक्टर कुमार दीपक ने कहा कि सरकारी श्रेणी के स्कूलों और कल्याणकारी छात्रावासों में पढ़ने वाली छात्राओं को सभी आवश्यक सुविधाएं बिना किसी परेशानी के उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

मंगलवार को कलेक्टर ने जनाराम मंडल केंद्र स्थित आश्रम स्कूल और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का दौरा कर कमरों, रसोई, भोजन कक्ष, आवश्यक वस्तुओं के भंडार, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता, उपस्थिति रजिस्टर, छात्रावास कक्षों तथा परिसर की स्वच्छता व्यवस्था



का निरीक्षण किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा क्षेत्र को सशक्त बनाने और छात्राओं को सभी सुविधाओं के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रत्येक विद्यालय में स्वच्छ पेयजल, बिजली, बालक-बालिकाओं के लिए पृथक शौचालय, चारदीवारी और अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पौष्टिक आहार और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने शिक्षकों से कक्षा में कमजोर छात्रों पर विशेष ध्यान देने और पढ़ाई को इस प्रकार संचालित करने को कहा कि सभी विद्यार्थी विषयवस्तु को सही ढंग से समझ सकें। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत रूफटॉप सोलर को बढ़ावा, प्रचार वाहन रवाना

**मंचेरियाल, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जिला कलेक्टर कुमार दीपक ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत देशभर में एक करोड़ परिवारों को लाभ पहुंचाने और बिजली बिलों को कम करने के उद्देश्य से रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापना को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मंगलवार को नस्पूर स्थित समेकित जिला कार्यालय परिसर में उन्होंने रेडको आदिलाबाद डीएम एल. श्रीनिवास और टीजीएनपीडीसीएल एसई राजन्न सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्टर ने बताया कि योजना के अंतर्गत घरेलू उपभोक्ता अपने घरों की छत पर सोलर प्लांट लगाकर प्रतिमाह 360 यूनिट तक बिजली प्राप्त कर सकते हैं। 1 किलोवाट क्षमता पर 30 हजार रुपये, 2 किलोवाट पर 60 हजार रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर अधिकतम 78 हजार रुपये तक की सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रदान की जा रही है।

उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के उपयोग से बिजली बिल में कमी आएगी और पर्यावरण प्रदूषण भी घटेगा। साथ ही अतिरिक्त उत्पादित बिजली को ग्रिड में देने पर नेट



मीटरिंग के माध्यम से उपभोक्ता अतिरिक्त आय भी अर्जित कर सकते हैं।कलेक्टर ने बताया कि योजना के लिए वही उपभोक्ता पात्र हैं जिनके पास घरेलू बिजली कनेक्शन और उपयुक्त रूफटॉप उपलब्ध है तथा जिन्होंने पूर्व में किसी सोलर सब्सिडी योजना का लाभ नहीं लिया है। राष्ट्रीय पोर्टल के माध्यम से आवेदन, अधिकृत वेंडर का चयन और आवेदन की ट्रैकिंग की सुविधा उपलब्ध है। 3 किलोवाट तक के सोलर सिस्टम के लिए बिना गारंटी ऋण सुविधा भी प्रदान की जा रही है।इस अवसर पर ऑपरेशन डीई डी. मल्लेशम, एडीई जी. मोहन रेड्डी, एडीई राजशेखर, प्रशासनिक अधिकारी पिन्ना राजेश्वर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता : हरिता

**आसिफाबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जिला कलेक्टर हरिता ने कहा कि उपचार के लिए आने वाले मरीजों को समय पर और गुण-वत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने मंगलवार को



पेंचिकलपेट मंडल केंद्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर स्टाफ उपस्थिति रजिस्टर, औषधि भंडार कक्ष और ऑपरेशन थिएटर की व्यवस्था की जांच की।

कलेक्टर ने निर्देश दिया कि मेडिकल स्टाफ निर्धारित समय-सारिणी का पालन करे और बिना अनुमति अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र तथा प्राथमिक और यूपीएस विद्यालयों का भी निरीक्षण किया।

# बारिश की हर बूंद को संजोना जरूरी, जल संरक्षण पर दें विशेष ध्यान

**आसिफाबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जिला कलेक्टर हरिता ने कहा कि जल संकट से निपटने के लिए बारिश की हर बूंद को संचित करना और पानी का संयमित उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है। वे विश्व जल दिवस 2026 के अवसर पर खगजनगर मंडल के जंबुगा गांव में भूजल विभाग और समृद्धि सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थीं।

कलेक्टर ने कहा कि चेक डैम, जल तालाब और रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसी



संरचनाओं के निर्माण से भूजल स्तर में वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने बताया कि पर्याप्त वर्षा होने के बावजूद जल संरक्षण के अभाव में पेयजल और सिंचाई की समस्या उत्पन्न हो रही है।

कार्यक्रम के दौरान एक प्रगतिशील किसान को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भूजल, कृषि, बागवानी और मिशन भागीरथ विभाग के अधिकारी, मत्स्य पालन विभाग के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों की उपस्थिति, मिड-डे मील की गुणवत्ता, स्वच्छता व्यवस्था तथा गर्भवती महिलाओं को आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से नियमित पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों और आंगनवाड़ी कर्मचारियों ने भाग लिया।

# केमराज कल्लाली से मिर्जापुर तक निकली भव्य हनुमान महा पदयात्रा





**मदनूर, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
कामारेड्डी जिले के जुक्कल मंडल के केमराज कल्लाली गांव से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धालुओं द्वारा हनुमान स्वामी की महा पदयात्रा मंगलवार को निकाली गई, जो मदनूर मंडल के सलबतपूर (मिर्जापुर) स्थित हनुमान मंदिर तक पहुंची। पदयात्रा श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुई। मिर्जापुर हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया, जिसमें कामारेड्डी जिला डीसीसी अध्यक्ष ऐले मल्लिकार्जुन ने भगवान हनुमान के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।मदनूर मंडल केंद्र पर स्थानीय व्यापारियों ने पदयात्रियों का स्वागत कर अल्पाहार की व्यवस्था की। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा।



# हाकी इंडिया वार्षिक अवार्ड्स में नामित होने पर हार्दिक और नवनीत ने जताया आभार, बड़े टूर्नामेंट्स पर नजर

**नई दिल्ली, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

हाकी इंडिया के 8वें वार्षिक अवार्ड्स 2025 में नामांकन मिलने के बाद भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ी हार्दिक सिंह और नवनीत कौर ने खुशी जताते हुए इसे अपनी मेहनत की पहचान बताया। दोनों खिलाड़ियों ने कहा कि इस सम्मान ने उन्हें और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया है और अब उनकी नजर आगामी बड़े टूर्नामेंट्स पर है।

नई दिल्ली में 27 मार्च को आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित समारोह में हार्दिक सिंह और नवनीत कौर को हाकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर प्लेयर आफ द ईयर 2025 पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। इसके अलावा हार्दिक को अजीत पाल सिंह मिडफील्डर आफ द ईयर और नवनीत को धनराज पिल्लै फारवर्ड आफ द ईयर के लिए भी नामांकन मिला है।

साल 2025 में दोनों खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। हार्दिक सिंह ने राजगीर, बिहार में आयोजित हीरो एशिया कप में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वहीं नवनीत कौर ने महिला एशिया कप 2025 में छह गोल दागकर टीम को रजत पदक दिलाने में योगदान दिया और इसी दौरान अपने 200 अंतरराष्ट्रीय मैच भी पूरे किए।

हैदराबाद में आयोजित एफआईएच हाकी वर्ल्ड कप 2026 क्वालीफायर्स में भी नवनीत ने चार गोल कर प्लेयर आफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता, जहां भारत ने रजत पदक हासिल किया।

हार्दिक सिंह ने अपने बयान में कहा कि इस तरह के अवार्ड्स खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण को पहचान देते हैं, जिससे आगे और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने एशिया कप जीत को अपने करियर का खास पल बताते हुए कहा कि टीम ने मुश्किल हालात में एकजुट होकर शानदार प्रदर्शन किया।

वहीं नवनीत कौर ने कहा कि यह नामांकन उनके लिए गर्व की बात है और वह इसके लिए अपने परिवार व टीम साथियों की आभारी हैं। उन्होंने कहा कि लगातार मेहनत और अनुभव के दम पर वह अपने खेल में सुधार करती रही हैं।

दोनों खिलाड़ियों ने आगामी एफआईएच हाकी वर्ल्ड कप और एशियाई खेलों को लेकर उत्साह जताया और टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने का संकल्प दोहराया।

## न्यूज ब्रीफ

### मियामी ओपन 2026: सबालेंका क्वार्टरफाइनल में, गाफ, मुचोवा और म्बोको भी अंतिम 8 में

**मियामी।** मियामी ओपन 2026 में वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। सबालेंका ने चीन की झेंग किनवेन को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया। यह मुकाबला एक घंटे 25 मिनट तक चला। सबालेंका अब सनशाइन डबल (इंडियन वेल्स और मियामी ओपन एक ही साल में जीतना) के करीब पहुंच गई हैं। क्वार्टरफाइनल में सबालेंका का मुकाबला अमेरिका की हैली बैप्टिस्ट से होगा, जिन्होंने जेलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-4 से हराया। वहीं, अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने रोमानिया की सोराना सर्स्टिया को कड़े मुकाबले में 6-4, 3-6, 6-2 से हराकर अंतिम-8 में प्रवेश किया। गाफ को दूसरे सेट में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन तीसरे सेट में उन्होंने दमदार वापसी करते हुए मैच अपने नाम किया। चेक गणराज्य की करोलिना मुचोवा ने एकतरफा मुकाबले में फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा ईला को 6-0, 6-2 से हराकर आसानी से क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए रूस की मीरा एंड्रीवा को 7-6(4), 4-6, 6-0 से हराया। म्बोको ने निर्णायक सेट में जबरदस्त खेल दिखाते हुए मैच अपने नाम किया। अब क्वार्टरफाइनल में म्बोको का मुकाबला मुचोवा से होगा, जहां दोनों खिलाड़ी सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगी।



### मियामी ओपन 2026: सिनर ने सनशाइन डबल की उम्मीदें रखीं जिंदा, मेदवेदेव और मेंसिक बाहर

**मियामी।** मियामी ओपन 2026 में इटली के स्टार खिलाड़ी जानिक सिनर ने शानदार जीत के साथ अपने सनशाइन डबल (इंडियन वेल्स और मियामी ओपन एक ही साल में जीतना) के सपने को जिंदा रखा है। सिनर ने सोमवार को तीसरे दौर में फ्रांस के कोरेंटिन मूटे को 6-1, 6-4 से हराकर अंतिम-16 में जगह बना ली। इससे पहले वह इस महीने इंडियन वेल्स खिताब भी जीत चुके हैं और अब लगातार दूसरा बड़ा खिताब जीतने की दौड़ में हैं। सिनर का अगला मुकाबला अमेरिका के एलेक्स माइकलसन से होगा, जिन्होंने चिली के एलेजांद्रो टैबिलो को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। वहीं, मौजूदा चैंपियन याकुब मेंसिक को बड़ा झटका लगा और वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें अमेरिका के फ्रांसेस टियाफो ने कड़े मुकाबले में 7-6 (7/4), 4-6, 7-6 (13/11) से हराया। रूस के स्टार खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने 6-0, 4-6, 7-5 से हराया। इससे पहले कार्लोस अल्काराज, एलेक्स डी मिनौर और बेन शेल्टन जैसे बड़े खिलाड़ी भी बाहर हो चुके हैं। फ्रांसेस टियाफो अब अगले दौर में फ्रांस के टेरेंस एटमाने से भिड़ेंगे, जिन्होंने कनाडा के फेलिक्स आगर-अलियासिमे को हराकर उलटफेर किया। अन्य मुकाबलों में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने क्रोएशिया के मारिन चिलिच को 6-2, 5-7, 6-4 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया, जबकि फ्रांस के उगो हम्बर्ट ने अलेक्जेंडर शेवचेंको को हराया। मियामी ओपन में इस बार कई बड़े उलटफेर देखने को मिल रहे हैं, जिससे टूर्नामेंट और भी रोमांचक हो गया है।



### रियान को राजस्थान रायल्स का कप्तान बनाने पर भड़के श्रीकांत




**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कृष्णमाचारी श्रीकांत ने कहा है कि राजस्थान रायल्स ने अनुभवी खिलाड़ियों के होते हुए भी रियान पराग जैसे युवा खिलाड़ी को कप्तान बनाकर गलती की है। श्रीकांत के अनुसार रविन्द्र जडेज जैसे अनुभवी खिलाड़ी के होते हुए रियन को कप्तानी देने का फैसला समझ से परे है। राजस्थान रायल्स आईपीएल के इस सत्र में अपने अभियान की शुरुअत 30 मार्च को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मुकाबले से करेगी। श्रीकांत ने रियान को कप्तान बनाए जाने पर कटाक्ष करते हुए कहा, सबको पता है कि उन्हें किस प्रकार से कप्तानी मिली है। कप्तान कैसे बने। टीम में उन्हें राजा की तरह माना जाता है, इसलिए यशस्वी जायसवाल जैसा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर भी उनकी कप्तानी में खेलता दिखेगा।

# दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम घोषित

## अफ्रीका दौरे पर पांच टी20 मुकाबलों की सीरीज खेलेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

**भारतीय महिला क्रिकेट टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टीम का ऐलान कर दिया गया है। चयन समिति ने पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए संतुलित और मजबूत टीम चुनी है, जिसकी कमान हरमनप्रीत कौर को सौंपी गई है, जबकि उपकप्तान की जिम्मेदारी स्मृति मंधाना निभाएंगी।**




टीम में शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जो बल्लेबाजी को मजबूती देंगे। वहीं गेंदबाजी विभाग में रेणुका ठाकुर, अरुंधति रेड्डी और श्रेयंका पाटिल जैसे नाम टीम को संतुलन प्रदान करते हैं। इसके अलावा कुछ युवा खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया है, जिनमें काश्वी गौतम, क्रांति गौड़ और श्री चारणी शामिल हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच यह टी20 सीरीज 17 अप्रैल 2026 से शुरू होगी। सीरीज का दूसरा मैच 19, तीसरा 22 और चौथा 25 अप्रैल को खेला जाएगा। पहला और दूसरा मुकाबला डरबन में खेला जाएगा, जबकि तीसरा और चौथा मैच जोहान्सबर्ग में आयोजित होगा। सीरीज का पांचवां और अंतिम मुकाबला 27 अप्रैल को खेला जाएगा। सभी मुकाबले भारतीय समयानुसार शाम और रात में खेले जाएंगे, जिससे भारतीय दर्शकों के लिए भी यह सीरीज आकर्षण का केंद्र बनी रहेगी।

यह दौरा आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों की तैयारी के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है और टीम इंडिया इस सीरीज में शानदार प्रदर्शन कर अपनी तैयारियों को और मजबूत करना चाहेगी।

**भारतीय टीम:**

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, क्रांति गौड़, श्री चारणी, श्रेयंका पाटिल, काश्वी गौतम, भारती फुलमाली, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अनुष्का शर्मा।

### दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए केयली नाइट को पहली बार न्यूज़ीलैंड की वनडे टीम में मौका




**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली आगामी वनडे सीरीज के लिए तेज गेंदबाज केयली नाइट को पहली बार टीम में शामिल किया है। यह उनका पहला महिला वनडे काल-अप है। केयली नाइट ने हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ 3-0 से जीती गई टी20 सीरीज में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था, जहां उन्होंने दो मैचों में दो विकेट हासिल किए थे। वह 2023 अंडर-19 टी20 वर्ल्ड कप टीम का भी हिस्सा रह चुकी हैं। घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्हें यह मौका मिला है। 2025/26 सुपर स्मैश में नार्दर्न ब्रेव के लिए खेलते हुए उन्होंने 10 विकेट झटके और टीम की संयुक्त रूप से दूसरी सबसे सफल गेंदबाज रहीं। इसके अलावा 50 ओवर के प्रारूप में भी उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा, जहां उन्होंने हैलीबर्टन जानस्टोन शील्ड में 17 विकेट लेकर टीम को पहला खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। न्यूजीलैंड की मुख्य कोच बेन सायर ने नाइट के चयन पर खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें पहली वनडे सीरीज के लिए टीम में शामिल करना काफी अच्छा है। उन्होंने कहा कि नाइट के पास अच्छी गति और नियंत्रण है, और उनकी शार्ट बाल बल्लेबाजों के लिए चुनौती बनती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि घरेलू टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उनके पास खुद को साबित करने की क्षमता है। वहीं टीम में सुजी बेट्स, फ्लोरा डेवोनशायर और जार्जिया प्लिमर की चोट के बाद वापसी हुई है, जबकि एमा मैकलियोड, पाली इंग्लिस और बेला जेम्स को बाहर किया गया है। केयली नाइट ने मौली पेनफोल्ड की जगह ली है। फिलहाल न्यूजीलैंड टीम टी20 सीरीज में 3-1 से आगे है और आखिरी मैच 25 मार्च को खेला जाएगा। इसके बाद तीन मैचों की वनडे सीरीज 29 मार्च से शुरू होगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम: मेलि केर (कप्तान), सुजी बेट्स, फ्लोरा डेवोनशायर, इज़ी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रुक हालिडे, ब्री इलिंग, जेस केर, केयली नाइट, रोजमेरी मायर, नेन्सी पटेल, जार्जिया प्लिमर और इज़ी शार्प ।

# गावसकर भी देखना चाहते हैं धुरंधर, टिकट के लिए अभिनेता से की बात




**मुम्बई, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

**महान बल्लेबाजा सुनील गावसकर भी फिल्म धुरंधर: द रिवेंज से प्रभावित हैं और उसे देखना चाहते हैं पर उन्हें टिकट नहीं मिल पा रही। इसी को देखते हुए गावस्कर ने फिल्म का हिस्सा रहे अभिनेता राकेश बेदी से टिकट का इंतजाम करने का अनुरोश किया है जिससे बेदी भी हैरान हैं। बेदी ने बताया कि उनकी मुलाकात जब गावस्कर से हुई तो उन्होंने कहा कि मेरे लिए टिकट का इंतजाम करो।**

बेदी ने सोशल मीडिया पर जारी पर एक वीडियो में कहा, कल मेरी मुलाकात महान खिलाड़ी गावस्कर से हुई। उन्होंने मुझसे कहा कि उन्हें फिल्म के टिकट नहीं मिल पा रहे हैं। इसलिए मैं प्रयास करुं। मैं उनके लिए टिकट का इंतजाम करने की कोशिश कर रहा हूं।उम्मीद है कि मैं कर पाऊंगा।

गौरतलब है कि इस फिल्म में अभिनय के लिए बेदी की भी जमकर तारीफ हो रही है। उन्होंने इसे लेकर कहा, मुझे गर्व है कि मैं इस फिल्म धुरंधर का हिस्सा हूं। मुझे कहना पड़ेगा कि धुरंधर ने न सिर्फ रिकार्ड तोड़े हैं, बल्कि सारे रिकार्ड ध्वस्त कर दिए हैं। ये फिल्म भारत ही नहीं, दुनियाभर के लोगों के दिलों में भी गहराई से उतर गई है। ये केवल हिट नहीं है, बल्कि भारतीय जनता पर भी इसका विशेष प्रभाव पड़ा है. फिल्म देखने वालों की प्रतिक्रियाओं और इससे हो रही कमाई से ये अंदाजा होता है। बेदी ने साथ ही सिनेमा प्रेमियों से एक खास अपील की है. उन्होंने कहा, मेरी एक अपील है कि जब आप फिल्म देख रहे हों तो उसके सीन शूट करके सोशल मीडिया पर पोस्ट न करें, क्योंकि इससे नुकसान होता है। विशेषकर फिल्म का अंत सीनसोशल मीडिया पर पोस्ट करना सही नहीं है। इससे फिल्म का आनंद खराब करने वाली बात है ।

## आईपीएल नहीं खेल पाये ये दिग्गज




**नई दिल्ली।** आईपीएल में खेलना हर खिलाड़ी का सपना होता है. इस लीग में दमदार प्रदर्शन के बूते कई खिलाड़ियों की किस्मत रातों-रात चमकी है. आईपीएल की चमक-धमक और करोड़ों की बोलियों ने दुनिया के लगभग हर बड़े क्रिकेटर को अपनी ओर खींचा है, लेकिन क्रिकेट के इतिहास में कुछ ऐसे दिग्गज भी रहे हैं, जिन्होंने इस लीग में कभी नहीं खेला। इसमें ब्रायन लारा और जेम्स एंडरसन जैसे महान क्रिकेटर्स शामिल हैं, जिन्होंने वर्ल्ड क्रिकेट में अपनी अलग ही छाप छोड़ी. आइए ऐसे ही पांच खिलाड़ियों के बारे में आपको बताते हैं। ब्रायन लारा (वेस्टइंडीज) आईपीएल का पहला सीजन 2008 में खेला गया था, जबकि ब्रायन लारा ने इंटरनेशनल क्रिकेट से 2007 के टी20 वर्ल्ड कप के ठीक बाद संन्यास ले लिया था. 2008 में जब पहला आईपीएल आक्शन हुआ, तब तक लारा क्रिकेट से लगभग दूर हो चुके थे. जेम्स एंडरसन (इंग्लैंड) इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का नाम उन खिलाड़ियों में शुमार है, जिन्हें आईपीएल में खेलने का मौका नहीं मिल सका है. स्टुअर्ट ब्राड (इंग्लैंड) इंग्लिश तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्राड को भी आईपीएल में खेलने का कभी मौका नहीं मिल सका. ब्राड को साल 2011 के आक्शन में पंजाब किंग्स ने खरीदा था, लेकिन चोट के कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे. एलिस्टर कुक टेस्ट क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाजों में शुमार एलिस्टर कुक टी20 क्रिकेट में उतने सफल नहीं हो सके. क्रिकेट का सबसे छोटा फार्मेट कुक को खास रास नहीं आया. यही वजह रही कि वह कभी आईपीएल का हिस्सा नहीं बने।

# एकदिवसीय में सबसे सफल कप्तानों में नंबर एक पर हैं पोंटिंग

**मुम्बई, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

**एकदिवसीय क्रिकेट में आस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग से लेकर न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग, भारत के महेन्द्र सिंह धोनी और श्रीलंका के अर्जुन रणतुंगा सहित कई कप्तान क्रिकेट जगह में छाये रहे हैं पर अगर सबसे सफल कप्तान की बात करें तो आस्ट्रेलिया के पोंटिंग नंबर एक पर हैं।**



साल 2002 से 2012 के बीच पोंटिंग ने 230 मैचों में कप्तानी की, जिसमें से उनकी कप्तानी ने टीम ने रिकार्ड 165 मैचों में जीत हासिल की। उनकी जीत का प्रतिशत 71.73 प्रतिशत रहा, जो अब तक सबसे अधिक है। पोंटिंग की कप्तानी में आस्ट्रेलियाई टीम केवल 51 मैच ही हारी है। उनके दौर में आस्ट्रेलियाई टीम काक हराना किसी के लिए भी असंभव सा काम था। 2.17 प्रतिशत का उनका टाई रिकार्ड उनके मैच समाप्त करने के कौशल को दिखाता है।

### स्टीफन फ्लेमिंग

वहीं न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग इस सूची में दूसरे नंबर पर हैं। 1997 से 2007 के लंबे सफर में उन्होंने 218 मैचों में टीम की कमान संभाली थी पर उनका जीत का प्रतिशत 44.95 रहा टीम को उन्होंने 98 जीत दिलायी वहीं106 हार । इसके बाद भी उन्हें महान कप्तान इसलिए माना जाता है क्योंकि उन्होंने एक कमजोर टीम को बड़ी टीमों के स्तर तक पहुंचाया। है. फ्लेमिंग अपनी रणनीतिक समझ और स्लिप में अपनी फील्डिंग के लिए मशहूर थे। उन्हें कीवी टीम को विजेता बननो का श्रेया है।

### धोनी 200 मैचों के साथ तीसर नंबर पर हैं।

भारत के सबसे सफल कप्तान एमएस धोनी 200 मैचों के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं. साल 2007 से 2018 के बीच धोनी ने भारतीय क्रिकेट को शीर्ष पर पहुंचाया। धोनी ने 110 मैचों में जीत दर्ज की और उनका जीत का प्रतिशत 55 प्रतिशत रहा।धोनी के नेतृत्व में टीम हालांकि 74 मैच हारी पर उसे जीत हासिल करना आ गया। दबाव के क्षणों में उनका शांत रहना और 0.5 प्रतिशत का टाई रिकार्ड उनकी मैच फिशित करने की कला दिखाता है। धोनी इस सूची के एकमात्र कप्तान हैं जिन्होंने आईसीसी की तीनों सफेद गेंद ट्राफी जीती हैं.

### अर्जुन रणतुंगा

श्रीलंकाई क्रिकेट को विश्व विजेता बनाने वाले अर्जुन रणतुंगा ने 193 मैचों में टीम की कप्तानी की। साल 1988 से 1999 के बीच उन्होंने 89 जीत हासिल की। 46.11 फीसदी के जीत प्रतिशत के साथ रणतुंगा ने 1996 में श्रीलंका को विश्व चैंपियन बना दिया। उनकी कप्तानी का दौर श्रीलंका के लिए सबसे बेहतर दौर था, जहां उन्होंने शीर्ष टीमों को भी टक्कर देना सीखा।

# जार्जिया वोल के तूफानी शतक की बदौलत तीसरे टी 20 में आस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 40 रन से हराया

**सेंट विंसेंट, 24 मार्च (एजेंसियां)।**

**आस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम ने जार्जिया वोल के शानदार शतक की बदौलत वेस्टइंडीज को सोमवार (भारतीय समयानुसार मंगलवार) को हराकर तीन मैचों की टी20 सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली। बारिश से प्रभावित इस मुकाबले में आस्ट्रेलिया ने डकवर्थ-लुईस नियम के तहत 40 रन से जीत दर्ज की।**



जार्जिया वोल ने 52 गेंदों में अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा। उनकी इस पारी में छह छक्के शामिल रहे। वोल की इस दमदार बल्लेबाजी के दम पर आस्ट्रेलिया ने 7 विकेट पर 211 रन बनाए, जो 2023 के बाद उनका सर्वोच्च टी20 स्कोर और कुल मिलाकर पांचवां सबसे बड़ा स्कोर है।

**तीन मैचों की टी 20 सीरीज में 3-0 से किया क्लीन स्वीप**

वोल अब उन खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गई हैं जिन्होंने आस्ट्रेलिया के लिए टी20 में शतक लगाया है, जिसमें मेग लैनिंग, बेथ मूनी और एलिसा हीली जैसे बड़े नाम शामिल हैं। टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन सोफी मोलिनेक्स ने बनाए, जिन्होंने 12 गेंदों में 25 रन की तेज पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत एक बार फिर खराब रही और टीम ने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए। आस्ट्रेलिया की गेंदबाजी के सामने वेस्टइंडीज की टीम संघर्ष करती नजर आई और बारिश आने तक वह डीएलएस लक्ष्य से काफी पीछे थी।

आस्ट्रेलिया की ओर से लूसी हैमिल्टन ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना पहला विकेट हासिल किया, जबकि एलिस पेरी ने भी लंबे समय बाद इस फार्मेट में विकेट लिया।

इस मैच में जार्जिया वोल ने गेंदबाजी में भी हाथ आजमाया और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार ओवर डाला। वहीं उपकप्तान ताहलिया मैक्ग्रा इस मैच में कुछ खास नहीं कर सकीं और सस्ते में आउट हो गईं।

वेस्टइंडीज के लिए हेले मैथ्यूज ने गेंदबाजी में तीन विकेट जरूर लिए, लेकिन बल्लेबाजी में टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल सकी।

अब यह दौरा वनडे सीरीज की ओर बढ़ेगा, जिसमें दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की सीरीज सेंट किट्स में शुक्रवार से शुरू होगी।

शुभ लाभ — खबरें जो सोच बदल दे — हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



अपनी शाही जीवनशैली और परिष्कृत व्यक्तित्व के लिए प्रसिद्ध हैदराबाद के व्यवसायी, परोपकारी और एफके कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड' के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, फरीद खान ने अपने प्रीमियम कारों के संग्रह में अत्याधुनिक बीएमडब्ल्यू आई7 एफ70 को शामिल किया है। आधुनिक नवाचार, इलेक्ट्रिक परफॉर्मेंस और बेमिसाल लग्जरी का एक बेहतरीन मेल, बीएमडब्ल्यू आई7 एफ70 कंपनी की इलेक्ट्रिक लाइनअप का सबसे शानदार मॉडल है।

# पश्चिम एशिया तनाव की आंच अमेजन तक पहुंची बहरीन में असर, कंपनी बोली – ड्रोन से चिंता

नई दिल्ली, 24 मार्च (एजेंसियां)।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर अब टेक्नोलाजी सेक्टर पर भी दिखने लगा है। ई-कामर्स दिग्गज अमेजन ने कहा है कि उसके अमेजन वेब सर्विसेज का बहरीन रीजन मौजूदा हालात के बीच बाधित हो गया है। कंपनी के प्रवक्ता ने बताया कि यह व्यवधान इलाके में ड्रोन गतिविधियों के कारण हुआ है। यह जानकारी रायटर्स की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में दी गई।

**कंपनी ने बताया** – हालांकि, कंपनी ने नुकसान की सीमा या सेवाएं पूरी तरह बहाल होने में लगने वाले समय को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। कंपनी ने अपने बयान में कहा कि हालात लगातार बदल रहे हैं और प्रभावित क्षेत्रों में काम कर रहे यूजर्स को अन्य लोकेशंस में शिफ्ट होते रहने की सलाह दी गई है।

एडब्ल्यूएस, अमेजन की क्लाउड कंप्यूटिंग यूनिट है, जो कई बड़ी वेबसाइट्स और सरकारी सेवाओं के संचालन के लिए बेहद अहम है। कंपनी के मुनाफे का बड़ा हिस्सा भी इसी से आता है।

**दूसरी बार हुआ एडब्ल्यूएस रीजन पर हमला** – गौरतलब है कि अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष की शुरुआत के बाद यह दूसरी बार है जब बहरीन स्थित एडब्ल्यूएस रीजन ड्रोन हमले से प्रभावित हुआ है। इससे पहले इसी महीने बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात में एडब्ल्यूएस की सुविधाएं पावर आउटेज के कारण प्रभावित हुई थीं, जिन्हें बहाल करने की प्रक्रिया जारी थी।

इन हमलों के दौरान आग लगने और इमरजेंसी सप्रेशन सिस्टम सक्रिय होने से पानी से भी नुकसान हुआ, जिसके चलते सेवाएं अस्थिर हुई और कई जगह अस्थायी आउटेज देखने को मिला था। अमेजन ने उस समय चेतावनी दी थी कि भौतिक नुकसान के कारण सेवाओं को पूरी तरह बहाल करने में समय लग सकता है और ग्राहकों को डेटा बैकअप लेने व वर्कलोड अन्य रीजन में शिफ्ट करने की सलाह दी गई थी।

**डेटा सेंटर अब बने रणनीतिक निशाना** – यह घटनाक्रम ऐसे समय में हो रहा है जब मध्य पूर्व में संघर्ष तेजी से बढ़ रहा है। अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान पर हमलों के बाद, तेहरान ने जवाबी कार्रवाई में ड्रोन और मिसाइल हमले तेज कर दिए हैं, जिनका निशाना अमेरिकी ठिकानों और सहयोगी देशों जैसे यूएई, सऊदी अरब और बहरीन को बनाया जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम की सबसे बड़ी चिंता यह है कि अब टेक्नोलाजी इंफ्रास्ट्रक्चर भी सीधे निशाने पर आ रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### टाटा हैरियर ईवी का नया वेरिएंट फियरलेस प्लस क्यूडब्ल्यूडी 75 लान्च



**मुंबई।** अपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी टाटा हैरियर ईवी का स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स ने नया वेरिएंट फियरलेस प्लस क्यूडब्ल्यूडी 75 लान्च कर दिया है। कंपनी का दावा है कि यह वेरिएंट सुपरकार जैसी परफार्मेंस के साथ बेहतरीन आफ-रोड क्षमता भी प्रदान करता है, जिससे यह अलग-अलग ड्राइविंग कंडीशन्स के लिए एक मजबूत विकल्प बनकर उभरता है। इस ड्यूल मोटर क्वाड-व्हील ड्राइव वेरिएंट की शुरुआती कीमत 26.49 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है। नया वेरिएंट टाटा के एक्टी.ईवी प्लस प्लेटफार्म पर आधारित है और इसमें ड्यूल मोटर सेटअप दिया गया है, जो आल-व्हील ड्राइव सिस्टम के साथ आता है। यह एसयूवी 504एनएम का टार्क जनरेट करती है और मात्र 6.3 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रति घंटा की रफ्तार पकड़ सकती है। इस तेज एक्सेलेरेशन के साथ यह सेगमेंट में अपनी खास पहचान बनाती है। साथ ही इसमें 6 टेरेन मोड, आफ-रोड असिस्ट और बूस्ट मोड जैसे फीचर्स दिए गए हैं, जो इसे शहर की सड़कों से लेकर कठिन रास्तों तक हर जगह सक्षम बनाते हैं। अब तक टाटा का क्यूडब्ल्यूडी सिस्टम केवल टाप-स्पेक वेरिएंट तक सीमित था, लेकिन फियरलेस प्लस क्यूडब्ल्यूडी 75 के लान्च के बाद ग्राहकों को कम कीमत में ड्यूल मोटर तकनीक का विकल्प मिल गया है। यह वेरिएंट खासतौर पर उन ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो ज्यादा फीचर्स के बजाय परफार्मेंस और आफ-रोडिंग क्षमता को प्राथमिकता देते हैं। फीचर्स की बात करें तो इसमें 6-वे पावर्ड ड्राइवर सीट, 4-वे पावर्ड को-ड्राइवर सीट, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, 360-डिग्री कैमरा और जेबीएल का 10-स्पीकर आडियो सिस्टम दिया गया है। इसके अलावा 19-इंच अलाय व्हील्स, वाइस-असिस्टेड ड्यूल-जोन क्लाइमेट कंट्रोल, एम्बिएंट लाइटिंग और रियर सनशेड जैसे फीचर्स भी इसमें शामिल हैं, जो ड्राइविंग अनुभव को और बेहतर बनाते हैं। सुरक्षा के मामले में भी यह एसयूवी मजबूत है और इसे 5-स्टार भारत एनकैप रेटिंग मिली है।

### भारतीय लोग अब बैंक या शेयर बाजार से ज्यादा सोने पर कर रहे भरोसा




**नई दिल्ली।** भारतीयों का सोने से प्रेम कभी कम नहीं हुआ। सोने की कीमतों में आई रिकार्ड तोड़ तेजी के कारण भारतीय घरों में रखे सोने का कुल मूल्य अब 5 ट्रिलियन डालर यानी 450 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। भारतीय घरों में रखे सोने की वैल्यू अब भारत की जीडीपी का करीब 125फीसदी हो गई है। वर्ल्ड इकोनामिक आउटलुट के मुताबिक 2025-26 के लिए भारत की नामिनल जीडीपी 4.125 ट्रिलियन डालर रहने का अनुमान है। एक रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी, 2026 तक भारतीय परिवारों के पास मौजूद सोने का मूल्य अब बाम्बे स्टाक एक्सचेंज के कुल मार्केट कैप के करीब पहुंच गया है। जहां बीएसई का कुल बाजार पूंजीकरण 460 लाख करोड़ रुपए है, वहीं घरों में रखे सोने की कीमत 445 लाख करोड़ रुपए आंकी गई है। रिपोर्ट के लेखक का कहना है कि अब यह सोना भारतीय परिवारों की गैर-रियल एस्टेट संपत्ति का करीब 65फीसदी हिस्सा बन चुका है।

### ब्रेंट क्रूड 104 डालर के करीब, पश्चिम एशिया में नरमी के संकेत के बाद भी नहीं घट रही कीमतें

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी बनी हुई है। मंगलवार सुबह 8:50 बजे के



आसपास अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड करीब 4 की बढ़त के साथ 104 डालर प्रति बैरल के आसपास कारोबार करता नजर आया। वहीं, अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड में भी मजबूती देखी गई, जिसमें करीब 4.39 की तेजी दर्ज की गई। ट्रंप ने दिए नरमी के संकेत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया के जरिए घोषणा की है कि ईरान को स्ट्रेट आफ होर्मुज दोबारा खोलने के लिए दी गई समयसीमा बढ़ा दी गई है। साथ ही उन्होंने ईरान के ऊर्जा ढांचे पर प्रस्तावित हमलों को पांच दिनों के लिए टालने का फैसला किया है। यह कदम ऐसे समय पर आया है जब फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित यह अहम समुद्री मार्ग वैश्विक व्यापार और तेल आपूर्ति के लिहाज से बेहद संवेदनशील बना हुआ है। क्या है विशेषज्ञों की राय बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से वैश्विक बाजारों में सकारात्मक माहौल बना है।

# मारुति ब्रेजा के अपडेटेड वर्जन का ग्राहकों को बेसब्री से इंतजार

नई दिल्ली, 24 मार्च (एजेंसियां)।

**कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी की लोकप्रिय एसयूवी मारुति ब्रेजा के अपडेटेड वर्जन का ग्राहकों को बेसब्री से इंतजार है। नई ब्रेजा में कई महत्वपूर्ण मेकैनिकल बदलाव देखने को मिल सकते हैं, जो इसके परफार्मेंस, माइलेज और ड्राइविंग अनुभव को बेहतर बनाएंगे। कंपनी इसे इस साल के अंत या अगले साल की शुरुआत में लान्च कर सकती है। नई ब्रेजा की सबसे बड़ी खासियत इसका नया 1.0-लीटर बूस्टरजेट टर्बो पेट्रोल इंजन हो सकता है। यह इंजन पहले से ही फ्रान्क्स जैसे माडल में इस्तेमाल हो रहा है और करीब 98 बीएचपी की पावर तथा 147 एनएम का टार्क देता है।**



मौजूदा ब्रेजा में 1.5-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन मिलता है, जो 101 बीएचपी और 136 एनएम टार्क जनरेट करता है। छोटे इंजन के आने से ब्रेजा कम जीएसटी स्लैब में आ सकती है, जिससे इसकी कीमत अधिक प्रतिस्पर्धी होने की संभावना है। हालांकि, कंपनी 1.5-लीटर इंजन का विकल्प भी जारी रख सकती है। ट्रांसमिशन के मोर्चे पर भी बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। मौजूदा माडल में 5-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड आटोमैटिक गियरबाक्स मिलता है, लेकिन नए माडल में 6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन जोड़े जाने की उम्मीद है। हाल ही में इसके टेस्टिंग माडल को देखा गया था, जिससे संकेत मिलता है कि कंपनी हाईवे ड्राइविंग को ज्यादा स्मूद और एफिशिएंट बनाने पर फोकस कर रही है। 6-स्पीड गियरबाक्स से हाई-स्पीड पर इंजन का आरपीएम कम रहेगा, जिससे बेहतर माइलेज और आरामदायक ड्राइविंग अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, नई ब्रेजा फेसलिफ्ट में अंडरबाडी-माउंटेड सीएनजी टैंक भी दिया जा सकता है। इससे बूट स्पेस पहले के मुकाबले ज्यादा मिलेगा और लंबी यात्राओं के लिए यह ज्यादा उपयोगी साबित होगी।

### मारुति फ्रोंक्स की फरवरी में 13,898 यूनिट की बिक्री दर्ज



**नई दिल्ली।** काम्पैक्ट एसयूवी मारुति फ्रोंक्स लान्च के बाद से ही बिक्री के मामले में तेजी से आगे बढ़ रही है। नेक्सा डीलरशिप के जरिए बिकने वाली मारुति सुजुकी इंडिया कंपनी की इस कार ने फरवरी में 13,898 यूनिट की बिक्री दर्ज की और स्टाइल, फीचर्स, प्रैक्टिकैलिटी और बेहतर माइलेज के चलते इसे ग्राहकों का अच्छा रिस्पान्स मिला है। अब कंपनी इसके 2026 माडल में बड़े बदलाव करने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आने वाले समय में फ्रोंक्स में तीन बड़े अपडेट देखने को मिल सकते हैं, जिनमें फ्लेक्स-फ्यूल इंजन, स्ट्रान्ग हाइब्रिड टेक्नोलाजी और अडास फीचर्स शामिल हैं। सबसे पहले फ्लेक्स-फ्यूल वर्जन की बात करें तो इसे पिछले साल जापान मोबिलिटी शो में पेश किया गया था और इसके 2026 तक भारत में लान्च होने की संभावना है। इस वर्जन में 1.2-लीटर या 1.5-लीटर का फ्लेक्स-फ्यूल कम्पैटिबल इंजन मिल सकता है, जो अलग-अलग प्रकार के ईंधन पर चलने में सक्षम होगा। दूसरा बड़ा अपडेट स्ट्रान्ग हाइब्रिड पावरट्रेन के रूप में सामने आ सकता है। यह कंपनी का खुद का विकसित सिस्टम होगा, जिसमें 1.2 लीटर झेड-सीरीज पेट्रोल इंजन जनरेटर की तरह काम करेगा, जबकि इलेक्ट्रिक मोटर सीधे पहियों को चलाएगी। इस सेटअप के साथ 1.5केडब्ल्यूएच से 2केडब्ल्यूएच के बीच बैटरी पैक मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह माडल करीब 35 किमी प्रति लीटर तक की माइलेज दे सकता है, जिससे यह देश की सबसे ज्यादा फ्यूल एफिशिएंट एसयूवी में शामिल हो सकती है। तीसरा और अहम अपडेट अडास फीचर्स के रूप में मिल सकता है। टेस्टिंग के दौरान लीदार सेंसर के साथ इसके प्रोटोटाइप को देखा गया है, जिससे संकेत मिलता है कि इसमें एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम जोड़ा जाएगा। इसमें एडैप्टिव क्रूज कंट्रोल, लेन कीप असिस्ट, ब्लाइंड स्पाट मानिटरिंग और आटोमैटिक इमरजेंसी ब्रेकिंग जैसे फीचर्स मिल सकते हैं।

# एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस पश्चिम एशिया क्षेत्र से 24 उड़ानें करेंगी संचालित




नई दिल्ली, 24 मार्च (एजेंसियां)।

**टाटा की अगुवाई वाली एयरलाइन एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस मिलकर पश्चिम एशिया क्षेत्र से आने-जाने वाली कुल 24 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानें संचालित करेंगी। हालांकि, एयर इंडिया के कई गंतव्यों के लिए सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित रहेंगी।**

एयरलाइन ने एक्स पोस्ट में बताया कि एयर इंडिया समूह ने बताया कि वह मंगलवार को पश्चिमी क्षेत्र से आने-जाने वाली कुल 24 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानें संचालित करेगा, जबकि कई गंतव्यों के लिए एयरलाइन की सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित रहेंगी। कंपनी के बयान के अनुसार एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस मिलकर उड़ानें संचालित करेंगी, जिनमें जेद्दा और मस्कट के लिए निर्धारित सेवाएं, और साथ ही संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए अतिरिक्त गैर-निर्धारित परिचालन शामिल हैं।

एयरलाइन ने बताया कि दोनों एयरलाइंस जेद्दा के लिए और वहां से अपनी तय उड़ानें जारी रखेंगी, जिसके तहत भारत और जेद्दाह के बीच कुल 10 उड़ानें संचालित होंगी। एयर इंडिया दिल्ली से एक और मुंबई से दो वापसी उड़ानें संचालित करेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस हैदराबाद और कोझिकोड, दोनों जगहों से एक-एक उड़ान संचालित करेगी।

बयान के मुताबिक एयर इंडिया एक्सप्रेस मस्कट के लिए और वहां से चार निर्धारित उड़ानें भी संचालित करेगी, जिसमें दिल्ली और मुंबई से सेवाएं शामिल हैं। वहीं, निर्धारित सेवाओं के अलावा एयर इंडिया समूह ने कहा कि वह यूएई के लिए और वहां से 10 गैर-निर्धारित उड़ानें संचालित करेगा, जो स्लाट की उपलब्धता और प्रस्थान स्टेशनों पर मौजूदा स्थितियों पर निर्भर करेगा।

### चेयरमैन के इस्तीफे से मची खलबली, 1.52 लाख करोड़ का नुकसान




**नई दिल्ली।** देश के दूसरे सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक में नेतृत्व का संकट गहरा गया है। बैंक के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष अतनु चक्रवर्ती के अचानक इस्तीफे ने कार्पोरेट जगत में हलचल मचा दी है। इस विवाद से बैंक के शेयरों को भारी नुकसान पहुंचा है। पूंजी बाजार नियामक सेबी को भी इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा है। सेबी ने पूरे घटनाक्रम पर अपनी पैनी नजर बनाए रखी है। यह स्थिति बैंक के प्रबंधन और भविष्य को लेकर कई सवाल खड़े कर रही है। अतनु चक्रवर्ती का इस्तीफा ऐसे समय में आया है जब बैंक कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस पूरे मामले को अब विस्तार से समझने की आवश्यकता है।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना चांदी की भी फीकी पड़ी चमक

नई दिल्ली, 22 मार्च (एजेंसियां)।



घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी के भाव में गिरावट लगातार जारी है। शुरुआती कारोबार के दौरान सोना और चांदी की कीमत में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,35,640 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,35,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना 1,24,340 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,24,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,29,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,35,790 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,24,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,35,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,24,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,35,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,24,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 1,35,640 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,24,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,24,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,35,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,24,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,35,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,24,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,35,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,24,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,35,790 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,24,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### ईरान को अमेरिका...

बघाई ने कहा कि नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने की धमकी देना संभावित युद्ध अपराध की मंशा को दर्शाता है। ईरान ने भारत के साथ अपने रिश्तों को विशेष रूप से रेखांकित करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और सम्मानजनक संबंध हैं। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि भारत उन देशों में शामिल नहीं है जो हमलावर पक्ष की मदद कर रहे हैं।

हॉर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही को लेकर भारत और ईरान के बीच बातचीत जारी है, ताकि व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित न हो। ईरान के अनुसार, ओमान सहित कुछ देशों की मध्यस्थता से बातचीत की प्रक्रिया चल रही थी, लेकिन अमेरिका की नीतियों ने उसे कमजोर कर दिया। साथ ही, ईरान ने कहा कि पाकिस्तान सहित पड़ोसी देश स्थिति को लेकर चिंतित हैं और तनाव कम करने की कोशिश कर रहे हैं।प्रवक्ता ने देश की आंतरिक स्थिति पर भी बयान देते हुए कहा कि ईरान की राजनीतिक और सैन्य व्यवस्था पूरी तरह स्थिर है और शीर्ष नेतृत्व सक्रिय रूप से हालात पर नजर रखे हुए है।उन्होंने दोहराया कि यह युद्ध अमेरिका द्वारा शुरू किया गया है और इसे समाप्त करने की जिम्मेदारी भी उसी की है। ईरान तब तक अपनी रक्षा करता रहेगा, जब तक खतरा बना रहेगा। इस बयान के बाद क्षेत्रीय तनाव और कूटनीतिक बयानबाज़ी और तेज हो गई है, जिससे मध्य-पूर्व में शांति प्रयासों पर अनिश्चितता बनी हुई है।

### पेट्रोल पंपों...

मंगलवार को भी शहर के ऑटो एलपीजी स्टेशनों पर लंबी कतारें देखी गईं। ऑटो चालक मियां भाई ने शिकायत की, दोपहर के समय हमें गैस स्टेशन पर औसतन 30 मिनट इंतजार करना पड़ता है। सुबह और शाम के समय यह प्रतीक्षा समय लगभग एक घंटा हो जाता है। कई गैस स्टेशनों ने नो स्टॉक के बोर्ड लगा दिए हैं और वे दिन में केवल कुछ ही घंटों के लिए खुल रहे हैं।

एक अन्य ऑटो चालक शंकर ने कहा, स्टेशनों पर ऑटो एलपीजी की कीमतों में अनौपचारिक वृद्धि के बावजूद लोग अधिक किराया देने को तैयार नहीं हैं। वे हमसे बहस करते हैं कि इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इस बीच, बच्चों को स्कूल और कॉलेज ले जाने वाले ऑटो चालक ईंधन की कमी का हवाला देते हुए अतिरिक्त राशि की मांग कर रहे हैं। एक सरकारी स्कूल के शिक्षक याहिया खान ने बताया, हमें अतिरिक्त भुगतान करना पड़ रहा है, अन्यथा ऑटो चालक आने से मना कर देते हैं और हमें खुद बच्चों को स्कूल-कॉलेज छोड़ना पड़ता है।

### अब 8 घंटे पहले...

पहले यह सुविधा केवल चार्ट तैयार होने से पहले तक ही उपलब्ध थी। यात्री यह बदलाव भारतीय रेलवे की ऑनलाइन सेवाओं या काउंटर के माध्यम से कर सकेंगे। हालांकि, एक बार बोर्डिंग स्टेशन बदलने के बाद पुराने स्टेशन से ट्रेन पकड़ने की अनुमति नहीं होगी।

**ट्रेन रद्द या 3 घंटे से ज्यादा लेट होने पर पूरा रिफंड जारी रहेगा**

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि विशेष परिस्थितियों में यात्रियों को पूरा रिफंड मिलता रहेगा। यदि ट्रेन पूरी तरह रद्द हो जाती है या निर्धारित समय से 3 घंटे से अधिक देरी से चलती है, तो यात्री टीडीआर दाखिल कर पूर्ण रिफंड प्राप्त कर सकते हैं।इसके अलावा, चार्ट बनने के बाद भी यदि टिकट वेटिंग में रहता है, तो वह स्वतः रद्द हो जाएगा और यात्री को पूरा पैसा वापस मिल जाएगा।इन बदलावों से जहां एक ओर टिकटों की कालाबाजारी पर लगाम लगाने की कोशिश की जा रही है, वहीं दूसरी ओर यात्रियों को बोर्डिंग स्टेशन बदलने जैसी अतिरिक्त सुविधा देकर यात्रा को अधिक लचीला बनाने का प्रयास भी किया गया है।

### राणा को...

अदालत द्वारा जीवनरक्षक सपोर्ट हटाने की अनुमति और अस्पताल में नियंत्रित चिकित्सकीय प्रक्रिया के साथ यह एक ऐतिहासिक उदाहरण बन गया है।विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला भविष्य में ऐसे मामलों के लिए कानूनी और चिकित्सकीय दिशानिर्देश तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।हरीश के निधन के साथ ही उनके परिवार का एक लंबा और भावनात्मक संघर्ष समाप्त हो गया। इस घटना ने देशभर में सम्मानजनक मृत्यु, जीवन की गुणवत्ता और मरीज की गरिमा जैसे संवेदनशील मुद्दों पर नई बहस को जन्म दिया है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, बुधवार, 25 मार्च, 2026

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।



सोलापुर नगरनिगम के पार्षद श्रीनिवास दाहिमा के नगरागमन पर स्वागत करते हुए तेलंगाना प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के परामर्शदाता रमेश कुमार बंग, महेश बैंक के निदेशक दीपक कुमार बंग, अनिल जोपट, दिनेश कुमार बंग, अरुण जैन एवं निलेश कुमार बंग ।



भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत श्री अजीत पार्श्व जैन युवा संगठन द्वारा आगामी रविवार दि. 29 मार्च को कोठी जैन मंदिर के पास आयोजित महावीर महाप्रसादी कार्यक्रम मे विशेष अतिथि के रूप मे भाग लेने का सुलतान बाजार ए.सी.पी. मट्टय्या, इंसपेक्टर जी. नरेश, लव फॉर काऊ फाउंडेशन चेरमेन जसमत पटेल व ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, कोंग्रेस नेता संतोष गुप्ता को निमंत्रीत करते हुए संगठन के निदेशक नरेश पारेख जैन, भरत भट्ट, अशोक एवं अन्य ।






मारवाड़ में तीर्थ पूर्ण कर तीर्थ यात्री अमरचंद कोचेटा, धरमचंद बारलोटा, प्रकाश मुनोत, शांतीलाल बंसल का हैदराबाद आगमन पर स्वागत करते हुए मुनोत महासभा के कार्यदर्शी सुभाष मुनोत जैन।

# 'रंगरंगीली नारी' कार्यक्रम में महिला शक्ति की प्रतिभा और उत्साह का शानदार प्रदर्शन

**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज मलकपेट महिला शाखा द्वारा आयोजित 'रंगरंगीली नारी' कार्यक्रम एबिड्स स्थित राघव रत्ना टावर्स के अग्रवाल समाज कमेटी हॉल में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रसेन महाराज की पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ किया गया।

शाखा की मंत्री डॉ. मीता बजाज ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को आत्मविश्वासी बनाना और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम की शुरुआत कॉम्प्लिमेंट्री तंबोला से हुई, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



टैलेंट शो कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा, जिसमें प्रतिभागियों ने पेपर नैपकिन से फूल बनाना, हेयर स्टाइल प्रदर्शन, माउथ ऑर्गन वादन, गीत, भजन, नृत्य तथा किचन टिप्स प्रस्तुत कर अपनी विविध प्रतिभाओं का परिचय दिया। इसके पश्चात बेस्ट मैचिंग ड्रेस प्रतियोगिता और विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अल्पाहार, फलाहार और जूस का भी आनंद लिया।

इस अवसर पर कार्यकारिणी में सरोज अग्रवाल, सीमा अग्रवाल और गायत्री अग्रवाल का चयन किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा की अध्यक्ष रेखा अग्रवाल, उपाध्यक्ष स्वाति अग्रवाल, मंत्री डॉ. मीता बजाज तथा सदस्य शीतल रूंगटा सहित सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# भाव नहीं, सेवा भाव है राधे-राधे ग्रुप का : महेश अग्रवाल



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के पास गौशाला के सामने नियमित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से जरूरतमंदों को भोजन वितरित कर मानवता का सच्चा संदेश दिया गया।

इस अवसर पर ग्रुप के संयोजक महेश अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राधे-राधे ग्रुप केवल भाव से नहीं, बल्कि सच्चे सेवा भाव और समर्पण की भावना से कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हम इस परिवार का हिस्सा हैं, जहां न कोई छोटा है और न ही कोई बड़ा-सभी सदस्य एक समान भाव से सेवा में जुटे रहते हैं।उन्होंने आगे कहा कि राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद केवल एक संस्था नहीं, बल्कि एक सशक्त परिवार है, जो समाज सेवा को अपना धर्म मानकर निरंतर कार्य कर रहा है। ग्रुप के सदस्य निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की सहायता कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर जगतनारायण अग्रवाल,महेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल धरसुवाले, गोविंद राम पचेरिया,विनोद तोष्णीवाल, नीलम विजयवर्गीय, अरुण विजयवर्गीय, मीना अग्रवाल, शर्मिला अग्रवाल रेनू शर्मा आदि उपस्थित थे।

# अग्र महिला मंच तेलंगाना द्वारा गणगौर पूजा उल्लासपूर्वक सम्पन्न

**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्र महिला मंच तेलंगाना की ओर से गणगौर पर्व के अवसर पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। मंच की अध्यक्षा दीपा गर्ग के नेतृत्व में कोषाध्यक्ष मधु गोयल के दोमलगुड़ा स्थित निवास पर यह कार्यक्रम हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।

इस दौरान महिलाओं ने काजल, टिक्की और मेहंदी जैसे पारंपरिक अनुष्ठान निभाए तथा ईसर-गौरा की पूजा कर आरती उतारी।

बहुओं और बेटियों के नाम लेकर पारंपरिक गीत गाए गए और बायना निकाला गया। पूजा के अंत में गणगौर माता को मिष्ठान अर्पित कर जल पिलाया गया और विदाई गीत गाए गए। सभी महिलाओं ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य के लिए भगवान शिव-पार्वती से आशीर्वाद मांगा।



कार्यक्रम में दीपा गर्ग, मधु गोयल, सरला अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, कनिका अग्रवाल, सपना अग्रवाल, निर्मला गाड़िया, ललिता टांटिया, बीना टांटिया, सीमा गर्ग और मीका अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया। मधु गोयल द्वारा प्रसाद की समुचित व्यवस्था की गई।

# श्री श्याम प्रेमी संस्था की वार्षिक आम सभा एवं चुनाव सम्पन्न



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद के मुक्तारगंज स्थित अगरवाल भवन में श्री श्याम प्रेमी (रजि.) एवं श्री श्याम बाबा भजन मंडली द्वारा वार्षिक आम सभा और चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बैठक में संस्था के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया और कई प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए।

बैठक के दौरान नए पदाधिकारियों का चुनाव भी संपन्न हुआ। मनोज चौधरी को अध्यक्ष, बालमुकुंद अग्रवाल को अध्यक्ष, मुकेश अग्रवाल को उपाध्यक्ष, योगेश तिबरेवाल को सचिव, मानव अग्रवाल को संयुक्त सचिव तथा मनोज अग्रवाल (गौशालावाला) को कोषाध्यक्ष चुना गया।

इस अवसर पर प्रदीप मोर, प्रवीण अग्रवाल, विशाल सिंग्रोदिया, नितेश अग्रवाल, दीपक विजयवर्गीय, राजेश अग्रवाल, नारू अग्रवाल, सुनील विजयवर्गीय, शशांत, प्रवीण विजयवर्गीय, पवन दूत और प्रेम विजयवर्गीय सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संस्था ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

# युवा पत्रकार वंशी तिवारी को उत्कृष्ट उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

देश की सबसे कम उम्र की पत्रकार के रूप में पहचान बना रहीं युवा पत्रकार वंशी तिवारी को सेंट जोसेफ डिग्री एंड पीजी कॉलेज की ओर से उत्कृष्ट उपलब्धि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय विद्या भवन में आयोजित कॉलेज के वार्षिक दिवस समारोह के दौरान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में कॉलेज के कॉरेस्पॉन्डेंट एवं निदेशक वाई. बालशौरी, प्रिंसिपल एंथोनी सगायराजा और वाइस प्रिंसिपल ए. प्रनीत की उपस्थिति में वंशी तिवारी को शील्ड और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल ने इस अवसर पर वंशी की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

महज 12 वर्ष की आयु में पत्रकारिता की शुरुआत करने वाली वंशी वर्तमान में इसी कॉलेज में पत्रकारिता के प्रथम वर्ष की छात्रा हैं।

हाल ही में उन्हें तेलंगाना सरकार की संस्था वी-हब में 'शी साइट ग्लोबल' द्वारा फ्लाई हाई वूमेन अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

प्रेरणादायक खबरें प्रस्तुत करने के लिए उनका नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया जा चुका है।

# सीनियर सिटिजन एसोसिएशन प्रतिनिधिमंडल ने हाइड्रा कमिश्नर रंगनाथ से की मुलाकात



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

प्रगतिनगर सीनियर सिटिजन एसोसिएशन के अध्यक्ष सी.एच. कामैया ने सोमवार को हाइड्रा कमिश्नर रंगनाथ से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।इस दौरान कामैया ने प्रगतिनगर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से कमिश्नर को अवगत कराया और उन्हें एसोसिएशन कार्यालय आने का आमंत्रण भी दिया। इस पर कमिश्नर रंगनाथ ने आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही सीनियर सिटिजन एसोसिएशन कार्यालय का दौरा करेंगे।एसोसिएशन के सदस्यों ने अध्यक्ष द्वारा उठाए गए इस पहल की सराहना करते हुए इसे वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# बांसवाड़ा में अवैध सिलेंडर का रैकेट ज़ोरों पर

## एक सिलेंडर 2500 रुपये में बेचा जा रहा




**बांवाड़ा, 24 मार्च (एजेंसियां)।**
बांसवाड़ा शहर में ब्लॉक गैस सिलेंडर का रैकेट ज़ोरों पर चल रहा है। एक सिलेंडर 2500 रुपये में बेचा जा रहा है। किसी को पता भी नहीं चलता, वे सिलेंडर की सील हटाकर आधा खाली सिलेंडर भरकर 2500 रुपये में बेच रहे हैं। वे सील हटाकर रैकेट ऐसे चला रहे हैं जैसे खाली सिलेंडर हों। हालांकि, स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। संगमेश्वर कॉलोनी में सिलेंडर की सील हटाकर खाली सिलेंडर में गैस भरते समय.. जब स्थानीय लोगों ने उन्हें देखा और उनका पीछा किया, तो ड्राइवर ने एक ऑटो से एक्सीडेंट कर दिया और ऑटो को सड़क पर छोड़कर भाग गया। जब स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया.. तो पुलिस आई और ऑटो को थाने ले गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडर निज़ामसागर से बांसवाड़ा ले जाकर बेचे जा रहे हैं। लोग सिविल सप्लाई अधिकारियों पर आरोप लगा रहे हैं, जिनका काम यह पक्का करना है कि लोगों को गैस की कमी न हो, वे पिछले कुछ दिनों से नाम मात्र की जांच करने में आलस कर रहे हैं।

# आंध्र पुलिस ने कथित तौर पर युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के आरोप में तीन संदिग्धों को दबोचा

**विजयवाड़ा, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
आंध्र प्रदेश के प्रति-गुप्तचर शाखा ने सोशल मीडिया मंचों के जरिए लोगों को कट्टर बनाने और प्रतिबंधित संगठनों के साथ संपर्क में रहने के आरोप में तीन युवाओं को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने कहा कि प्रति-गुप्तचर शाखा और टास्क फोर्स पुलिस बल ने मोहम्मद रहमतुल्ला शरीफ, मिर्ज़ा सोहेल बेग और बेग मोहम्मद दानिश को टाउन एरिया से गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी के मोबाइल फोन जब्त कर लिये हैं।



तीनों युवाओं की उम्र करीब 20 साल है। उनके ऊपर व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम और टेलीग्राम आदि के जरिए कट्टरपंथी विचारधारा फैलाकर युवाओं को बरगलाने का आरोप है। सूत्रों के अनुसार, तीनों युवा पाकिस्तान में संचालकों के साथ संपर्क में थे।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों में से दो विजयवाड़ा के पुराने शहर स्थित विंचिपेट में रहते हैं, जबकि एक अन्य युवक भवानीपुरम में रहता है। सूत्रों के अनुसार, रहमतुल्ला शरीफ मोटरसाइकिल चालक के रूप में काम करता है, सोहेल बेग एक बिरयानी होटल में और दानिश यहां ऑटोनगर स्थित एक वर्कशॉप में मैकेनिक के तौर पर काम करता है। ये तीनों युवक 'वन टाउन' स्थित एक मस्जिद में नियमित रूप से मिलते थे और कथित तौर पर देश भर में कम से कम 10 समान विचारधारा वाले लोगों से इनके संबंध थे।पुलिस ने बताया कि जांच में रहमतुल्ला शरीफ के फोन पर विस्फोटक बनाने की सामग्री से जुड़ी खोज की गयी थी। पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत मामले दर्ज किए हैं। टास्क फ़ोर्स के सहयोग से, प्रति-गुप्तचर सेल उनसे पूछताछ कर रहा है, ताकि पूरे नेटवर्क का पता लगाया जा सके और ऐसे और भी लोगों की पहचान की जा सके जो इससे प्रभावित हैं।

# संतोष नगर पुल का काम जून तक पूरा होगा : नगर निगम आयुक्त

**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के आयुक्त आर.वी. कर्णन ने मंगलवार को अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को चंचलगुडा-संतोष नगर स्टील फ्लाईओवर का निर्माण जून तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं।



श्री कर्णन ने मंगलवार सुबह संतोष नगर में चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्माण की गति तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जून को कार्य पूरा करने की अंतिम समय-सीमा माना जाना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त के साथ चारमीनार क्षेत्र के आयुक्त श्रीनिवास रेड्डी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# ओलावृष्टि और भारी बारिश से थमी हैदराबाद की रफ़्तार, जनजीवन अस्त-व्यस्त



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** मंगलवार (24 मार्च) की शाम हैदराबाद के कई हिस्सों में ओलावृष्टि के साथ हुई मूसलाधार बारिश ने शहर को पूरी तरह से ठप कर दिया। भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलजमाव हो गया और पूरी सिटी में भीषण ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। अपने दफ्तरों से घर लौट रहे यात्रियों को घंटों सड़क पर बिताने पड़े। सोशल मीडिया पर कई लोगों ने गिरते हुए ओलों के वीडियो और तस्वीरें साझा कीं, जिनमें ओलों का आकार देखकर लोग हैरान रह गए।बारिश उस समय शुरू हुई जब ऑफिस से छुट्टी होने का पीक समय था, जिससे मुख्य सड़कों पर स्थिति और खराब हो गई। कई स्थानों पर यातायात लगभग थम सा गया और प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें देखी गईं। आईटी कॉरिडोर, विशेष रूप से गचीबोवली और बायोडायवर्सिटी जंक्शन के आसपास, यात्रियों ने बताया कि ग्रिडलॉक के बीच केवल वाहनों की लाल टेल-लाइट्स की कतारें ही नजर आ रही थीं।

तेज हवाओं और तूफान के कारण गचीबोवली और डीएलएफ मार्ग के बीच एक बिजली का खंभा और एक बड़ा पेड़ सड़क पर गिर गया, जिसके चलते अधिकारियों को अस्थायी रूप से यह रास्ता बंद करना पड़ा। आईटी कॉरिडोर के अन्य हिस्सों में भी तेज हवाओं के कारण पेड़ गिरने से यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ।

पेड़ गिरने की सभी घटनाओं पर आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमों ने तुरंत कार्रवाई की। देर रात तक गिरे हुए पेड़ों और मलबे को हटाकर सड़कों को साफ कर दिया गया ताकि यातायात बहाल हो सके। आधी रात के बाद ही शहर की सड़कों पर स्थिति सामान्य हो पाई।

# तेलंगाना की नई एत नीति की सोशल मीडिया पर धूम: सरकारी कर्मचारियों को मिलेगी 20% तक की भारी छूट



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
तेलंगाना के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने मंगलवार को देश की पहली ऐसी पहल की घोषणा की, जिसके तहत राज्य सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों (एत) पर सरकारी कर्मचारियों के लिए 20 प्रतिशत तक की छूट सुनिश्चित की है। इस ऐतिहासिक फैसले की इंटरनेट पर मास्टरस्ट्रोक के रूप में सराहना की जा रही है।

राज्य के 5 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारियों के लिए लाई गई इस नीति को वैश्विक ईंधन संकट के समाधान के रूप में देखा जा रहा है। नेटिज़न्स और पर्यावरण प्रेमियों ने 20% की खरीद छूट और 100% रोड टैक्स माफी की जमकर तारीफ की है। जानकारों का कहना है कि यदि अन्य महानगरों में भी ऐसे कदम उठाए जाएं, तो भारत में 'क्लीन मोबिलिटी' (स्वच्छ परिवहन) की दिशा में तेजी से बदलाव आएगा।आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, सरकार ने महिंद्रा इलेक्ट्रिक, ओला इलेक्ट्रिक, ग्रावटन मोटर्स और एथर एनर्जी जैसे प्रमुख ईवी निर्माताओं के साथ कई दौर की बातचीत के बाद यह छूट हासिल की है।



दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार दि. 24.03.2026 को हैदराबाद स्थित लोक भवन में तेलंगाना के माननीय राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की और उन्हें तेलंगाना राज्य में चल रही रेल परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।



सीबीएन नगर, रसूलपुरा में जरूरतमंदों में हरी मिर्च वितरत करते हुए समो सेवी संतोषचंद श्रीश्रीमाल।

# रामनवमी शोभायात्रा के लिए राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को दिया गया आमंत्रण



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**
भाग्यनगर श्री राम नवमी उत्सव समिति के प्रतिनिधिमंडल ने तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को 27 मार्च को आयोजित होने वाली भव्य रामनवमी शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए औपचारिक आमंत्रण दिया।यह शोभायात्रा सीताराम बाग मंदिर से पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। समिति द्वारा राज्यपाल को निमंत्रण देकर कार्यक्रम की गरिमा और महत्व को रेखांकित किया गया है।

इस अवसर पर उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. भगवंत राव, उपाध्यक्ष एम. वाईकुठम, विहिप के बालस्वामी, महेंद्र व्यास, श्रीराम व्यास सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उन्होंने राज्यपाल को कार्यक्रम की रूपरेखा और शोभायात्रा के मार्ग की जानकारी भी दी।समिति के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि राज्यपाल की उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष प्रतिष्ठा मिलेगी और शहर में रामनवमी का उत्सव और अधिक भव्यता के साथ मनाया जाएगा।

# हैदराबाद-विजयवाड़ा हाईवे पर बनेगा राज्य का पहला डबल-डेकर फ्लाईओवर, केंद्र ने दी 940 करोड़ की मंजूरी



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
विजयवाड़ा की ओर जाने वाले व्यस्त राष्ट्रीय राजमार्ग-65पर यात्रा करने वालों के लिए बड़ी खुशखबरी है। वनासथलीपुरम के पनामा जंक्शन से हयातनगर के बीच 5.5 किलोमीटर के सबसे भीड़भाड़ वाले हिस्से पर अब वाहन हवा से बातें करेंगे। केंद्र सरकार ने इस खंड पर 940 करोड़ की लागत से बनने वाले राज्य के पहले डबल-डेकर एलिवेटेड कॉरिडोर को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

सड़क एवं भवन निर्माण मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि राज्य सरकार इस प्रस्ताव पर केंद्र के साथ लगातार संपर्क में है। पूरी संभावना है कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की वर्ष 2026-27 की वार्षिक योजना में शामिल कर लिया जाएगा।प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर की खासियत यह है कि इसके ऊपरी स्तर पर मेट्रो रेल लाइन होगी, जबकि निचले स्तर पर सड़क यातायात के लिए छह लेन का हाईवे बनाया जाएगा। मंत्री ने कहा कि सरकार इस 5.5 किमी के दायरे में आने वाली 65 आवासीय कॉलोनियों के निवासियों की समस्याओं से वाकिफ है। इस दो-स्तरीय संरचना के साथ बनने वाली सर्विस रोड स्थानीय यातायात के लिए निर्बाध रास्ता सुनिश्चित करेगी।मंत्री वेंकट रेड्डी ने बताया कि इसी तरह का 1.2 किमी का एक और डबल-डेकर रोड भेल से मदीनागुड़ा तक बनाने की योजना है। ये कॉरिडोर 'नागपुर मॉडल' पर आधारित हैं। उन्होंने बताया कि जब वह लोकसभा सदस्य थे, तब उन्होंने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के सामने इन परियोजनाओं का प्रस्ताव रखा था।

# अग्रवाल समाज घांसीबाजार झूला शाखा द्वारा सामूहिक गणगौर पूजन सम्पन्न



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज घांसीबाजार झूला शाखा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री राणी सती दादी जी के मंदिर में एकदिवसीय सामूहिक गणगौर पूजन का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम का संचालन शाखा की महिला समिति की प्रधान संयोजिका शर्मिला अग्रवाल के संयोजकत्व में हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सहसंयोजिकाओं मीना अग्रवाल, पुष्पा संघी, मीनू गर्ग, हेमा अग्रवाल, सपना अग्रवाल, सारिका अग्रवाल एवं राधा अग्रवाल ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। आयोजन के दौरान समिति की महिलाओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ सभी व्यवस्थाओं का संचालन किया।इस अवसर पर लगभग 400 सुहागिन महिलाओं ने विधि-विधान से गणगौर का पूजन किया। पूजन के पश्चात आगंतुक महिलाओं को सुहाग के प्रतीक के रूप में बिंदी, चूड़ियां, मेहंदी कोन एवं चुनड़ी भेंट स्वरूप प्रदान किए गए, जिससे कार्यक्रम का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व और अधिक बढ़ गया।कार्यक्रम में शाखाध्यक्ष अनिल अग्रवाल धरसूवाला, उपाध्यक्ष शिव भगवान अग्रवाल बॉयवाला, मानद मंत्री मनोज मित्तल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल सौलानावाला, भूतपूर्व अध्यक्ष गोविंद राम पचेरिया तथा परामर्शदाता योगेन्द्र कटारुका सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। सभी ने इस प्रकार के आयोजनों को समाज की परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने वाला बताया।



रसुलपुरा सिकंदराबाद मे सिरोहि जैन संघ चेन्नई से पधारे दिक्षार्थी मोहित हरण एवं उनके संसारी माता व पिता पूजा व अमर हरण का श्री सिरोही जैन संघ सिकंदराबाद की ओर से स्वागत करते हुए अशोक चौधरी, सैलेश सिंघी, राजेन्द्र भंडारी, हसमुख हरण, नीता बाफना, सुनीता हरण, मीना चौधरी, उत्तम सिंघी, विकास सिंघी, विनोद भंडारी, ललीत बाफना, वसंत भंडारी चेतन हरण एवं अन्य।

# हैदराबाद की ताहा पेरिस फैशन वीक स्प्रिंग/समर 2027 में बिखेरेंगी जलवा



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** हैदराबाद की प्रतिभाशाली और गतिशील व्यक्तित्व, ताहा बेगम को प्रतिष्ठित पेरिस फैशन वीक (स्प्रिंग/समर 2027) में भाग लेने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। यह आयोजन 28 सितंबर से 6 अक्टूबर 2026 तक पेरिस में आयोजित किया जाएगा।

एक निपुण शिक्षाविद् और समर्पित पेशेवर, ताहा बेगम वर्तमान में स्पोर्ट्स विलेज हैदराबाद की मुख्य परिचालन अधिकारी (उजज) और स्पोर्ट्स प्रमोटर के रूप में कार्यरत हैं। वह बुद्धिमत्ता, शालीनता और नेतृत्व का एक बेहतरीन मिश्रण हैं।

उन्हें विशेष रूप से साड़ी श्रेणी में चुना गया है, जहाँ वह अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस यात्रा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में, वह अपनी विशेष डिजाइनर साड़ी लाइन अमरीन भी लॉन्च करेंगी, जो परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम है।

उनकी इस उपलब्धि में स्पोर्ट्स विलेज के सीईओ मोहम्मद शम्सुद्दीन का विशेष सहयोग रहा है, जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से उनके निवास पर जाकर उन्हें बधाई दी। पेशेवर उपलब्धियों के अलावा, ताहा बेगम महिला कल्याण (विशेषकर मातृ स्वास्थ्य) और वंचित बच्चों की शिक्षा के लिए भी गहराई से समर्पित हैं। पेरिस फैशन वीक में उनकी उपस्थिति न केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि हैदराबाद और पूरे भारत के लिए गर्व का क्षण है।

# भावुक कर दिया राधे-राधे ग्रुप ने : जय प्रकाश सारडा



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के संयोजन में इंडो अमेरिकन कैंसर हॉस्पिटल के सामने केबीआर पार्क पर मंगलवार को आयोजित नियमित अन्नदान कार्यक्रम एक विशेष अवसर बन गया, जब ग्रुप के सदस्य जय प्रकाश सारडा ने अपने जन्मदिवस के मौके पर अपने भाव व्यक्त किए।इस अवसर पर जय प्रकाश सारडा ने भावुक होते हुए कहा कि राधे-राधे ग्रुप ने आज उन्हें सचमुच भावुक कर दिया। उन्होंने बताया कि सुबह नामपल्ली में ग्रुप के सदस्यों द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया गया, और इसके बाद केबीआर पार्क पर भी उसी आत्मीयता और प्रेम के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।उन्होंने कहा कि आज का दिन मेरे जीवन के सबसे यादगार दिनों में से एक बन गया है। राधे-राधे ग्रुप केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक परिवार है, जहां हर सदस्य एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़ा रहता है। यहां सेवा के माध्यम से जो अपनापन और सम्मान मिलता है, वह शब्दों में व्यक्त करना कठिन है।जय प्रकाश सारडा ने आगे कहा कि राधे-राधे ग्रुप के साथ जुड़ना वास्तव में एक पुण्य का कार्य है। जरूरतमंदों की सेवा कर जो आत्मसंतोष मिलता है, वही सच्ची खुशी है। उन्होंने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के सेवा कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और दूसरों को भी प्रेरित करते हैं।इस दौरान ग्रुप के अन्य सदस्यों ने भी जय प्रकाश सारडा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अन्नदान कार्यक्रम के तहत जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया गया, जिससे कार्यक्रम का माहौल और भी सेवा व संवेदना से ओत-प्रोत हो गया। इस अवसर पर सुभाष अग्रवाल, मनीष अग्रवाल,हरीश तोलाराम हिंदूजा, संजय गुप्ता सहित राधे-राधे ग्रुप के सदस्यों उपस्थित थे।

## कार्टून कॉर्नर



# एलपीजी संकट पर बीआरएस का विरोध प्रदर्शन

## केटीआर ने केंद्र और राज्य सरकार पर साधा निशाना

**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों और विधान परिषद सदस्यों ने मंगलवार को एलपीजी की कमी को लेकर गन पार्क पर विरोध प्रदर्शन किया और गैस सिलेंडरों के पोस्टर दिखाकर समस्या की गंभीरता को दर्शाया।



बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामाराव (केटीआर) ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि युद्ध के बाद उत्पन्न स्थिति के कारण एलपीजी की भारी कमी से आम लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने केंद्र सरकार पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार भले ही कमी से इनकार कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत बेहद गंभीर है। केटीआर ने कहा कि राज्य सरकार ने भी इस मामले में यह कहकर अपनी असमर्थता जताई है कि पेट्रोलियम क्षेत्र केंद्र के अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने यह आशंका भी जताई कि भविष्य में 14 किलोग्राम के मानक एलपीजी सिलेंडर को घटाकर 10 किलोग्राम किया जा सकता है।

केंद्र और राज्य दोनों सरकारों पर आम लोगों पर बोझ डालने का आरोप लगाते हुए केटीआर ने कहा कि जनता दो बैलों की लड़ाई में फंसे बछड़े की तरह परेशान हो रही है। उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण एलपीजी की कमी अब एक बड़ा मुद्दा बन गया है।बीआरएस नेता ने आरोप लगाया कि एक ओर केंद्र सरकार कमी से इनकार कर रही है, जबकि दूसरी ओर राज्य सरकार आपूर्ति की बाधाओं का हवाला दे रही है, जिससे दोनों ही जनता को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से तत्काल कदम उठाकर एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने और इस संबंध में स्पष्ट बयान जारी करने की मांग की, ताकि आम लोगों को असुविधा न हो।

# राज्यपाल संतोष गंगवार को भेंट की गई 'पीआर सफलता का एक साधन' पुस्तक



**रांची, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** इंटरनेशनल चैंबर्स ऑफ़ पब्लिक रिलेशंस राष्ट्रीय अध्यक्ष, भारत गौरव पुरस्कार और ग्लोबल आइकॉन पुरस्कार प्राप्तकर्ता डॉ. अजय कुमार अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार भेंट तथा अपनी पुस्तक 'पीआर सफलता का एक साधन' राज्यपाल को भेंट की और दैनिक जीवन में जनसंपर्क की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने राज्यपाल को बताया कि जनसंपर्क न केवल व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में सहायक होता है, बल्कि जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

राज्यपाल गंगवार ने पुस्तक लेखन के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि वे स्वयं भी अपने दैनिक जीवन में जनसंपर्क के महत्व को समझते हैं और इसका नियमित उपयोग करते हैं।

राज्यपाल ने देश के युवाओं को भी सलाह दी कि वे जनसंपर्क जैसे प्रभावी साधन का उपयोग कर अपने जीवन में सफलता प्राप्त करें। इस अवसर पर मेदांता ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन सैयद अंसारी भी उपस्थित थे।

# बदहाल सड़क से राहगीर परेशान पूर्व कॉर्पोरेटर ने किया निरीक्षण



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मंगलहाट डिवीजन के रहीमपुरा झंडा स्थित आशिकी गली की जर्जर सड़क अब जल्द सुधरेगी। स्थानीय लोगों की शिकायतों के बाद पूर्व कॉर्पोरेटर परमेश्वरी सिंह लोध ने क्षेत्र का दौरा किया। सड़क की खराब स्थिति के कारण पैदल यात्रियों और वाहन चालकों को हो रही परेशानियों को देखते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मरम्मत या नई सीसी रोड बनाने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान नरेश सिंह, शशिराज सिंह और अन्य स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# कांग्रेस में आंतरिक असंतोष के बीच महेश कुमार गौड़ की जीवन रेड्डी से मुलाकात



**जगतियाल, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ ने मंगलवार को कांग्रेस सचिव सचिन सावंत और पार्टी व्हिप अदि श्रीनिवास के साथ जगतियाल पहुंचकर पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता टी. जीवन रेड्डी से मुलाकात की।

सूत्रों के अनुसार, श्री गौड़ ने श्री रेड्डी के आवास पर उनसे विस्तृत चर्चा की। हाल ही में श्री रेड्डी ने पार्टी के भीतर कुछ घटनाक्रमों को लेकर असंतोष जताते हुए पत्र लिखे थे।

जगतियाल नगर स्थित अपने आवास पर श्री रेड्डी ने मुलाकात के लिए आए सभी मेहमानों का स्वागत किया।कांग्रेस पार्टी में हाल के आंतरिक घटनाक्रमों के मद्देनजर इस बैठक को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जहां पार्टी नेतृत्व वरिष्ठ नेताओं की चिंताओं को दूर करने और संगठन में एकजुटता बनाए रखने के प्रयास में जुटा है।

# खाड़ी देश कतर में तेलंगाना के श्रमिक की मौत, खाड़ी समिति के सहयोग से पार्थिव शरीर पहुँचा पैतृक गांव

**जगतियाल, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रोजगार की तलाश में खाड़ी देश गए तेलंगाना के एक और श्रमिक की बीमारी के कारण मृत्यु हो गई। जगतियाल जिले के कोरुटला मंडल के मदापुर गांव निवासी बोम्मा मधु (34), जो दो साल पहले बेहतर भविष्य के सपने लेकर कतर गए थे, पिछले एक महीने से गंभीर रूप से बीमार थे और वहां के एक अस्पताल में उपचाराधीन थे।

जैसे ही मधु की बीमारी की खबर उनके परिवार तक पहुँची, उन्होंने तेलंगाना गल्फ समिति से संपर्क किया। समिति ने न केवल मधु के स्वास्थ्य की स्थिति पर दैनिक नजर रखी, बल्कि लगातार परिवार को अपडेट भी देती रही। हालांकि, तमाम प्रयासों के बावजूद मधु के स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ और बीते 18 मार्च को उनका निधन हो गया।

खाड़ी देशों में स्थिति में सुधार होते ही, गल्फ समिति ने तत्परता दिखाते हुए सभी आवश्यक कानूनी और यात्रा संबंधी औपचारिकताएं पूरी कीं। 23 मार्च को मधु का पार्थिव शरीर सफलतापूर्वक उनके गृह ग्राम पहुँचाया गया। इस दुखद घड़ी में निरंतर सहयोग के लिए परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों ने तेलंगाना गल्फ समिति का हृदय से आभार व्यक्त किया।




सराहनीय कार्य के लिए साटा के क्षेत्रीय अध्यक्षोंमल्लेशन, श्रीनिवास माचा और तेजा पल्लम ने भी तेलंगाना गल्फ समिति के प्रयासों की प्रशंसा की और उन्हें इस मानवीय कार्य के लिए बधाई दी।

# डॉ. राममनोहर लोहिया कौशल विकास केंद्र का शिलान्यास, युवाओं को मिलेगा नया अवसर



**बहरागोड़ा (पूर्वी सिंहभूम), 23 मार्च।** समाजवादी चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया की 116वीं जयंती के अवसर पर बहरागोड़ा के बरसोल मौजा में डॉ. राममनोहर लोहिया चैतन्यता एवं कौशल विकास केंद्र का भूमि पूजन और शिलान्यास किया गया। यह केंद्र क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं को आधुनिक कौशल प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए और केंद्र को युवाओं के लिए रोजगार-ोन्मुखी पहल बताया। विधायक समीर मोहंती ने कहा कि इस केंद्र से युवाओं को प्रशिक्षण के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा।

पूर्व न्यायाधीश एवं लोहिया विचार मंच के अध्यक्ष टी. गोपाल सिंह ने इसे ऐतिहासिक पहल बताते हुए केंद्र के बुनियादी ढांचे के विकास में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। पूर्व विधायक कुणाल षड़ंगी द्वारा केंद्र के लिए चार एकड़ भूमि दान में दी गई है।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद् और समाजसेवी उपस्थित रहे। आयोजकों के अनुसार, केंद्र शुरू होने के बाद क्षेत्र में रोजगार सृजन, तकनीकी प्रशिक्षण और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

# अन्नदान के साथ जन्मदिन का अनमोल तोहफा : सुरेश सिंघल



**हैदराबाद, 24 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के सौजन्य से नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन, पिलर नंबर 1265 ए के पास आयोजित नियमित अन्नदान कार्यक्रम मंगलवार को सेवा, समर्पण और उत्साह का अद्भुत संगम बन गया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज तेलंगाना के पूर्व अध्यक्ष एवं ग्रुप के सक्रिय सदस्य सुरेश सिंघल का जन्मदिन अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और सेवा भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंदों को भोजन वितरित कर यह संदेश दिया गया कि सच्ची खुशी दूसरों की सेवा में ही निहित है।

इसी शुभ अवसर पर ग्रुप के एक अन्य सक्रिय सदस्य जयप्रकाश शारदा का जन्मदिन भी बड़े ही भव्य और गरिमामय ढंग से मनाया गया। दोनों सदस्यों के जन्मदिन को अन्नदान सेवा से जोड़ते हुए राधे-राधे ग्रुप ने समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया कि कैसे व्यक्तिगत खुशियों को जनसेवा के माध्यम से सार्थक बनाया जा सकता है।

कार्यक्रम का एक विशेष और भावनात्मक क्षण तब देखने को मिला जब राधे-राधे ग्रुप हैदराबाद के संयोजक मंडल की ओर से कैलाश केडिया एवं महेश गुप्ता ने सुरेश सिंघल और जयप्रकाश शारदा का सम्मान कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस सम्मान समारोह ने आयोजन को और भी गरिमा प्रदान की तथा उपस्थित सभी सदस्यों में सेवा के प्रति नई ऊर्जा का संचार किया।

अपने उद्बोधन में सुरेश सिंघल ने भावुक होते हुए कहा कि राधे-राधे ग्रुप आज एक परिवार के रूप में कार्य कर रहा है, जो हर सदस्य के सुख-दुख में साथ खड़ा रहता है।

उन्होंने कहा, मेरा जन्मदिन जिस उत्साह, प्रेम और सेवा भावना के साथ मनाया गया, वह मेरे लिए जीवन का सबसे अनमोल तोहफा है। मैं इस परिवार का सदैव ऋणी रहूंगा। वहीं जयप्रकाश सारडा ने भी ग्रुप के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनते हैं और हर व्यक्ति को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए।इस अन्नदान सेवा कार्यक्रम में राम प्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, कैलाश केडिया, निर्मला केडिया, प्रीतिका अग्रवाल, जगन एलाकुर्ती (चंपापेट), नंद किशोर अग्रवाल, भगतराम गोयल, संजय गोयल, किरण गोयल, सोहनलाल दायमा, महेश गुप्ता, जय प्रकाश सारड़ा, महेश अग्रवाल, कमला देवी कुमावत, भाकर राम कुमावत, दीपक अग्रवाल, रविन्द्र शर्मा एवं मनीष चिंडालिया सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर इस सेवा कार्य को सफल बनाया।




॥ श्री हरिः ॥ उठावना ॥ श्री हरिः ॥

श्रीमती पुष्पा वर्मा (जांगलवा)

(धर्मपत्नी : स्व. श्री जेठमलजी) (जांगलवा)

स्वर्गवास : रविवार, दि. 22.03.2026

उठावना आज बुधवार दि. 25 मार्च 2026 को दोपहर 12 से 1 बजे निवास स्थान हरी बावली, शाह अली बंडा, हैदराबाद पर होगा।

शोकाकुल

गोविन्द, श्रीनिवास एवं समस्त जांगलवा परिवार।

फर्म : जेठमल गोविन्द जांगलवा

पता निवास : म.नं.23-6-149, गोल्डन पटेल फंक्शन हॉल के सामने, हरि बावली, शाह अली बंडा, हैदराबाद

मोबाइल नं.: 8019472583,7780462299



आँठवी पुण्यतिथि



स्वर्गवास : 25-03-2018

स्व. श्री विनोदजी हाम्बड़

सुपुत्रः श्री मोहनलालजी हाम्बड़

प्रेम मिला जो आपसे, वह कभी भुला नहीं हम पाएँगे।
आपके आशीर्वाद से हम सदैव सदमार्ग को अपनाएँगे ।।

----- श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता -----

नारायणलाल (बडे पापा), मोहनलाल सुगीदेवी (माता-पिता), कुसुमदेवी (पत्नी), कनिश, समिक्ष, जसवीर, तुषार (पुत्र), धनश्री, लखिता (पुत्री), रावतराम, बाबूलाल (काकोसा), चन्दूलाल, झुमन, धर्माराम, दिलीप, नौरत, ताराराम, कुनराज, शंकर, कन्हैयालाल (भाई), दिव्या, सुनिता, पिंकी, नाथीदेवी, गनकीदेवी, इन्द्रादेवी, रेखा (बहन), घनिष्का (भाणजी) एवं समस्त हाम्बड़ परिवार

फर्म : मोहनलाल चौधरी ज्वैलर्स, मैन रोड़ कीसरा
मोहनलाल चौधरी ज्वैलर्स, कुशाईगुडा 9948177436

AAIMAA ADS



शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Army No. 15814191Y Nk JADHAV NARAYAN BALU of Adm Bn, AOC Records, C/o.56 APO that my father name and DOB is to be changed from BALU, DOB:25-12-1965 to BALU RAMA JADHAV, DOB:01-01-1967 and my mother name and DOB is to be changed from SHEVANTA, DOB:02-04-1969 to SHEVANTA BALU JADHAV, DOB:01-01-1969.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, SAWOU BAI, W/o . SC No. 6943808-A. Rank: HAV/CHEFCOM, KENDRE SURYAKANT GOVINDRAO R/O. WAGDRWADI (v) PO: MALAKOLI, TEHSIL- LOHA Distt - NANDED STATE: MAHARASHTRA Pin No.431708, and I have change my name & DOB From SAMOU BAI & 15-05-1983 to SAWOUBAI SURYAKANT KENDRE & 15-03-1983 in my husband service records.




श्री बालाजी सेवा समिति द्वारा रामदेवरा दरबार, शिवरामपल्ली में 'स्वर्ण कमल बालाजी मंदिर' के निर्माण करने पर चेयरमैन कमलकिशोर जाजू का सम्मान करते हुए महेश बैंक के पूर्व चेयरमैन रमेश कुमार बंग, पूर्व निदेशक रामप्रकाश भण्डारी, निदेशक कैलाश मंत्री, दीपक कुमार बंग, अमित लड्डा, नवलकिशोर बंग, गोपाल भण्डारी, महेश बजाज, श्यामसुन्दर तिवारी, लक्ष्मीनिवास सारडा, घनश्याम बंग, राजेश तोषनीवाल एवं अन्य ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.

सर्वे भवन्तु सुखिनः

Regd No. 160/98

मानव सेवा-माधव सेवा

# अग्रवाल समाज (रजि.) तेलंगाना

301, तीसरा माला, राघव रत्ना टॉवर्स, चिराग अली लेन, आबिड्स, हैदराबाद

Email : agarwalsamajtelangana.gmail.com | Website : www.agarwalsamajtelangana.com | M : 8919909873

## अपनों से अपनी बात...

अग्रवाल समाज, तेलंगाना के अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता ने संगठन को और अधिक प्रभावी एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से नरेंद्र कुमार गोयल को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही, संगठन के सुचारू संचालन के लिए 65 विभिन्न समितियों का गठन किया गया है तथा प्रत्येक समिति के लिए चेयरमैन की नियुक्ति भी की गई है। अग्रवाल समाज, तेलंगाना के उद्देश्यों की प्राप्ति, समाज के सभी सदस्यों को एकजुट करने और कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

## VARIOUS COMMITTEES AND IT'S CHAIRMAN

**Narender Kumar Goyal**
Dharmik Yatra Committee
Srinagar Colony Shakha
Mobile : 9848023972

**Suresh Kumar Singhal**
Arbitration & Disciplinary Committee,
Shyam Mandir Shakha
Mobile : 9848017740

**Munnalal Agarwal**
Fish Medicine Committee
Agrasen Marg Shakha
Mobile : 9000291000

**Suresh Agarwal (Delhi Wala)**
Dampathi Samellan
Agrasen Marg Shakha
Mobile : 9440009883

**Gopal Mor**
Co-Ordination With Other Agarwal Samstha
Committeem, Ameerpet Shakha
Mobile : 9848055751

**Mukund Lal Agarwal**
Media & Publicity Committee
Agrasen Marg Shakha
Mobile : 9396222880

**Arun Dokatiya**
Govt & Other Institution Co-Ordination
Committee, Attapur Shakha
Mobile : 9030033321

**Anjani Kumar Agarwal**
Srisailam Project Committee
Secunderabad North
Mobile : 9394500051

**Pramod Kumar Saraiwala**
Kanya Vivah Sabyata Kosh Committee
Agrasen Marg Shakha
Mobile : 9849311563

**Ramnivas Bansal**
Anti Drug Menace Committee
Ameerpet Shakha
Mobile : 9000999975

**Ramakant Goel**
Agrasen Rath Yatra
Hyderguda Shakha
Mobile : 9391034050

**CA Madhusudan Agarwal**
Constitution Committee
Hyderguda Shakha
Mobile : 9959505670

**Narender Kumar Goyal**
Marriage Counselling Committee
Srinagar Colony Shakha
Mobile : 9848023972

**Ajay Agarwal**
Marriage Data Committee
Hyderguda Shakha
Mobile : 9396970369

**Mahaveer Prasad Agarwal**
Plantation Committee
Malakpet Shakha
Mobile : 9246340476

**Dr Seema Jain**
Ladies Exibition Committee
Kukatpally Shakha
Mobile : 9952968363

**Mayaram Agarwal**
Blood Bank Camp Committee
Hyderguda Shakha
Mobile : 9397053525

**Kiran Tayal**
Artificial Limbs & Caliper Distribution
Committee, Ghansi Bazar Jhula Shakha
Mobile : 9848016381

**Dr Ajai Agarwal**
Youth Carrier & Education Counselling,
Training & Job, Srinagar Colony Shakha
Mobile : 9966378855

**Ashok Bansal**
Eye Donation Committee
Rikabgunj Shakha
Mobile : 9848273863

**Krishna Kumar Agarwal**
Shakha Vistra Samiti (Youth) &
Co-Ordination Committee, Sunrisevalley Shakha
Mobile : 9346234758

**Janardhan Sureka**
Samuhik Vivah Committee
Ameerpet Shakha
Mobile : 9490749993

**CA Rajgopal Agarwal**
Taxation Committee
Kothapet Shakha
Mobile : 7799550000

**Ramprakash Agarwal**
Medical Camp Committee
Secunderabad North Shakha
Mobile : 9391014283

**Satish Saraiwala**
Agra Katha Committee
Ghansi Bazar Shakha
Mobile : 9705078062

**Prashanth Dev Gupta**
Box Cricket Committee
Attapur West Shakha
Mobile : 8801712331

**Uday Gupta**
A2A Business Netwoking Committee
Kompally Shakha
Mobile : 9391049736

**Mukesh Kedia**
Agamanjusta Committee
Muralinagar Shakha
Mobile : 9290445631

**Naval Kishore Bansal**
Corporate Job
Banjara Hills Central Shakha
Mobile : 9246500919

**Sanjay Gupta**
Group Medical Insurance
Himayathnagar Shakha
Mobile : 9866188816

**Shesh Kumar Goel**
Eye Camp Committee
Urdugali Shakha
Mobile : 9293929312

**Ritesh Jagnani**
Summer Relief Committee
Ameerpet Shakha
Mobile : 9396577839

**Ramesh Agarwal**
Sawan Ki Sair Committee
Shyam Mandir Shakha
Mobile : 8106879444

**Mahender Agarwal (Kothapet)**
Shakha Vistra Samiti (District) Committee
Kothapet Shakha
Mobile : 9247497115

**Rajkumar Agarwal**
Social Media Committee
Kothapet Shakha
Mobile : 9966222277

**D P Agarwal**
Spiritual Alignment Committee
Himayat Nagar Shakha
Mobile : 9392458749

**Ritesh Jain**
Sports Committee
Banjara Hills Central Shakha
Mobile : 9949000041

**Pramod Mor**
Pharmacy/Drug Discount Committee
Abids Shakha
Mobile : 9247750681

**Pankaj Sanghi**
Tambola & Event Committee
Malakpet Shakha
Mobile : 9246581090

**Deepak Gupta (B S Gupta)**
Rath Yatra Committee (Iskon Committee)
Charminar Shakha
Mobile : 8008066000

**Sunil Kumar Agarwal**
Education & Media Help Committee
Nacharam Mallapur Shakha
Mobile : 9346153652

**Ajay Dochania**
Ekal Nari Shakti Yojna (Vidhawa Sahayak)
Agrasen Marg Shakha
Mobile : 9848512542

**Mukesh Agarwal**
Ews Welfare Committee
Attapur West Shakha
Mobile : 9681454545

**Anand Naredi**
Consumer Awareness Committee
Banjara Pachim Shakha
Mobile : 9949046676

**Praveen Gupta**
Business Exhibition & Seminar Committee
Agrasen Marg Shakha
Mobile : 9000303020

**Dinesh Kedia**
Full Field Cricket Committee
(Cricket Tournament), Muralinagar Shakha
Mobile : 9100399888

**Gopal Agarwal (Ramnagar)**
Ghar Ghar Agrasen Maharaja & Dhan Patra
Committee, Ramnagar East Shakha
Mobile : 9392436799

**Ashok Jindal**
Outstation Agarbandhu / Pravasi
Welfare Committee, Kothapet Shakha
Mobile : 9346234757

**Deepak Agarwal**
Proffessional Panel Committee
Agravanshi Shakha
Mobile : 9849547787

**Kamal Agarwal**
Dharam Rakshak Committee
Himayathnagar Shakha
Mobile : 9848238840

**Deepak Sarewala**
Food & Catering Organising Committee
Domalguda Shakha
Mobile : 7013103061

**Suresh Bansal**
It Cell
Attapur West Shakha
Mobile : 8686086257

**Sourabh Agarwal**
Legal Committee
Road No 12 Shakha
Mobile : 9849503777

**Harish Gupta**
Privilege Card
Somajiguda Begumpet Shakha
Mobile : 9910124991

**Jeetendar Agarwal**
Youth Events Committee
Gyanbagh Colony Shakha
Mobile : 8106383835

**M. Naresh Agarwal**
Youth Events Committee
Domalguda Shakha
Mobile : 9246520080

**Maya Devi Agarwal**
Kanyadaan Committee
Agrasen Marg Shakha
Mobile : 9246550960

**Meena Kedia**
Mahila Shakha Vistra Samiti
Attapur Shakha
Mobile : 9392473437

**Dr Seema Jain**
Gou Seva Committee
Kukatpally Shakha
Mobile : 9952968363

**Payal Saraf**
Mahila Cultural Committee
Agrasen Marg Shakha
Mobile : 8686266933

**Rinku Garg**
Agrasen Talent Committee Youth & Mahila
Rani Sati Dadi Mahila Shakha
Mobile : 7981087857

**Akruthi Goel**
Gst Committee
Attapur Shakha
Mobile : 9966310101

**Preeti Agarwal**
Woman Empowerment
Somajiguda Begumpet Shakha
Mobile : 9490115316

**Rachita Agarwal**
Tour Committee
Secunderabad Paradise Shakha
Mobile : 9866542352

## अग्रवाल समाज तेलंगाना केन्द्रीय पदाधिकारीगण

**अनिरुद्ध गुप्ता**
अध्यक्ष

**नरेंद्र कुमार गोयल**
कार्यकारी अध्यक्ष

**रुपेश अग्रवाल**
उपाध्यक्ष

**विकास केशान**
मानद मंत्री

**डॉ. सीमा जैन**
सह-मंत्री

**अचल गुप्ता**
कोषाध्यक्ष

**मनीष अग्रवाल**
निवर्तमान अध्यक्ष